सुप्रभात

रांची, शुक्रवार

17.05.2024

* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 302


12 विपक्ष का फार्मूला, हर साल नया पीएम : मोदी

## न्यूज डायरी

### संथाल में ठनका तीन बच्चों समेत छह की मौत

**दुमका।** संताल परगना के साहिबगंज और दुमका में ठनका से तीन बच्चों समेत 6 लोगों की मौत हो गयी। ये हादसा गुरुवार की दोपहर हुआ। साहिबगंज के तीनपहाड़, राजमहल, मंडरो व तालझारी तथा दुमका के चिरुडीह गांव में इन छह लोगों की मौत हुई। मरनेवालों में दो महिलाएं व एक बच्ची भी है। दुमका नगर के चिरुडीह गांव में वज्रपात में दो बच्चों की मौत हो गयी। मृतकों के नाम मिस्वाज अंसारी (12), मो इनायत हुसैन (8), राजमहल के पिपरजोरिया गांव में संतोष उरांव की दो बेटियां अनिता कुमारी (13) व रुमझुम कुमारी (11) शामिल है।

### आदिवासियों का हक छीना जा रहा है : राहुल

**बालंगीर।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने ओड़िशा के बालंगीर में कहा, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों, गरीबों और अल्पसंख्यकों की देश में कोई भागीदारी नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में न्याय नहीं हो रहा है। जल, जमीन और जंगल से आदिवासियों के हकों को छीना जा रहा है। न्याय के लिए हर एक वोट जरूरी है। उन्होंने कहा सरकार बनते ही जाति जनगणना करायेंगे, ताकि आदिवासी, पिछड़े, दलित और गरीब सामान्य जाति को उनकी आबादी और देश में भागीदारी का पता चल सके।

### सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत

**कोडरमा।** मदनगुंडी के पास गुरुवार की दोपहर कंटेनर और ऑटो की जोरदार टक्कर में ऑटो सवार दो महिलाओं की मौत हो गयी। वहीं ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

# मंत्री आलमगीर आलम छह दिन की इडी रिमांड पर

**टेंडर कमीशन घोटाला** जेल में बीती रात, आज से 22 तक होगी पूछताछ

**इडी ने कोर्ट में कहा**

- बरामद 35 करोड़ का संबंध मंत्री से
- हर टेंडर में 1.5 फीसदी कमीशन लेते थे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ठेकों में कमीशनखोरी की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में गिरफ्तार ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से ईडी छह दिनों तक अपने साथ रखकर पूछताछ करेगी। गुरुवार को पीएमएलए कोर्ट ने छह दिनों की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की इजाजत दी है। इडी ने 10 दिन के रिमांड की मांग की थी। शुक्रवार से उनकी रिमांड शुरू होगी। इस दौरान इडी की टीम उनसे बरामद पैसों का सोर्स जानने की कोशिश करेगी। कोर्ट में पेशी के बाद श्री आलम को न्यायिक हिरासत में लेते हुए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया।



### पीएमएलए कोर्ट में पेशी

इससे पूर्व गिरफ्तार आलमगीर आलम को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच इडी ने गुरुवार को पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा के समक्ष पेश किया गया। इडी ने आवेदन दे कर दस दिनों की रिमांड मांगी। आवेदन में कहा गया था कि 32.20 करोड़ रुपये जब्त नकदी का संबंध आलमगीर आलम से है, जो जहांगीर आलम द्वारा एकत्र किया गया था। इडी की ओर से एएसजी अनिल कुमार एवं शिव कुमार काका और आलमगीर आलम की ओर से अनिल कुमार कंठ ने बहस की। सुनवाई के बाद कोर्ट ने छह दिनों की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की अनुमति प्रदान की। अदालत ने आरोपी आलमगीर आलम को न्यायिक हिरासत में लेते हुए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया। इडी शुक्रवार को जेल से उन्हें अपने साथ पूछताछ के लिए ले जायेगी। पूछताछ 17 से 22 मई तक की जायेगी।

### कोर्ट ने पूछा नाम-पता

पेशी के दौरान कोर्ट ने आलमगीर आलम से नाम और पता पूछा। साथ ही स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। इस पर उनके वकील ने कहा गया कि उन्हें अनिंद्रा की बीमारी है। इसके लिए सीपीएपी मशीन की जरूरत पड़ती है। इसे साथ रखना है। कोर्ट ने पूछताछ के दौरान ईडी को आलमगीर आलम के स्वास्थ्य पर ध्यान रखने का निर्देश दिया। ईडी की ओर से कहा गया कि पूछताछ के दौरान स्वास्थ्य की पूरी तरह से विशेष ध्यान रखा जाता है।

### इडी ने किया खुलासा 1.5 फीसदी कमीशन जाता था मंत्री को

ईडी ने रिमांड के लिए दिये गये आवेदन में टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता में मंत्री की संलिप्तता की जानकारी कोर्ट को दी है। ईडी ने कोर्ट को बताया कि गवाहों के बयान और अलग-अलग दिनों में हुई छापेमारी में मिले सबूत यह बताते हैं कि आलमगीर आलम की भूमिका महत्वपूर्ण और निर्णायक है। ईडी ने कोर्ट को बताया कि ग्रामीण विकास विभाग के प्रत्येक टेंडर में आलमगीर आलम टेंडर राशि का 1.5 प्रतिशत वसूलते थे।

### पेशी के दौरान नारेबाजी पर कोर्ट खफा


मंत्री की पेशी के दौरान सिविल कोर्ट परिसर में उनके समर्थक नारेबाजी करने लगे। इससे कुछ समय के लिए वहां अशांति का वातावरण छा गया। नारेबाजी पर कोर्ट ने कड़ी आपत्ति जतायी। उनके वकील को ऐसा करने से मना करने को कहा गया। बाद में पुलिस प्रशासन ने सख्ती बरती।

## अमित शाह का आज रांची में रोड शो

- 19 को फिर आयेंगे मोदी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। इस दौरान शुक्रवार को श्री शाह रांची के चुटिया में शाम 5 बजे से रोड शो करेंगे। रोड शो चुटिया के इंदिरा गांधी चौक से सरस्वती शिशु मंदिर तक होगा। साथ ही लोगों से भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ के पक्ष में वोट देने की अपील करेंगे। शनिवार को श्री शाह बोकारो में जनसभा



को संबोधित करेंगे। इससे पहले श्री शाह ने झारखंड में पहले और चौथे चरण के चुनाव से पहले खूंटी में जनसभा की थी।

**वहीं पीएम मोदी** एक बार फिर चुनाव प्रचार करने 19 मई को झारखंड आ रहे हैं। वह जमशेदपुर से भाजपा उम्मीदवार विद्युत वरण महतो के समर्थन में घाटशिला में जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी मोदी और गृहमंत्री के झारखंड दौरे को लेकर प्रदेश भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। पीएम मोदी अब तक झारखंड में पांच चुनावी सभा व राजधानी रांची में रोड शो कर चुके हैं। उनकी चाईबासा, पलामू, गुमला, चतरा व गिरिडीह में चुनावी सभा हो चुकी है।

### प. सिंहभूम में सड़क हादसा एक परिवार के 6 की मौत

**जैंतागढ़ (प सिंहभूम)।** ओड़िशा से सटे प सिंहभूम के जैंतगढ़ के रिमुली कॉलेज के पास दो ट्रकों की चपेट में आकर कार सवार एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गयी। सभी बड़बिल के भद्रसाइ निवासी थे। सभी शादी समारोह में भाग ले कर अपने घर बड़बिल लौट रहे थे। मृतकों में कार मालिक संजय महाकुड़, बेटी पीहू महाकुड़ (12), पत्नी एसंबा महाकुड़, साली लूसी पलाई, सास फुलंती पलाई और ड्राइवर प्रमोद पलाई शामिल हैं।

### हेमंत की याचिका पर आज सुप्रीम सुनवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। उनकी याचिका पर 13 को सुनवाई के दौरान शीर्ष कोर्ट ने इडी को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को गलत बताते हुए झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाइकोर्ट ने हेमंत की गिरफ्तारी को सही बताते हुए याचिका खारिज कर दी थी। इस आदेश को हेमंत ने चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। पिछली सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन की ओर से अदालत को बताया गया था कि जिस जमीन की गड़बड़ी की बात कह ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया है, वह जमीन हेमंत सोरेन के कब्जे में कभी रही ही नहीं। ऐसे में जमीन में गड़बड़ी का आरोप लगा कर हेमंत सोरेन को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। ईडी ने हेमंत सोरेन के नाम पर जमीन होने का एक भी दस्तावेज पेश नहीं किया है। ऐसे में उनकी गिरफ्तारी सही नहीं है।

### राम तो आ गये, अब कृष्ण की बारी : मोहन यादव

**रांची।** भाजपा के स्टार प्रचारक और एमपी के सीएम मोहन यादव ने गुरुवार को कोडरमा में अन्नपूर्णा देवी और हजारीबाग में मनीष जायसवाल के पक्ष में जनसभा की। की। उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कहा कि पीएम मोदी ने पाकिस्तान को सबक सिखाया। राम मंदिर भी बनाकर हम लोगों को दिया है। अब मथुरा की बारी है। उन्होंने कहा कि झारखंड के सीएम पहले ही जेल गये और पीछे से मंत्री आलमगीर आलम भी। उन्होंने कहा देश भर में वन यूनिफॉर्म कोड भी लागू किया जायेगा।







# राज्य सरकार और झारखंड विधानसभा ने सौंपी सीलबंद रिपोर्ट

**विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामला**

## कोर्ट ने पूछा था जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट में क्या त्रुटियां थीं

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में राज्य सरकार और विधानसभा की ओर से सीलबंद रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई। जिस पर सुनवाई के लिए कोर्ट ने 11 जून की तिथि निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार और झारखंड विधानसभा से पूछा था कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट में क्या त्रुटियां थी जिसके कारण दूसरी आयोग बनानी पड़ी थी। सुनवाई के दौरान गवर्नर की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि चूंकि इस मामले में विधानसभा कार्यालय की संलिप्तता थी। इसलिए हाईकोर्ट को पत्र लिखा गया था। इसके बाद लोकनाथ प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमेटी बनी थी, उनके इस्तीफा के बाद जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता



वाली वन मैन कमेटी बनी थी। इस कमेटी के बाद एसजे मुखोपाध्याय आयोग बनाने के संबंध में गवर्नर को कोई जानकारी नहीं दी गई थी और न ही इस आयोग को बनाने में गवर्नर की अप्रूवल था। बता दें कि राज्य सरकार की ओर से कोर्ट में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद एवं एसजे मुखोपाध्याय आयोग रिपोर्ट सीलबंद प्रस्तुत किया जा चुका है।

**क्या है मामला :** प्रार्थी के अधिवक्ता की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी। जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी. जिसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था। लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। राज्यपाल के दिशा-निर्देश के बावजूद भी विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इस मामले को लंबा खींचा जा रहा है। मामले में देरी होने से गलत तरीके से चयनित होने वाले अधिकारी सेवानिवृत हो जाएंगे।

## अदालत ने सरकार से पूछा, जमीन कब्जा, महिला अपराध व रंगदारी के मामलों में लगातार लिप्त रहने वाले आरोपियों की जमानत रद्द करने को लेकर क्या हुई कार्रवाई

**रांची।** दुमका में स्पेनिश बोलने वाली ब्राजील निवासी महिला के साथ गैंग रेप एवं सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्ति जज (स्वर्गीय) एमवाई इकबाल के रांची स्थित जमीन की बाउंड्री वॉल तोड़कर जमीन पर कब्जे की कोशिश मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार से पूछा है कि राज्य में जमीन कब्जा, महिला अपराध एवं रंगदारी के मामलों में लगातार लिप्त रहने वाले आरोपियों की जमानत रद्द करने को लेकर क्या कार्रवाई हुई है। इस संबंध में कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने सरकार को एक चार्ट तैयार करने को कहा है, जिसमें आरोपियों की पहचान से संबंधित डाटा रहे ताकि वह अगर दूसरी बार भी वे अपराध करते हुए पकड़े जाएं, तो उनकी पहचान आसानी से हो सके। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पिछले 6 माह से झारखंड में भू-माफियाओं द्वारा जमीन कब्जा, महिलाओं के खिलाफ अपराध व रंगदारी मांगने की घटना को लेकर दर्ज मामले का डाटा एक होने के कारण यह है कि वही अपराधी बार-बार ऐसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। सरकार का डाटा गलत नहीं है। सरकार की ओर से रांची में पिछले 6 माह में उक्त तीनों मामलों में क्राइम का डाटा कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वहीं बताया कि राज्य के अन्य जिलों के भू-माफियाओ द्वारा जमीन कब्जे, महिलाओं के खिलाफ अपराध एवं रंगदारी मांगने की अपराध का डाटा अभी नही आ पाया है। जिस पर कोर्ट ने अगली सुनवाई में सभी जिलों में पिछले 6 माह में भू-माफियाओ द्वारा जमीन कब्जे, महिलाओं के खिलाफ अपराध एवं रंगदारी मांगने की घटना को लेकर दर्ज केस के बारे में जानकारी मांगी है। मामले में राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद एवं अधिवक्ता शाहबाज अख्तर ने पैरवी की।

# वकील लौटे, हाइकोर्ट का कामकाज सामान्य

## एडवोकेट एसोसिएशन ने कोर्ट बहिष्कार का फैसला लिया वापस

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के एडवोकेट एसोसिएशन ने जस्टिस राजेश कुमार के कोर्ट को अगले फैसले तक अटेंड नहीं करने के फैसले को वापस ले लिया है। एलपीए नं. 305/2024 ( बिनोद कुमार झा बनाम राज्य सरकार एवं अन्य) मामले में डिवीजन बेंच द्वारा पारित आदेश के आलोक में लिया गया है। एडवोकेट एसोसिएशन ने 16 मई को सुबह 10.30 बजे जेनरल बॉडी की बैठक की और कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए 15 मई के अपने फैसले को वापस ले लिया। एसोसिएशन ने सभी अधिवक्ताओं से पूर्व की तरह कोर्ट अटेंड करने का आग्रह किया है। इस बाबत एसोसिएशन की ओर से नोटिस जारी कर दिया गया है। दरअसल, हाईकोर्ट के अधिवक्ता बिनोद कुमार झा के लाइसेंस को सस्पेंड करने और मानहानि के नोटिस को लेकर एसोसिएशन ने विरोध किया था। 15 मई को एडवोकेट एसोसिएशन के सदस्यों ने हाईकोर्ट नंबर-1 के गेट के पास आकस्मिक जेनरल बॉडी की मीटिंग बुलाई थी। बुधवार दोपहर 12.50 बजे हुई मीटिंग में कहा गया था कि अधिवक्ता बिनोद कुमार झा के बार काउंसिल लाइसेंस को जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट ने सस्पेंड कर दिया है। उन्हें कोर्ट की अवमानना का नोटिस भी दिया गया है। ऐसा करने से पहले अधिवक्ता बिनोद कुमार झा को शो-कॉज भी नहीं किया गया। एसोसिएशन की दलील थी कि बिना किसी गलती के उनका लाइसेंस सस्पेंड करने का आदेश दिया गया। बुधवार की मीटिंग के बाद एडवोकेट एसोसिएशन ने 14 मई को सेकेंड हाफ में सभी कोर्ट की कार्यवाही में भाग नहीं लेने का फैसला लिया था। एसोसिएशन की दलील थी कि जब तक जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट अपना आदेश वापस नहीं लेती है, तब तक एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ता उनके कोर्ट को अटेंड नहीं करेंगे। आगे की रणनीति को लेकर 16 मई को सुबह 10.15 बजे फिर से जेनरल बॉडी की मीटिंग कोर्ट नंबर-1 के गेट के सामने बुलायी गई थी। गुरुवार को कोर्ट के आर्डर के बाद एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष ऋतु कुमार और सचिव नवीन कुमार ने बुधवार के फैसले को वापस लेने की घोषणा की। जानकारी के मुताबिक एक याचिका की त्रुटि को दूर नहीं करने पर कोर्ट की तरफ से कार्रवाई का आदेश जारी हुआ था। वैसे, एसोसिएशन के कल के फैसले के बावजूद कार्ट के कामकाज पर इसका कोई प्रभाव नहीं दिखा था। ज्यादातर अधिवक्ताओं ने अपने केस की सुनवाई को अटेंड किया था।

## भाजपा के रहते कोई भी आदिवासी के आरक्षण को नहीं कर सकता खत्म : बाबूलाल

**रांची/पाकुड़।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि नरेंद्र मोदी और भाजपा के रहते कोई भी आदिवासी, ओबीसी व दलित के आरक्षण को खत्म नहीं कर सकता है। श्री मरांडी गुरूवार को राजमहल लोकसभा के पाकुड़ जिले में बूथस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन वालों की दुकान बंद हो रही है। इसलिये, भी दुष्प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को हटाने के लिये इंडी गठबंधन साजिश कर रहा है।उन्होंने राजमहल के पहाड़ों को अवैध रूप से खनन कर पत्थरों को बिहार और बंग्लादेश को बेचने वालों को सजा दिलाने की बात कही। झारखंड के लोगों को प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए बालू नहीं मिलता है। लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन अमरापाड़ा, लिप्तीपाड़ा में रात में कोयला की चोरी कराते थे।

# लैंड जिहाद का बड़ा केंद्र है झारखंड : अरुण

## भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा, आलमगीर आलम अविलंब इस्तीफा दें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने कहा कि लैंड जिहाद का सबसे बड़ा केंद्र झारखंड है। श्री सिंह गुरूवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के चार चरण संपन्न हो चुके हैं। इसमें प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। अब हम 400 के आंकड़े की ओर बढ़ रहे हैं। इन चार फेज में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और अन्य राज्य में एनडीए गठबंधन को एकतरफा सीटों का लाभ हो रहा है। इंडी गठबंधन के लोगों में हताशा और निराशा व्याप्त है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण चरम पर है। मंत्री आलमगीर आलम को अविलंब इस्तीफा देना चाहिये। पूरे देशवासियों ने देखा कि 38 करोड़ रुपये उनके सहयोगी और नौकर के पास से मिले हैं। इसके बाद भी अभी तक आलमगीर आलम ने इस्तीफा नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि ये वही आलमगीर




आलम है, जिन्होंने कोविड के समय लॉकडाउन में तब्लीगी जमात के लोगों को जमा करके कोविड के नियमों को तोड़ते हुये अलग-अलग स्थान और बंगाल भेजने का काम किया था। उन्होंने कहा कि लैंड माफिया, सेंड माफिया, स्टोन माफिया, लीकर माफिया झारखंड सरकार को चला रहे हैं। मंत्री जेल में है। दो दो आईएएस अधिकारी भी जेल में है। यह पहला ऐसा राज्य है, जहां इतने अधिकारी भ्रष्टाचार के केस में जेल के अंदर हैं। जब भी इंडी गठबंधन की सरकार बनती है, झारखंड को सदैव लूटने का काम करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए की सरकार आने पर झारखंड को संवारने का काम करती है। जब यूपीए की सरकार थी, तब 12 लाख करोड रुपये का घोटाला हुआ था। 23 वर्ष से राज्य और देश का नेतृत्व प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के रूप में में भी इन 23 वर्षों में उन पर भ्रष्टाचार का भी आरोप नहीं लगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ राहुल गांधी और इंडी गठबंधन के नेता चांदी के चम्मच लेकर जन्म लिए हैं। दूसरी तरफ एनडीए का नेतृत्व कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाय बेचने वाले के घर में जन्म लेकर इस स्थान पर पहुंचे हैं। वे गरीबों की पीड़ा जानते हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ इंडी गठबंधन ने सदैव राम मंदिर का विरोध किया। अब पवित्र करने की बात कर रहे हैं।इंडी गठबंधन के लोगों ने 6 दशक से अधिक देश पर राज किया। उन्होंने कहा कि कश्मीर से धारा 370 को कभी भी हटाने की बात नहीं की। इसकी वजह से देश के कानून वहां लागू नहीं होते थे।

देशवासियों को डराते थे कि धारा 370 नहीं हटना चाहिये। उन्होंने कहा कि भाजपा ने घोषणा की है कि सरकार आने के बाद यूसीसी को लागू करेंगे। वन नेशन, वन इलेक्शन की ओर भी बढ़ेंगे। सीएए को पूरे देश में लागू करेंगे। गरीबों के लिये 3 करोड़ और मकान बनेगा। पीएम सौर घर योजना के माध्यम से आने वाले दिनों में गरीबों के घरों में बिजली मुफ्त होगी। ऊपर सोलर सिस्टम लगेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की सभी 14 लोकसभा की सीट एनडीए गठबंधन जीतने जा रही है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह भी मौजूद थे।

**खबर एक नजर में**

### हाइकोर्ट ने रांची में बहुमंजिला इमारतों में वाटर हार्वेस्टिंग की जांच को लेकर बनायी छह अधिवक्ताओं की कमेटी

**रांची।** रांची के जलस्रोतों के संरक्षण एवं रांची के तीन डैम की साफ सफाई और उसे अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट में रांची के बहुमंजिला इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच के लिए 6 अधिवक्ताओं की कमेटी बनाई है। अधिवक्ताओं की यह कमेटी रांची नगर निगम के तीन अभियंताओं के साथ मिलकर इसकी जांच करेगी की जिन बहुमंजिला इमारतो में रेनवाटर हार्वेस्टिंग होने का दावा रांची नगर निगम कर रही है, वह मेंटेन होता है या नहीं। रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम चालू हालत में है या नहीं। अधिवक्ताओं की कमेटी इसकी जांच कर कोर्ट को रिपोर्ट सौंपेगी। पिछली सुनवाई में रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने कोर्ट को बताया गया था कि राजधानी रांची के 710 बहुमंजिला इमारतों (जी प्लस 5) में से 648 बहुमंजिला इमारतों में वाटर हार्वेस्टिंग किया जा चुका है। जिस पर कोर्ट ने उनसे पूछा था कि जिन बहुमंजिला इमारतों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बना है वह मेंटेन होता है या नहीं। कोर्ट ने यह भी पूछा था कि पुनदाग, कटहल मोड़, शाहदेवनगर आदि इलाकों में बहुमंजिला इमारतो एवं अन्य भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग की गई है या नहीं। वहीं सरकार ने बताया था हटिया, कांके एवं गेतलसूद डैम से 6 माह तक पानी आपूर्ति की कोई समस्या नहीं होगी।

### निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की पत्नी एवं वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने इन दोनों के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है। हाई कोर्ट ने इन दोनों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। रांची की पीएमएलए कोर्ट में सरेंडर नहीं करने को लेकर इनके खिलाफ कोर्ट से कुर्की का वारंट जारी हुआ था। इन पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी। इसके बाद इन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। बता दें की 21 अप्रैल 2023 को वीरेंद्र राम, उनके भाई आलोक रंजन, वीरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी देवी एवं पिता गेंदा राम के खिलाफ ईडी की अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। ईडी की टीम ने वीरेंद्र राम की 39.28 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त की थी। जब्त की गई संपत्ति वीरेंद्र द्वारा टेंडर में कमीशन से उगाही अर्जित की गई है। 22 फरवरी 2023 को वीरेंद्र राम के आवास पर छापेमारी के दौरान उसके रांची के अशोक नगर स्थित आवास से ईडी ने गिरफ्तार किया था। वीरेंद्र राम के ठिकानों में छापेमारी के दौरान ईडी को करीब 40 लाख से अधिक के कैश एवं डेढ़ करोड़ के जेवरात मिले थे।

### गठबंधन सरकार ने आदिवासियों को छला : रामविचार

**रांची/गिरिडीह।** छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि गठबंधन सरकार ने आदिवासियसों को छला है। श्री नेताम गुरूवार को गिरिडीह में चुनाव प्रचार के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड खनिज संसाधनों एवं वन संपदा से संपन्न राज्य होने के बाद भी उसे परिवारवाद ने विकास के मानक में पीछे छोड़ दिया। यहां आदिवासियों के नाम पर भ्रष्टाचार जरूर बहुत हुआ है। यह सब परिवारवाद को पालने पोषने के लिये किया गया है।

### हेमंत सोरेन सहित आठ की बढ़ी हिरासत अवधि

**रांची।** पीएमएलए कोर्ट ने बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाले में शामिल पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत आठ की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद हेमंत सोरेन को गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया। पेशी के बाद अदालत ने हेमंत सोरेन एवं बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद, भामुमो नेता अंतु तिर्की, मो सद्दाम, मो अफसर अली, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय एवं इरसाद अख्तर की न्यायिक हिरासत अवधि 30 मई तक बढ़ा दी है। अगली पेशी 30 मई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही की जायेगी।

### केशव प्रसाद आज केरेडारी में जनसभा को करेंगे संबोधित

रांची। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को हजारीबाग लोकसभा में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा का आयोजन हजारीबाग जिले के केरेडारी स्थित कृषि फॉर्म मैदान में शाम 6.00 बजे से किया गया है। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह, लोकसभा प्रभारी शशिभूषण भगत, लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल, हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता भी मौजूद रहेंगे।इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 17 मई को राजमहल और कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री मरांडी राजमहल लोकसभा के साहिबगंज जिला के राजमहल स्थित चरवाहा मैदान में 11.00 से जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी राकेश प्रसाद, लोकसभा संयोजक अनंत ओझा, लोकसभा प्रत्याशी ताला मरांडी, साहिबगंज जिला अध्यक्ष उज्वल मंडल, कार्यक्रम प्रभारी कार्तिक शाह मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी राकेश प्रसाद, लोकसभा संयोजक अनंत ओझा, मौजूद रहेंगे।

# इडी का खुलासा - मंत्री आलमगीर को टेंडर का डेढ़ प्रतिशत जाता था कमीशन, कई अधिकारी रडार पर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** निलंबित ओएसडी संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम के ठिकानों से 32 करोड़ से ज्यादा कैश बरामद होने के बाद ईडी ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। 15 मई की शाम मंत्री आलमगीर आलम की गिरफ्तारी के बाद 16 मई को उन्हें रांची स्थित पीएमएलए की विशेष अदालत में पेश किया गया। ईडी ने उन्हें रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में जो पिटीशन दिया है, उसमें चौंकाने वाले मामलों का जिक्र है। ईडी का दावा है कि 23 मार्च 2023 को गिरफ्तार ग्रामीण विकास विभाग के तत्कालीन मुख्य सचिव वीरेंद्र राम से जुड़े केस में जांच से पता चला है कि वीरेंद्र राम टेंडर का



कमीशन वसूलता था और मंत्री आलमगीर तक कमीशन का डेढ़ प्रतिशत हिस्सा पहुंचवाता था। कमीशन वसूलने और पहुंचाने का काम ग्रामीण विकास विभाग के सहायक अभियंता करते थे। ईडी ने दावा किया है कि सितंबर 2022 में टेंडर कमीशन से वसूले गये 3 करोड़ रुपए एक सहायक अभियंता ने मंत्री आलमगीर आलम के एक करीबी तक पहुंचाया। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार विभाग के पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम ने भी पीएमएलए, 2002 के सेक्शन 50 के तहत दर्ज बयान में इस बात को स्वीकार किया है। इस मामले में 6 मई 2024 से हुई छापेमारी में अबतक 37.5 करोड़ रुपए बरामद किए जा चुके हैं। ईडी का दावा है कि 6 मई को जिस जहांगीर आलम के रांची स्थित सर सैयद रेसिडेंसी फ्लैट से 32.2 करोड़ रु बरामद हुए थे, वे पैसे मंत्री आलमगीर आलम के हैं। उन पैसों को संजीव लाल के कहने पर जहांगीर आलम कलेक्ट करता था। जहांगीर आलम यह काम मंत्री के लिए ही करता था। जहांगीर आलम के घर से कई सरकारी दस्तावेज, सरकारी पत्र और सरकारी लेटर हेड भी मिले थे। इससे पता चलता है कि मंत्री के ओएसडी संजीव लाल कैश और कागजातों को छिपाने के लिए उस फ्लैट का इस्तेमाल करते थे। रिमांड पिटीशन में ईडी ने इस बात का जिक्र किया है कि कमीशन का पूरा खेल ऑर्गनाइज तरीके से हो रहा था। इस काम में नीचे के कर्मचारी से लेकर ऊपर तक के अधिकारी शामिल हैं। पूरी डिलिंग कैश में होती थी। इसलिए अनुमान लगाया जा रहा है कि भारी मात्रा में कैश की मनी लॉन्ड्रिंग हुई है, जिसके खुलासे की कवायद चल रही है। ईडी ने कई गवाहों के बयान का हवाला देते हुए दावा किया है कि इस मनी लॉन्ड्रिंग में मंत्री आलमगीर आलम शामिल थे। ईडी अब इस नेक्सस में शामिल अन्य सफेदपोश तक पहुंचने की तैयारी में जुटी हुई है।

# चतरा लोस : केएन त्रिपाठी को इंडिया ब्लॉक में शामिल दलों के स्थानीय कार्यकर्ताओं का खुले मन से नहीं मिल रहा है समर्थन

## बाहरी-भीतरी के मुद्दे से जूझ रहे त्रिपाठी कालीचरण को अपनों से है खतरा

सत्येन्द्र

**रांची।** झारखंड का चतरा लोकसभा सीट एनडीए और इंडिया ब्लॉक के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। दोनों ही गठबंधन के प्रत्याशी अपने गठबंधन और पार्टी के अंदरूनी कलह से परेशान है। हलाकि गठबंधन के बड़े नेता प्रत्याशी और कार्यकर्त्ताओं के बीच उत्पन्न खाई को पाटने का हर संभव प्रयास कर रहे है। इसके बावजूद कार्यकर्त्ता मानने को तैयार नहीं है। सबसे ज्यादा परेशानी इंडिया ब्लॉक के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को उठाना पड़ रहा है। जिस दिन से केएन त्रिपाठी को कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया गया, उसी दिन से उनकी मुसीबत शुरू हो गयी है। उन्हें चतरा में बाहरी-भीतरी के मुद्दे से जूझना पड़ रहा है। डालटनगंज निवासी केएन त्रिपाठी को चतरा से प्रत्याशी बनाये जाने पर सबसे अधिक नाराजगी राजद के नेता व कार्यकर्त्ताओ में है। इसका प्रत्यक्ष





उदाहरण बिते दिनों झामुमो द्वारा रांची में आयोजित उलगुलान रैली में देखने को मिला है। इस रैली में कांग्रेस और राजद के कार्यकर्त्ता आपस में ही उलझ गये थे। जमकर मारपीट भी हुई थी। पुलिस के हस्तक्षेप से किसी तरह मामला शांत हुआ था। इधर घटना के बाद राजद कार्यकर्त्ताओं में नराजगी इतनी ब्याप्त थी कि उसे दूर करने के लिए बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सह राजद नेता तेजस्वी यादव को चतरा का दौरा करना पड़ा और कार्यकर्त्ताओं समझाना पड़ा। तब कही जाकर मामला कुछ हद तक शांत हुआ है। बता दें कि चतरा सीट पर 25 मई को मतदान होना है। यहां से कुल 22 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

**अपनों का साथ लेने में त्रिपाठी लगा रहे पूरी ताकत :** केएन त्रिपाठी की मुसीबत केवल राजद ही नहीं है, बल्कि उनके अपने संगठन की जिला व स्थानीय इकाई भी है। स्थानीय कांग्रेस इकाई भी त्रिपाठी को बाहरी करार देते रहे हैं। हालांकि, बाद में प्रदेश नेतृत्व और खुद त्रिपाठी ने भी अपने संगठन के लोगों को समझाने और मिलकर काम करने का प्रयास किया। यही हाल झामुमो की लोकल इकाई का भी है। झामुमो भी त्रिपाठी को बाहरी प्रत्याशी मान रहा है। अब देखना है कि त्रिपाठी किस तरह से अपने संगठन, राजद और झामुमो की लोकल इकाई को अपने पाले में करते हैं। इधर सूत्रों का कहना है कि चुनाव का समय जैसे -जैसे नजदीक आ रहा है धीरे-धीरे कार्यकर्ता भी गिला शिकवा भूलकर कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने में जूट गये है।

**भाजपा प्रत्याशी कालीचरण को भी भीतरघात का खतरा :** दो बार के सीटिंग एमपी सुनील सिंह का टिकट काटकर भाजपा ने स्थानीय कालीचरण सिंह को चतरा सीट से प्रत्याशी बनाया है। मगर कालीचरण सिंह की राह इतनी आसान नहीं है। सुनील सिंह के विरोधी भले ही खुश हों, मगर एक सांसद होने के नाते सुनील सिंह की भी अच्छी पकड़ है। इसलिए, सुनील सिंह और उनके समर्थक कितने हद तक खुले मन से कालीचरण सिंह को अपना समर्थन दे पाएंगे, यह तो मतदान के दिन ही पता चलेगा। मगर कालीचरण सिंह को भीतरघात का खतरा बना हुआ है।

### एससी-एसटी व मुस्लिम वोटरों की भूमिका अहम

वैसे तो चतरा लोकसभा सामान्य श्रेणी की सीट है। मगर इस सीट पर जीत-हार का फैसला एसटी और एससी ही करते रहे हैं। 2019 के डेटा के अनुसार, चतरा में अनुसूचित जातियों का वोट 27.15 प्रतिशत और 21.15 प्रतिशत एसटी वोटर हैं। इसके अतिरिक्त 10.78 प्रतिशत मुस्लिम वोटर भी निर्णायक भूमिका में होते हैं। यानी कि कुल वोटरों में 59.08 प्रशित एसटी, एससी व मुस्लिम हैं। शेष करीब 40 प्रतिशत मतदाता ओबीसी व सामान्य वर्ग से आते हैं।

**सामान्य सीट पर भूमिहार व ब्राशण के बीच कड़ा मुकाबला :** चतरा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह भूमिहार जाति से आते हैं। भाजपा ने इस बार झारखंड में किसी भी लोकसभा सीट से राजपूत को नहीं उतारा है। ऊपर से राष्ट्रीय स्तर पर राजपूत जाति का भाजपा के प्रति गुस्सा अलग है। इसलिए इस मुद्दे से पार पाना कालीचरण सिंह के लिए आसान नहीं होगा। अगर कांग्रेस प्रत्याशी की बात करें, तो केएन त्रिपाठी ब्राशण जाति से आते हैं। इसलिए इस बार यहां का मुकाबला भूमिहार और ब्राशण जाति के बीच है। इन दोनों में कौन बाजी मारता है, यह तो 4 जून को ही पता चलेगा।

**चार बार भाजपा और तीन कांग्रेस को मिली है जीत :** चतरा में 1957 में पहली बार लोकसभा चुनाव हुआ था। अब तक कुल 16 चुनाव व उपचुनाव हुए। इसमें चार-चार बार भाजपा और निर्दलीय विजयी रहे। वहीं कांग्रेस को तीन बार जीत नसीब हुई। इसके अलावा राजद व जनता दल दो-दो बार और जनता पार्टी एक बार विजयी रही है।

### 2019 लोकसभा चुनाव का परिणाम

| उम्मीदवार | राजनीतिक दल | परिणाम | वोट |
|---|---|---|---|
| सुनील कुमार सिंह | भाजपा | विजेता | 528,077 |
| मनोज कुमार यादव | कांग्रेस | उपविजेता | 1,50,206 |
| सुभाष यादव | राजद | तीसरा स्थान | 83425 |

### 2014 लोकसभा चुनाव का परिणाम

| उम्मीदवार | राजनीतिक दल | परिणाम | वोट |
|---|---|---|---|
| सुनील कुमार सिंह | भाजपा | विजेता | 2,95,862 |
| धीरज प्रसाद साहू | कांग्रेस | उपविजेता | 1,17,836 |
| नीलम देवी | झाविमो | तीसरा स्थान | 1,04,176 |

### छह विधानसभा पर किस राजनीतिक दल का कब्जा

| विधानसभा | राजनीतिक दल |
|---|---|
| सिमरिया (एससी) | भाजपा |
| चतरा (एससी) | राजद |
| मनिका (एसटी) | कांग्रेस |
| लातेहार (एससी) | झामुमो |
| पांकी (सामान्य) | भाजपा |

# लोगों ने जमशेदपुर में परिवर्तन का मन बना लिया है : समीर महंती

**जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र**
**मतदान की तारीख 25 मई**

- बारीडीह बाजार से लेकर बागबेड़ा तक झामुमो प्रत्याशी ने मतदाताओं से किया सीधा संपर्क
- मजदूर संगठनों से संपर्क के दौरान टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन में की बैठक, मांगा सहयोग
- इंडिया समर्थित झामुमो प्रत्याशी को कांग्रेस और सहयोगी दल कर रहे हैं पूरी मदद





**1. बारीडीह बाजार में जन संपर्क के दौरान एक मतदाता से गले मिलते झामुमो प्रत्याशी समीर महंती। साथ में कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी। 2. बागबेड़ा ग्वाला पट्टी में मतदाताओं का अभिवादन करते समीर महंती। 3. टिनप्लेट यूनियन में कमेटी मेंबरों को संबोधित करते समीर महंती। मंच पर हैं यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय और झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्यी।**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा सह इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती ने ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी स्थिति मजबूत करने के बाद अब लौहनगरी जमशेदपुर के बस्ती क्षेत्रों पर ध्यान देना शुरु कर दिया है। गुरुवार को उनका जन संपर्क जमशेदपुर के बस्ती क्षेत्रों एवं बाजारों को समर्पित रहा।

इसी क्रम में समीर महंती आज बारीडीह बाजार में विधायक मंगल कालिंदी, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे एवं झामुमो के वरिष्ठ नेता प्रमोद लाल के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों से मिल कर लोकसभा चुनाव में समर्थन की अपील की। कई दुकानदारों ने उन्हें पूर्व जनप्रतिनिधियों द्वारा स्थानीय मुद्दों पर बेरुखी की शिकायत की, जिस पर समीर महंती ने कहा कि सांसद बनने पर, हम सभी मुद्दों को देश की संसद में उठायेंगे। कहा कि हर दिन जनसंपर्क के दौरान स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों का जो समर्थन मिल रहा है, उसे शब्दों में नहीं व्यक्त किया जा सकता। पिछले प्रतिनिधियों ने लगातार जमशेदपुर एवं खास कर के यहां के बस्तियों में जन-सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को लगातार नजरंदाज किया है, जिसे हम पूरा करने का प्रयास करेंगे।

समीर महंती ने बारिडीह हरिजन बस्ती, 10 नंबर बस्ती, बमार्माइंस हरिजन बस्ती, कैरेज कॉलोनी, सिदगोरा बस्ती, ट्यूब कंपनी बस्ती, भालूबासा आदि जगहों पर लोगों से मिलकर तीर-धनुष चुनाव चिह्न पर उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की और बड़े बुजुर्गों से पैर छू कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान जगह-जगह पर प्रत्याशी समीर मोहंती और विधायक मंगल कालिंदी को माला पहनकर लोगों ने सम्मानित किया,वही दूसरी और टूईलाडूंगरी गुरूद्वारे पहुंचकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती और विधायक मंगल कालिंदी ने माथा टेका और गुरु महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान गुरुद्वारा कमेटी ने सरोपा भेट कर दोनों को सम्मानित किया।

मौके पर समीर मोहंती ने कहा की जिस प्रकार से सभी क्षेत्र में और सभी समाज के द्वारा प्यार मिल रहा है उसको देखकर लगता है कि लोगों ने परिवर्तन का मन बना लिया है। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि समीर मोहंती जीते तो इस क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी और जो कार्य यहां अधूरे हैं उसे जनता के आशीर्वाद से पूरा किया जाएगा। इसलिए सभी से अपील है कि समीर दा को भारी से भारी मतों से विजय बनाये। इस कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस एवं झामुमो के कार्यकर्ता तथा स्थानीय लोग शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### शोभा सहाय ट्रस्ट ने मरीजों के बीच बांटे फल

**जमशेदपुर।** शोभा सहाय ट्रस्ट के अध्यक्ष सुनील सहाय ने गुरुवार को एमजीएम हॉस्पिटल में वहां के मरीजों के बीच फल बांटा गया। साथ ही साकची बस स्टैंड आई हॉस्पिटल के समीप वह रहने वाले लोगों के बीच भी फल बांटा गया। मौके पर साइंस सरस्वती इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल की डायरेक्टर जे सांता ने अपना बहुमूल्य समय दिया। इसे सफल बनाने में शोभा सहाय ट्रस्ट के पदाधिकारी खुशबू सहाय, मधु पाल, संतोष, अंजलि, निशु,राहुल, कविता, स्मृति थे।

### इनरव्हील क्लब इस्ट ने लगाया वाटर कूलर

**जमशेदपुर।** इनर व्हील क्लब, जमशेदपुर ईस्ट ने गुरुवार को बिष्टुपुर में राम मंदिर परिसर में वाटर कूलर डिस्पेंसर की स्थापना का एक मेगा प्रोजेक्ट आयोजित किया। इसका उद्घाटन इनर व्हील क्लब (जिला: 325) की पूर्व जिला अध्यक्ष अरुणा तनेजा ने किया। इस परियोजना की शुरुआत, क्लब ने लोगों को सुरक्षित ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के लिए की गयी थी, ताकि गर्मी के महीनों में चिलचिलाती धूप से उनकी प्यास बुझ सके। वाटर डिस्पेंसर और इसकी स्थापना की पूरी लागत क्लब के सदस्यों द्वारा प्रायोजित की गयी थी।

### बर्मामाइंस में भाजपा का डोर टू डोर अभियान

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बर्मा माइंस मंडल ने गुरुवार को फिर से लोगों के बीच जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया। यह कैंपेन प्रदेश कार्य समिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी और मंडल अध्यक्ष दीपक झा के नेतृत्व में चलाया गया। कैंपेन की शुरुआत बर्मामाइंस के लक्ष्मीनगर से शुरू होकर बजरंगी नगर बस्ती में समाप्त हुई। इस दौरान भाजपा के कार्यकर्ताओं की मुख्य भूमिका रही। जनसंपर्क अभियान में पीएम की उपलब्धियों को लोगों के बीच साझा किया गया।

### आशीर्वाद मिला तो बंद पड़ी खदानें खुलेंगी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर संसदीय सीट से निर्दलीय उम्मीदवार जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को डुमरिया प्रखंड की खैरबनी, बांकीसोल, खरिदा, बाकुड़छंदा, नुवागांव और कांटाशोल पंचायतों के साथ अन्य पंचायतों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इसके साथ ही डुमरिया में एक जनसभा को संबोधित किया। क्षेत्र के मतदाताओं से रू ब रू जितेंद्र सिंह ने कहा कि जनता ने आशीर्वाद दिया तो राखा माइंस, सुरदा माइंस, हिंदुस्तान कॉपर, स्लीपर फैट्री सहित जिले की बंद सभी खदानों को खुलवायेंगे। सभी प्रखंडों में एक-एक आईटीआई कॉलेज व नर्सिंग कॉलेज खुलवायेंगे।

## बालीजी कृष्णा इंजी टेक के मालिक ने दिखाया बड़ा दिल, कहा

# मेरे घायल मजदूर साथी बच जायें भले ही प्लांट बेचना पड़े : संजीव कुंडु

- उद्यमी संगठन इसरो के अध्यक्ष रुपेश कतरियार ने कंपनी प्रबंधन को सराहा



**आग लगने से तबाह प्लांट का जायजा लेने पहुंचा इसरो का प्रतिनिधिमंडल कंपनी के निदेशक संजीव कुंडु से बात करते हुए।**

- कंपनी का जायजा लेने आये प्रतिनिधिमंडल में इसरो अध्यक्ष रूपेश कतरियार, समीर सिंह, मनोज कुमार, विनय सिंह, उत्तम चौधरी, सौरभ चौधरी, शेकत घोष, अवनीत मुतरेजा, राजीव शुक्ला आदि थे। गौरतलब है कि बुधवार शाम करीब साढ़े चार बजे बालाजी कृष्णा इंजीटेक कंपनी के फर्नेस में तेल डालने के क्रम में बावरी की चिंगारी से आग लग गयी थी जिसमें सात मजदूर झुलस गये थे। सभी घायल मजदूरों को टीएमएच ले जाया गया था जहां सभी का इलाज चल रहा है। उसमें दो की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है।

**खबर मन्त्र टीम**

**गम्हरिया/जमशेदुपर।** बीते बुधवार को औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया स्थित बालाजी कृष्णा इंजीटेक कंपनी में हुई अगलगी की घटना में जले सात मजदूरों में दो की स्थिति गंभीर बनी हुई है। मजदूरों के इलाज पर हर दिन करीब दो लाख का खर्च आ रहा है किंतु कंपनी के निदेशक संजीव कुंडु ने अपनी टीम के साथ निरंतर अस्पताल प्रबंधन के संपर्क में हैं।

कंपनी के निदेशक संजीव कुंडू ने बताया कि जिस वक्त घटना घटी वे शहर में नहीं थे, मगर फोन से ही सभी घायलों का बेहतर से बेहतर ईलाज कराने के लिए टीएमएच भेजा गया। उन्होंने कहा कि नफा-नुकसान की कोई परवाह नहीं है। इनकी पहली प्राथमिकता सभी मजदूरों का बेहतर से बेहतर ईलाज कराना है। इसके लिए यदि मुझे कंपनी बेचनी भी पड़े तो भी परवाह नहीं है।

दूसरी ओर, प्लांट में आगलगी की जानकारी मिलने के बाद गुरुवार को उद्यमी संगठन इसरो के प्रतिनिधिमंडल ने कंपनी पहुंच जायजा लिया। इस दौरान वे कंपनी के निदेशक संजीव कुंडू से मिलकर संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। इसरो के अध्यक्ष ने अगलगी की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि छोटे उद्यमियों के लिए ऐसी घटना काफी पीड़ादायक होती है। उनके पास कंपनी को फिर से खड़ा करना चुनौतियों भरा होता है और नुकसान की भरपाई में उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# टाटा स्टील यूआइएसएल ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर लोगों को किया जागरूक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**धातकीडीह सामुदायिक केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम में बोलते विशेषज्ञ।**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल ने सुरक्षित कल के लिए हमारी जिम्मेदारी विषय के तहत राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया। टाटा स्टील यूआईएसएल ने धतकीडीह सामुदायिक केंद्र में दोपहर 3 से 5 बजे तक दो घंटे का जागरूकता सत्र आयोजित किया। कार्यक्रम में जिला मलेरिया कार्यालय के प्रभारी डॉ एके मित्रा, एकीकृत रोग नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभारी डॉ असद एवं वरीय परामर्शदाता एवं शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉ कुमार दिवाकर सहित अन्य उपस्थित थे। टाटा स्टील यूआईएसएल कीटविज्ञानी ने डेंगू से निपटने पर अपनी राय दी। इसके अलावा एडीज मच्छर का सजीव प्रदर्शन भी किया गया।

टाटा स्टील यूआईएसएल द्वारा राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाना डेंगू के खिलाफ लड़ाई में सामूहिक जिम्मेदारी की एक महत्वपूर्ण याद दिलाता है। डेंगू एक मच्छर जनित वायरल संक्रमण है जो एक महत्वपूर्ण लोक स्वास्थ्य चुनौती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू एचओ) के अनुसार, डेंगू को नियंत्रित करने के लिए सामुदायिक भागीदारी आवश्यक है, क्योंकि यह दुनिया की सबसे तेजी से फैलने वाली बीमारियों में से एक है।

## कृषि में ऊर्जा संरक्षण-उपयोग पर हुई कार्यशाला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**गम्हरिया।** कृषि विज्ञान केन्द्र गम्हरिया में कृषि क्षेत्र में उर्जा संरक्षण एवं इसके उपयोग... विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला की गयी। झारखंड नवीकरणीय उर्जा विकास एजेंसी (जेडा) द्वारा प्रायोजित इस कार्यशाला का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जेडा के प्रतिनिधि प्रभाकर झा ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर उन्होंने उर्जा एवं जल संरक्षण पर किसानों को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि जल के बगैर कृषि की कल्पना संभव नहीं है। कृषि के क्षेत्र में सिंचाई एवं अन्य गतिविधियों के लिए पानी की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने इस आवश्यकता को पूरा करने हेतु कई महत्वपूर्ण सुझाव दिया। इस दौरान सौर उर्जा द्वारा संचालित एक उर्जा कुशल समाधान के तहत पीएम कुसुम योजना के कंपोनेंट, उर्जा संरक्षण के विभिन्न तकनीक आदि की विस्तृत जानकारी भी दी गयी।

# केबुल टाउन में सीधे बिजली देने के मामले में हाईकोर्ट में याचिका स्वीकार

**झारखंड सरकार और टाटा स्टील ने याचिका का किया समर्थन**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** केबुल टाउन क्षेत्रों के निवासियों के घरों में बिजली का सीधा कनेक्शन देने के बारे में झारखंड उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका न्यायालय ने स्वीकार कर लिया और दिवालिया केबुल कंम्पनी के आर पी याचिका में निहित बिन्दुओं का जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया है। झारखंड सरकार और टाटा स्टील के अधिवक्ताओं ने याचिका का समर्थन किया। आगामी 10 जून को ग्रीष्मावकाश के बाद न्यायालय खुलने पर मामले की सुनवाई होगी।

उक्त जानकारी एक संवाददाता सम्मेलन में जमशेदपुर पूर्व के निर्दलीय विधायक सह भाजमो के संरक्षक सरयू राय ने दी। उन्होंने बताया कि टाटा स्टील के वकील ने कहा कि कंपनी केबुल टाउन के सभी घरों में बिजली का सीधा कनेक्शन देने पर सहमत हैं परंतु दिवालिया घोषित हो चुकी केबुल कंपनी के आर पी इसके लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दे रहे हैं।

मेरी मांग है कि टाटा स्टील को दिवालिया केबुल कंपनी के आरपी से अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगने की कोई जरूरत नहीं है। इस अनापत्ति के चक्कर में केबुल टाउन वासियों को कई वर्षों से बेवजह परेशानी उठानी पड़ रही है और महंगा बिजली खरीदनी पड़ रही है।

### लोडर ऑपरेटर अभय के परिवार को मिलेगा 12 लाख रुपये मुआवजा

**गम्हरिया।** टाटा स्टील की गम्हरिया इकाई के डंपिंग यार्ड में लोडर ऑपरेटर अभय सिंह की हत्या के मामले में परिजनों को बतौर मुआवजा 12 लाख की राशि प्रदान की जायेगी। यह राशि उनकी पत्नी को दी जायेगी। इसके साथ ही पीएफ, ईएसआई समेत अन्य मद की राशि भी उन्हें मिलेगी। पूर्व विधायक अरविंद सिंह के प्रयास से मुआवजे की राशि मिलना संभव हो पाया। इससे पूर्व मुआवजे को लेकर कल बुधवार को देर रात तक टाटा स्टील प्रबंधन के अधिकारियों एवं पूर्व विधायक सिंह के साथ कई दौर की वार्ता हुई।



## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने होम वोटिंग का लिया जायजा, बुजुर्ग मतदाताओं का बढ़ाया उत्साह, बोले

# लोकतंत्र की मजबूती में हर मत महत्वपूर्ण

- 95 प्रतिशत बुजुर्ग मतदाता होम वोटिंग के दौरान कर चुके हैं मतदान
- बुजुर्ग मतदाताओं को डीसी और डीडीसी ने गुलाब का फूल एवं वोटर कॉफी मग देकर किया सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में वृद्ध मतदाता (85+) एवं दिव्यांग मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा होम वोटिंग के माध्यम से मतदान कराये जाने का प्रावधान किया गया है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल द्वारा 49- जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र में होम वोटिंग का जायजा लिया गया। उन्होंने 85+ की मतदाता आभा रानी पांडा, सुभाष कॉलोनी, डिमना रोड और बेदामो देवी, बैकुंठनगर, रोड नंबर 3, मानगो के घर जाकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा लोकतंत्र के सजग प्रहरी के रूप में अपने मत का प्रयोग करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होने दोनों बुजुर्ग मतदाताओं को गुलाब का फूल व वोटर कॉफी मग देकर सम्मानित भी किया।



**सुभाष कालोनी, डिमना रोड की आभा रानी पंडा को वोट दिलाने के बाद कॉफी मग व गुलदस्ता देते डीसी अनन्य मित्तल और डीडीसी मनीष कुमार।**

# जमशेदपुर समेत देश की जनता ने तय कर लिया है मोदी को बनायेंगे पीएम : सहिस

- लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने एनडीए घटक दल के नेताओं के साथ की बैठक



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा चुनाव में विजय लक्ष्य को साधने और संयुक्त रणनीति तैयार करने के उद्देश्य से भाजपा नीत एनडीए (राजग) घटक दल के नेताओं की बैठक साकची स्थित लोकसभा चुनाव प्राधन कार्यालय में सम्पन्न हुई। गुरुवार को आयोजित इस बैठक में भाजपा नेताओं के संग एनडीए के साथी आजसू, जनता दल (यूनाइटेड), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेतागण शामिल हुए। बैठक में लोकसभा चुनाव में एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी बिद्युत महतो की बड़ी जीत सुनिश्चित करने हेतु चुनावी रणनीति पर मंथन किया गया। इस दौरान समन्वय बनाकर जमशेदपुर लोकसभा सीट को बड़े अंतर से जीतने हेतु चर्चा कर रणनीति बनायी गयी। वहीं, घटक दल के सभी नेताओं ने जमशेदपुर लोकसभा सीट पर सांसद बिद्युत महतो को रिकॉर्ड मार्जिन से विजयी बनाने के संकल्प को दोहराया।

# देश के विकास की रफ्तार बनाये रखने के लिए मोदी को तीसरी बार पीएम बनाना जरूरी : बिद्युतबरण महतो



**जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी का स्वागत करता साकची का एक दुकानदार।**

- सांसद बिद्युत ने तेज किया जनसंपर्क अभियान
- पूर्वी विस के विभिन्न मंडल क्षेत्रों में किया सघन जनसंपर्क

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा लगातार लोगों से संपर्क एवं संवाद के जरिये समर्थन जुटा रही है। इस क्रम में, गुरुवार को सांसद सह भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो ने जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के विभिन्न मंडल क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से आशीर्वाद और समर्थन मांगा।

बिद्युत महतो ने बिरसानगर मंडल क्षेत्र के जोन नंबर 8 में स्थित काली माता मंदिर में पूजा अर्चना कर जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय निवासियों के संग बिरसानगर, साकची पुर्वी, बर्मामाइंस, टेल्को, बारीडीह एवं सीतारामडेरा मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर भाजपा के पक्ष में मतदान रूपी आशीर्वाद की अपील की।

इस दौरान कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर रहा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी एवं बिद्युत महतो जिंदाबाद के साथ अबकी बार चार सौ पार का नारा लगाते हुए क्षेत्र के बुजुर्ग, युवा, महिलाओं, छात्राओं, दुकानदारों, मजदूरों के साथ समाज के अन्य वर्गों से मुलाकात कर केंद्र की मोदी सरकार एवं बिद्युत महतो के उपलब्धियों के पत्रक भेंटकर 25 मई को ईवीएम क्रमांक 2 पर बटन दबाकर बिद्युत महतो को विजयी बनाने का आग्रह किया।

**107 वाँ स्थापना दिवसः 17 मई, 2024**

भारत सरकार
**केन्द्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान**
कांके, राँची,–834006, झारखण्ड, भारत
दूरभाषः 0651–2450822, 2451115, 2450448, फैक्सः 0651–2450823, 2450408

**24 घंटे आकस्मिक सेवा उपलब्ध**

**सी.आई.पी. में उपलब्ध सेवाओं/सुविधाओं का विवरण**
**निदेशक, सी.आई.पी. द्वारा जनहित में जारी**

**बाह्यरोगी सुविधाएं/सेवाएं**
- प्रतिदिन निःशुल्क बाह्यरोगी सेवाएं
- निरीक्षण/ऑकस्मिक सेवा वार्ड
- अलग व्यस्क एवं बाल बाह्य रोग विभाग
- साइकोसोशल विभाग
- कैन्टीन एवं जनउपयोगी सेवाएं
- ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन (ओ.आर.एस.)
- **टेली परामर्श व्हाट्सअप संख्या** : 9334915057 कृपया व्हाट्सअप पर डॉक्टर के पर्चे की फोटो भेजें (कृपया वेबसाइट पर अधिक विवरण देखें)
- **टेली–मनोचिकित्सा संख्या** : 9334915052
- **दूरभाष संख्या** (सामान्य सूचना): 0651–2451115, 0651–2451116, 0651–2451119
- विडियो परामर्शः अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट देखें।
- **टेली–मानस सेवाः** निःशुल्क 24X7 मानसिक स्वास्थ्य परामर्श/काउंसलिंग। टोल फ्री नंबर : 14416 या 1800–89–14416

**विशेष क्लीनिक**
- सोमवारः मूड एवं न्यूरोलॉजी
- मंगलवारः निद्रा रोग
- बुधवारः क्रॉनिक सिजोफ्रीनिया, सेक्स, चर्मरोग, धूम्रपान निरोधक, नशाविमुक्ति, मैटाबॉलिक रोग
- गुरूवारः मिरगी एवं मूवमेंट डिसऑर्डर
- शुक्रवारः वृद्धावस्था संबंधित रोग
- शनिवारः सिरदर्द रोग, धूम्रपान निरोधक, नशाविमुक्ति, मेटाबॉलिक रोग
- प्रतिदिनः बाल मनोचिकित्सा, ओ.सी.डी. एवं व्यक्तित्व विकास

**अंतर्वासीय रोगीयों के लिए सुविधाएं**
- सभी बेड शुल्क के साथ
- उच्च वर्ग के लिए विशेष वार्ड
- महिलाओं के लिए अलग वार्ड
- परिवार के लिए कॉटेज की सुविधा

**बाल एवं किशोरावस्था संबंधित मानसिक रोग**
- मरीज परिजनों के साथ भरती किए जाते हैं।

**नशाविमुक्ति केन्द्र व विभाग**
- डीटोक्सीफिकेशन एवं पुर्नवास
- शराब व नशाविमुक्ति के लिए उच्चतकनीकी इकाई

**व्यावसायिक चिकित्सा विभाग**
- पुनर्वास/शेल्टर्ड कार्यशाला
- पुनर्निवेशन मनश्चिकित्सा
- शारीरिक पुर्नवास
- टोकन इकॉनोमी

**सामुदायिक पहुँच कार्यक्रम**
- वैस्ट बोकारो बोकारो (घाटो)
- हजारीबाग
- चन्दनक्यारी, बोकारो
- विद्यालय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

**सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम**
- राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक अखबारों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी विवरण
- कार्यशालाओं का आयोजन
- सी.आई.पी. वेबसाइट पर मानसिक बिमारियों संबंधित लेख

**स्नातकोत्तर शिक्षण**
- एम.डी. (मनोचिकित्सा) एवं डी.पी.एम.
- पी.एच.डी. एवं एम.फिल. (नैदानिक मनोविज्ञान)
- एम.फिल. (साईक्याट्रीक सोशल वर्क)
- साईक्याट्रीक नर्सिंग में डिप्लोमा

**पैथोलॉजी एवं बॉयोकेमिस्ट्री विभाग**
- हीमेटोलॉजी व बायोकेमिस्ट्री ऑटो एनालाइजर
- एच.पी.एल.सी. एवं थिन लेअर क्रोमैटोग्राफी
- मल्टीफन्कशनल एलिजा रीडर एवं आइन–स्पेसिफक ऐसे सिस्टम
- बेक्टेक यूनिक
- केमी ल्यूमिसेंस ऐसे
- –80 डिग्री फ्रीजर

**कार्डियोफिजियोलॉजी विभाग**
- कम्प्यूटीकृत ई.सी.जी.
- ट्रेडमिल टेस्ट

**सेन्टर फॉर कोग्निटिव न्यूरोसाइंसेज**
- नैदानिक एवं विडियो ई.ई.जी. (32–64 चैनल) एवं ई.सी.जी.
- कम्प्यूटीकृत उच्च वर्गीय ई.ई.जी (64–, 128–, 192–, 256–चैनल)
- कोगनेटिव इवेंट रिलेटेड/इवोकड पोटेंशियल (40–, 128–चैनल)
- देश की सबसे विकसित ट्रांसक्रेनियल मैग्नेटिक और डाइरेक्ट करंट स्टिमुलेशन लैब
- निद्रा प्रयोगशाला
- टी.एम.एस. – ई.ई.जी. सुविधा
- क्वाड्री पल्स स्टीमूलेशन

**सेन्टर फॉर न्यूरोईमेजिंग एवं रेडियोलॉजिकल साइंसेज**
- नैदानिक एक्सरे एवं अल्ट्रासाउंड
- क्रेनियल एवं कलर डॉप्लर
- मल्टीस्लाइस सी.टी. स्कैन (पूरे शरीर का)
- 3टी एफ.एम.आर.आई.
- एम.आर.आई. ब्रेन (रु. 2000/– लगभग) एवं एम.आर.आई. होल बॉडी स्क्रीनिंग (रु. 3000/– लगभग)

**उच्च तकनीकी कम्प्यूटर विभाग**
- सम्पूर्ण संस्थान का कम्प्यूटरीकरण एवं वाई–फाई की सुविधा
- वेबसाइट
- 100 Mbps एन.के.एन. 10 Mbps बी.एस.एन.एल. एवं रेलटेल लीज लाइन
- कलर फोटोकापीयर एवं प्रिंटर, स्लाइड मेकर, डिजिटल फोटोग्राफी
- उच्च तकनीकी, डूअल प्रोसेसर, 64 बिट, 24 GHz, ऑप्ट्रान सर्वर

**पुस्तकालय**
- मेडिकल लाईब्रेरी एवं मरीजों के लिए वाचनालय एवं पुस्तकालय
- रेप्रोग्राफी एवं माइक्रोफिल्मिंग
- आनलाईन लिट्रेचर सर्च/RFID आधारित तकनीक
- स्वचालित पुस्तक सर्कुलेशन सिस्टम

**बाहर के मरीजों के लिए भी सरकारी दर पर जाँच की सुविधा उपलब्ध है।**

क्या आप किसी मनोवैज्ञानिक समस्या से ग्रस्त हैं ?
यदि हाँ, तो मदद के लिए कृप्या सी.आई.पी. हेल्पलाइन पर संपर्क करें।
TOLL-FREE NO. 1800-345-1849 (24X7), सी.आई.पी. हेल्पलाईन नं. : 0651-2451116 (24X7)
ई–मेल : director@cipranchi.nic.in, वेबसाईट : www.cipranchi.nic.in

## स्पीड न्यूज

### चतरा लोकसभा चुनाव : 20 को वोट के लिए पांकी विस क्षेत्र में नौ बूथ रीलोकेट

**मेदिनीनगर।** चतरा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 20 मई को मतदान होना है। इस चुनाव में अधिकाधिक मतदान हो इसे लेकर स्वीप अंतर्गत विभिन्न तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं वहीं अन्य स्तर पर कई तरह के निर्णय भी लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में पांकी विधानसभा अंतर्गत सुरक्षा के दृष्टिकोण से 9 मतदान केंद्रों में बदलाव किया गया है जिसमें बूथ 35-उ रामवि अपटी को 34-न्यू प्रावि मिटार (सोहे में स्थित) में रिलोकेट किया गया है इसी तरह 203-रा उमवि बिहरा को 202- उमवि सालमदीरी में रिलोकेट किया गया है। वहीं 204-उमवि बघमरी जीरो बूथ को बदलकर 202-उमवि सालमदीरी में बनाया गया है। इसी तरह बूथ 207 रामवि होटाई को बदलकर 209-उमवि बनई में रिलोकेट किया गया है। वहीं 208-रा उमवि भवरदह को बदलकर 209-उमवि बनई में रिलोकेट किया गया है। बूथ 225-उमवि गोगाड़ को 223-रा उ उर्दू मवि, हुरलौंग, पूर्वी भाग में रिलोकेट किया गया है। बूथ 321 उमवि आबून को 322- उमवि जान्जो में रिलोकेट किया गया है। बूथ 323-रा उमवि गरिहारा को 324-उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोलहबिगहा में रिलोकेट किया गया है। इसी तरह 326-उत्क्रमित मध्य विद्यालय केकरगढ़ को 324-उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोलहबिगहा में रिलोकेट किया गया है।

### झामुमो नेता दीपक तिवारी ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र में किया जनसंपर्क तेज



**मनातू पलामू।** युवा नेता दीपक तिवारी के नेतृत्व में झामुमो कार्यकर्ताओं ने अति नक्सल प्रभावित मनातू प्रखंड के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान तेज किया। श्री तिवारी ने लोगों से चतरा लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के एन त्रिपाठी को जिताने की अपील की। कहा कि कांग्रेसी प्रत्याशी के एन त्रिपाठी बेहतरीन विकल्प के रूप में उभर कर चतरा लोकसभा में छा गये। मौके पर नुक्कड़ सभा की गयी। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनंजय त्रिपाठी समेत कई लोग शामिल थे। दीपक ने कहा कि इंडिया गठबंधन की विचारधारा के पक्षधर मजबूती से एकमत हैं। लेकिन चतरा के साथ पूर्ववर्ती सांसदों ने छलने का काम किया है, उसका परिणाम है कि जनमानस को एन त्रिपाठी के उम्मीदवार बनने से हर्ष व्याप्त है। जनता ने मौका दिया तो केएन त्रिपाठी चतरा लोकसभा क्षेत्र से दिल्ली तक आवाज बुलंद करेंगे। झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र ने बताया कि तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है, जिन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री को जनता का पूर्ण बहुमत मिलने के बावजूद जेल में कैद करने की साजिश की। मौके पर जिला सचिव सन्नू सिद्दीकी, झामुमो जिला कमिटी से माहताब खान, छोटू त्रिपाठी, देवानंद भारद्वाज, मिकू तिवारी, परवेज अख्तर, कुदूस अंसारी, संजय चंद्रवंशी, रूपेश कुमार, जगमोहन सिंह, राजेंद्र राम समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### घरेलू विवाद में ससुर ने पतोहू को रॉड से किया घायल, थाना पहुंचा मामला



**हुसैनाबाद पलामू।** अंचल थाना क्षेत्र के देवरी ओपी सोनपुरवा गांव में ससुर और पतोहू में मामूली विवाद को मारपीट हो गयी जिसमें ससुर ने गुस्से में आकर पतोहू पर लोहे के रॉड से वार कर दिया, जिससे महिला बेबी कुमारी देवी 32 वर्ष पति विनय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गयी। पीड़िता ने देवरी ओपी में लिखित सूचना दी, लेकिन रात्रि में पुलिस ने लापरवाही की और महिला के मदद नहीं की। जिसके बाद उक्त पीड़िता स्थानीय मुखिया ममता देवी के पास गयी। मुखिया की मदद से महिला को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां पर चिकित्सक ने इलाज किया। पीड़िता का कहना था कि देवरी ओपी ने सूचना के बाद भी मदद नहीं की। ऐसे में देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार गंभीर सवालों के घेरे में लगातार आते हैं। पंचायत की महिला मुखिया ममता देवी ने ओपी थाना प्रभारी पर सीधा लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि रात्रि में करीब 8 बजे घायल महिला भागते हुए मेरे पास पहुंची। जिसकी सूचना मैं खुद से पुलिस को सूचना दी। लेकिन पुलिस महज 8 बजे रात्रि गर्मी के समय में दुबकी रही। जिसके बाद मैं सर्वप्रथम उसके इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल लायी, जहां मामले को तूल पकड़ता देख प्रशासन हरकत में आयी और हुसैनाबाद थाना में दूसरे दिन सुबह आवेदन पीड़िता ने दी जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गयी।

### नेशनल डेंगू डे पर हिंडालको और गाड़ीखास में जागरूकता कार्यक्रम



**पाटन /पंडवा।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर टीम द्वारा पड़वा प्रखण्ड क्षेत्र के गाड़ी खास गांव में नेशनल डेंगू डे के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ जितेन्द्र कुमार, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ एसके रवि, जिला महामारी पदाधिकारी डॉ अनुप सिंह ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने किया। जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ जितेन्द्र कुमार ने कहा कि डेंगू लाइलाज बीमारी है। सतर्कता ही डेंगू से बचने का एक मात्र उपाय है। उन्होंने कहा कि डेंगू का मच्छर जमा पानी में पैदा होता है। इसलिए सभी लोगों को अपने अपने घरों में जलजमाव न हो इसके लिए सप्ताह में एक दिन विशेष सफाई अभियान चलाना चाहिए। डॉ जितेन्द्र कुमार ने हिंडालको द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम से ग्रामीणों को काफी जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि डेंगू का समय पर उचित इलाज नहीं होने से यह बीमारी जानलेवा बन जाती है इसलिए डेंगू से बचाव जरूरी है। जिला महामारी पदाधिकारी डा अनुप सिंह ने कहा कि डेंगू से बचने के लिए हमें मच्छरों से बचना चाहिए। अपने घरों के साथ साथ आसपास के इलाकों में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने चतरा प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में किया जनसंपर्क

# गरीबों के लिए भाजपा के पास कोई योजना नहीं : बिट्टू पाठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**तरहसी पलामू।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में पाकी विधानसभा के तरहसी प्रखंड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चतरा लोक सभा के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर कार्यकर्ताओं ने लोगों से गठबंधन के प्रत्याशी कृष्णानंद त्रिपाठी को अपार मतों से जिताने की अपील की। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि भाजपा सरकार केवल बड़े-बड़े लोगों के लिए ही काम कर रही है।



भाजपा के पास गरीबों के लिए कोई योजना नहीं है। केंद्र में हमारे गठबंधन की सरकार बनने पर गरीब महिलाओं के लिए महालक्ष्मी योजना लायी जायेगी। हर महीने महिलाओं के बैंक खाता में सीधे 8500 रुपये दी जायेगी। इससे भारत की महिलाएं आर्थिक निर्भरता से मुक्त होकर खुद अपने परिवार की तरक्की लिखेंगी। आज पूरे देश में भाजपा के खिलाफ लहर चल रही है। 4 जून को इसका परिणाम देखने को मिलेगा। कहा कि इस केंद्र की सरकार में महंगाई चरम पर है वहीं युवा भी बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। मध्यम वर्ग परिवार इस सरकार से निराश हताश है। कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र की जनता सभी काम छोड़कर पहले मतदान करें और हाथ छाप में वोट देकर केंद्र में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनायें। कहा कि कांग्रेस ही गरीबों व दलितों की हितैषी है। मौके पर विनोद तिवारी, गिरजा राम, रामदेव यादव, रूद्र शुक्ला, अमुक प्रियदर्शी, जितेंद्र कमलापुरी, अजय साहू, प्रखंड अध्यक्ष खुर्शीद आलम, अरविंद पासवान, लोकनाथ यादव, बागेश्वर पांडे, देवसागर सिंह, नारे सिंह, बच्चन राम, अरुण कुमार पांडे ,संतोष सिंह, निसार अहमद, पंकज सिंह, महेंद्र पासवान, राकेश राम, शाहरुख खान, विराज सिंह उपस्थित थे।

# भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह की जीत रिकार्ड मतों से होगी: डॉ शशिभूषण मेहता

- पांकी विधायक ने भाजपा प्रत्याशी के साथ कई जगहों पर हुई पथ सभा में हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के ग्राम रामानंद, डबरा, कमलकेड़िया, ओरिया समेत विभिन्न गांवों में जाकर पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता चतरा लोकसभा भाजपा सांसद प्रत्याशी कालीचरण सिंह के साथ पथ सभा के जनसंपर्क कार्यक्रम में शामिल हुए। जनसंपर्क के दौरान विधायक ने कहा कि लोग देश व चतरा संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करेंगे।



**खास बातें :** कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर काम करती है। केंद्र की योजनाओं का लाभ सभी जाति, धर्म व वर्गो को मिला है। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता 400 लक्ष्य को पार कर नरेंद्र मोदी को फिर से पीएम बनाने में लग जायें। जनसंपर्क में लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है। कहा कि कालीचरण सिंह रिकार्ड मतों से चुनाव जीतेंगे। उन्होंने मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में चुनाव चिंह कमल फूल पर बटन दबाने की अपील की है। कहा कि जनता ने अगर मौका दिया तो चतरा संसदीय क्षेत्र की तकदीर व तस्वीर बदल देंगे। एक सेवक की तरह लोगों की सेवा में हमेशा उपलब्ध रहेंगे। साथ ही लोगों के मान सम्मान की रक्षा, गांवों में मुलभूत सुविधा, समस्याओं का समाधान किया जायेगा। संचालन अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव ने किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, किशलय तिवारी, मंजूलता दुबे, लवली गुप्ता, रुपा, कामेश्वर कुशवाहा, विधायक जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, बच्चन ठाकुर थे।

पांकी विधायक डॉ शशिभूषण ने इंडिया गठबंधन पर बोला हमला, कहा

# पंडित नेहरू खत्म करना चाहते थे आरक्षण, भाजपा बचा रही है

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने इंडिया गठबंधन पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि आज देश के जनता के समक्ष इंडिया गठबंधन के लोग यह कहकर जनता को गुमराह कर रहे हैं कि भाजपा आरक्षण समाप्त करना चाहती है। साथ ही संविधान खतरे में है। इस पर हमला बोलते हुए डा मेहता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्यसभा में देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के उस पत्र को पढ़कर सुनाया जो नेहरू ने 1962 में देश के विभिन्न राज्य के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा था कि मैं आरक्षण का घोर विरोधी हूं। इससे कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका या किसी भी क्षेत्र में एससी, एसटी व ओबीसी का आरक्षण होना मैं कतई बर्दाश्त नहीं कर सकता। यदि आरक्षण हो गया तो कार्य का स्तर गिर जायेगा। जबकि कांग्रेस के शासनकाल में पंडित जवाहर लाल नेहरू हों या इंदिरा गांधी या राजीव गांधी या प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह अपने कार्यकाल में संविधान में कई संशोधन किया। क्या उस समय संविधान खतरे में नहीं था।



डॉ मेहता ने कहा कि भाजपा की मंशा साफ है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकारी सुविधाओं का लाभ देगा। साथ ही आरक्षण को कभी भी किसी सूरत पर समाप्त नहीं होने दिया जायेगा। उक्त बातें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कई सभाओं में यह कहा है कि मोदी के रहते न संविधान खतरे में है और ना ही एससी, एसटी व ओबीसी का आरक्षण समाप्त होने दिया जायेगा। उन्होंने इंडिया गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि संविधान और आरक्षण को लेकर वह जनता को गुमराह कर रही है। इससे जनता को सचेत रहने की आवश्यकता है। कांग्रेस अपनी पुरानी नीति को देश में पुनः लागू करना चाहती है जिसे नरेंद्र मोदी ने देश में समानता लाने के लिए जम्मु कश्मीर से धारा 370 समाप्त कर एक देश में दो झंडा व दो नियम को समाप्त किया। डा मेहता ने कहा कि देश में भ्रष्टाचार की जड़ कांग्रेस है। जो भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है तथा भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देता है। भाजपा के इतिहास में कभी कोई विधायक, सांसद, मंत्री के पास नोटों का पहाड़ बरामद नहीं हुआ है। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि वे एक कठपुतली की तरह अध्यक्ष का काम कर रहे हैं।

# मृतक के परिजनों से मिले भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर, बंधाया ढाढ़स

पिछले दिनों कैंसर से हो गयी थी रेहला के मायापुर निवासी रंजीत की मौत

श्राद्धकर्म के लिए किया सहयोग, अन्य कार्यों में भी मदद का दिया भरोसा



परिजनों को ढाढ़स बंधाते भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद के मायापुर गांव में गुरुवार को मृतक के परिजनों से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी मिले। उन्होंने परिवार वालो को ढाढ़स बंधाया। यहां उल्लेखनीय है कि रेहला के मायापुर निवासी रंजीत कुमार गुप्ता की मौत पिछले दिनों केंसर बीमारी के कारण हो गयी थी। जब इसकी जानकारी डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी को हुई तो वे आज मायापुर गांव पहुंचे। मृतक के परिजनों से मिलकर परिवार वालों को ढाढ़स बंधाया। इसके अलावा क्रियाकर्म हेतु आर्थिक मदद भी किया। साथ ही मृतक के परिजनों को हर संभव मदद करने का भरोसा भी दिलाया। मौके पर प्रमोद दीक्षित, असलम बहादुर सहित कई लोग मौजूद थे।

### एसीबी ने नावा बाजार के रिश्वतखोर बीइओ को दबोचा



**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडलीय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने नावा बाजार प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बच्चन कुमार पंकज को नौ हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ दबोचा। ज्ञात हो कि पंकज कुमार एवं हरि प्रसाद ठाकुर 22 अप्रैल को नावा बाजार प्रखंड के एक विद्यालय का औचक निरीक्षण किये थे। जिसमें 20 बच्चे ही उपस्थित मिले थे। बीइओ ने विद्यालय के शिक्षक से स्पष्टीकरण मांगा था। साथ ही वेतन भुगतान पर रोक लगा दी थी। शिक्षक ने स्पष्टीकरण का दो बार जवाब दिया, लेकिन बच्चन ने उसके जवाब के आलोक में कोई कार्रवाई नहीं की। साथ ही शिक्षक से 10 हजार रुपये रिश्वत का दबाव बनाता रहा। शिक्षक को ये मंजूर नहीं था। शिक्षक ने एसीबी को आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की। शिक्षक के आवेदन के आधार पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मामले की सत्यता जांची। इसमें रिश्वत लेने की बात सही मिली। इस आधार पर 15 मई को कांड दर्ज करते हुए एसीबी ने दंडाधिकारी व दो स्वतंत्र गवाह के साथ धावा दल का गठन किया। इसके बाद 16 मई को औचक छापेमारी कर बीइओ बच्चन कुमार पिता राम प्रसाद राम ग्राम कोल्हुआ थाना पाटन को नौ हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

### मुख्यालय छोड़कर दूरदराज जाते हैं चिकित्सक

**मेदिनीनगर।** मरीजों की सेवा की शपथ लेकर सरकारी सेवा में आने वाले डॉक्टर अगर कर्तव्य भूलकर निजी कमाई व लाभ के चक्कर में फंस जाये, तो करोड़ों की स्वास्थ्य सेवाओं का भगवान ही मालिक। ऐसा ही कुछ हाल पलामू के छतरपुर अनुमंडल अस्पताल में डॉक्टरों का है। यहां पदस्थापित डॉ मृत्युंजय कुमार मुख्यालय छोड़कर 300 किमी दूर जमशेदपुर तक पहुंच जाते हैं। बताया जाता है कि वह आदित्यपुर के एक मेडिकल स्टोर में निजी प्रैक्टिस भी करते हैं। यह मामला स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और स्वास्थ्य सचिव तक भी पहुंचा है, जिसकी जांच चल रही है। डॉ मृत्युंजय कुमार जमशेदपुर आईएमए के पूर्व सचिव रह चुके हैं। बताया जाता है कि वर्तमान में पलामू में पदस्थापित रहने के बावजूद उन्होंने जमशेदपुर में आईएमए का चुनाव बिना विधिवत अनुमति लिये लड़ा और उपाध्यक्ष भी चुने गये। छतरपुर अनुमंडल अस्पताल में पदस्थापित डॉ कुमार जमशदेपुर में आईएमए के कार्य कैसे करेंगे, यह सवाल यहां के डॉक्टर दबी दुकान से उठाते रहे हैं। यह भी कहा जाता है कि आईएमए की धमक दिखाकर ही डॉ कुमार पलामू में ड्यूटी से गायब रहकर आदित्यपुर के एक मेडिकल स्टोर में निजी प्रैक्टिस कर रहे होते हैं। यह जानकारी पलामू सिविल सर्जन को भी है, लेकिन उन्होंने भी निहित स्वार्थवश इस मामले में मौन साध रखा है। **क्या कहते हैं डॉ मृत्युंजय :** डॉ मृत्युंजय कुमार ने इस संदर्भ में बताया कि मैं नियमित रूप से निर्धारित रोस्टर से ड्यूटी करता हूं और मरीज के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्य कर रहा हूं।

## गढ़वा रोड स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने सड़क पर बह रहा नाली का बदबूदार गंदा पानी

- दुकानदारों व यात्रियों को हो रही परेशानी, श्रद्धालु की भावना भी आहत

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने नाली का बदबूदार गंदा पानी सड़क पर से बह रहा है। जिससे स्थानीय लोग, दुकानदार, राहगीर व यात्री काफी परेशान हैं। वहीं स्टेशन के पास ही योगिबिर बाबा देवस्थल का प्रसिद्ध व प्राचीन मंदिर भी है, जहां प्रतिदिन श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने जाते हैं। स्टेशन के सामान्य प्रतीक्षालय के शौचालय से निकल रहा बदबूदार नाली का गंदा पानी से मंदिर जाने आने वाले श्रद्धालु काफी आहत हैं। वहीं छत्तीसगढ़ जाने वाली बस स्टैंड, टेंपो पार्किंग व दुकान भी है। जिसके चलते सारा दिन लोगों का आवागमन होता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले कई महीनों से नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। नाले के गंदे पानी से निकल रहे बदबू से प्रभावित लोगों ने कई बार रेलवे अधिकारी से इसकी शिकायत की। बावजूद समस्या जस की तस है।

## शहरी क्षेत्र में एनएच 98 समतल नहीं रहने से लगातार हो रही है दुर्घटनाएं

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज पलामू।** शहरी क्षेत्र के शनि मंदिर के समीप एनएच 98 पर उबड़-खाबड़ सड़क होने के कारण आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार बन रहे हैं। इस दौरान गुरुवार को 5 वर्ष के बच्चा के साथ बाइक से जा रहे महिला पुरुष गिर पड़े, जिससे बच्चे को सर में गंभीर चोट आई है। वहीं इस घटना के तुरंत बाद बाइक से जा रही महिला भी गिरकर चोटिल हो गई। जबकि बुधवार को बाइक से जा रही गर्भवती औरत गिर पड़ी थी। मालूम हो कि अत्यधिक गर्मी पड़ने से शहरी क्षेत्र में एनएच 98 पर तारकोल पिघलकर जगह-जगह इकट्ठा हो गया है। जिससे सड़क उबड़-खाबड़ बन गई है। आने जाने वाले वाहन चालक अचानक उबड़-खाबड़ रास्ते पर नियंत्रण नहीं रख पाते हैं। जिससे लगातार दुर्घटना हो रही है। वहीं समाजसेवी राजीव रंजन, विश्वदीप कुमार, अनुज कुमार, निरंजन प्रसाद, चंदन जायसवाल आदि ने जल्द शहरी क्षेत्र में एनएच 98 सड़क को समतल कराने की मांग की है।

## एक व्यक्ति के अड़ियलपन से पूरा मुहल्ला सप्ताह से अंधेरे की चपेट में

- मुहल्ले वासियों के हंगामा के बाद बिजली हुई बहाल

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के शिवपुरी कलोनी में एक व्यक्ति के अड़ियल रवैया ने लोगों को हफ्ते भर से अंधेरे एवं बिजली पानी बंद करने पर विवश कर दिया है। जब मुहल्ले वासियों ने हंगामा किया तो बिजली बहाल की गयी। सूचना के अनुसार कुछ दिन पहले वाहन के टक्कर से बिजली की पोल गिर गयी थी जिसके बाद विभाग उधर का तार काट दिया था। तार जोड़ने जाने पर एक व्यक्ति जज होने का धौस दिखा कर कार्य को बंद करा दिया। जिससे एक सप्ताह से पूरे मोहल्ले में अंधेरा रहा और पानी की गंभीर समस्याओं से जूझता रहा। वहीं गर्मी से लोग परेशान थे। गुरुवार को उनका गुस्सा भड़का। जिसके बाद मुहल्ले के सैकड़ों लोगों के बवाल के बाद बिजली बहाल हो सकी।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने कियसा पांकी विधायक का जोरदार स्वागत

**तरहसी पलामू। पांकी** विस क्षेत्र के तरहसी प्रखंड में चतरा लोकसभा भाजपा सांसद प्रत्याशी कालीचरण सिंह के साथ पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने जनसंपर्क अभियान चलाया। विधायक ने भाजपा के चुनाव चिह्न कमल फूल छाप पर वोट करने की अपील की। क्षेत्र में उनका जोरदार स्वागत किया गया।

## प्रेम-प्रसंग में धक्का-मुक्की प्रेमिका के देवर की मौत

- प्रेमिका की बेटी ने खोला राज व चाचा को बुलायी
- नोक झोंक में हुआ बड़ा हादसा, घर में चीख-चीत्कार

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के कुकही के नायका टोला में बीती रात अवैध प्रेम प्रसंग में घर में घुसे प्रेमी से प्रेमिका के देवर विनय साव (38) की धक्का मुक्की एवं नोक झोंक में देवर की मौत हो गयी। बुधवार की रात एक प्रेमी अपनी पड़ोसन प्रेमिका के घर में घुस गया। उसे जाते देख बेटी ने हल्ला किया। छत पर सोये प्रेमिका के देवर विनय आये। देखा कि गांव का ही राजेश ठाकुर था, जिसके बाद दोनों में नोंक-झोंक होने लगी। विनय को सिर में जोर से मारकर वह भाग गया। गंभीर चोट से वे बेहोश हो गये। घर के लोग उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल लाये, जहां चिकित्सकों ने विनय साव को मृत घोषित कर दिया।

# भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कई गांवों में किया जनसंपर्क

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** चतरा लोकसभा के भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में तूफानी जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने लोहड़ी, योगिया पोखरी, सेहरा बोहिता, लेस्लीगंज के रजहारा समेत कई गांवों में जनसंपर्क कर लोगों से भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील की। इस दौरान कालीचरण सिंह का जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सह चतरा लोस जनजातीय प्रमुख नेता अवधेश सिंह चेरो, चतरा भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विनय सिंह, मंडल अध्यक्ष बिजय पाठक, अमरेश पाठक, बलराम पाठक, भास्कर पाठक, धीरज कुमार, मुकेश कुमार, अनुज चंद्रवंशी, किशुन साव, आशीष सिन्हा, राणा प्रताप कुशवाहा, चंचल यादव, सोनू सिकंदर, वशिष्ठ देव, सुचित सिंह, शिव सिंह, विकास पाठक, सतेंद्र पाठक समेत कई लोग साथ में थे।

### चतरा क्षेत्र का तेज गति से होगा विकास : कालीचरण



भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र का तेजी गति से विकास के लिए भाजपा को जितायें। उन्होंने कहा कि अगर मेरी जीत होती है तो क्षेत्र के गरीब गुरुबों की आवाज बनूंगा और उनके हक और अधिकार के लिए अंतिम सांस तक कार्य करूंगा। श्री सिंह ने कहा कि जीतने के बाद क्षेत्र में अधूरे पड़े कामों को पूरा करूंगा। पानी, बिजली, सड़क शिक्षा और सिंचाई पर बेहतर काम किया जायेगा ताकि चतरा की आवाज हर तरफ गूंजे। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस सालों में विकास के काफी कार्य हुए हैं। विकास की पहिया को और आगे बढ़ाने के लिए भाजपा को वोट दें और मोदी जी के हाथों को मजबूत करें।

# महागठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया घर-घर दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता



घर-घर जनसंपर्क कर चतरा के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को वोट देने की अपील करते कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता।

**मेदिनीनगर।** चतरा लोक सभा में महागठबंधन के प्रत्याशी के एन त्रिपाठी को विजई बनाने के लिए कांग्रेस के गारंटी कार्ड को लेकर पांकी विधानसभा के विभिन्न गांव में युवा कांग्रेस के लोगों ने घूम-घूम कर मल्लिका अर्जुन खरगे राहुल गांधी सोनिया गांधी लालू यादव हेमंत सोरेन तमाम महागठबंधन के संदेशों को लेकर लोगों तक पहुंचाये।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि 10 साल एनडीए ने लोगों को सिर्फ ठगने का काम किया है। शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार के मुद्दे पर पूरे तरीके से फेल है। लोगों को इन मुद्दों के प्रति बताया गया कि आने वाला समय महागठबंधन का है और लोकसभा का प्रत्याशी महागठबंधन का त्रिपाठी एक दूरदर्शी नेता है जिन्हें एक बार अगर मौका मिला तो चतरा लोकसभा को भारत के मानचित्र पर उकेरने का काम करेंगे। युवा कांग्रेस पांकी विधानसभा अध्यक्ष अजिताभ दुबे, जिला कोषाध्यक्ष अजय साहू, ईश्वरी राम समेत कई लोगों के नेतृत्व में घर-घर कांग्रेस की गारंटी कार्ड वितरण किया गया।

# साहिबगंज : बूथ कार्यकर्त्ता सम्मलेन को लेकर भारतीय जनता पार्टी की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**राजमहल।** गुरुवार को राजमहल नगर पंचायत क्षेत्र के भाजपा लोकसभा चुनाव के राजमहल मण्डल कार्यालय में विधानसभा के बूथ कार्यकर्त्ता सम्मलेन की तैयारी को लेकर बैठक हुई। बैठक में राजमहल विधायक अनंत ओझा उपस्थित रहे। शुक्रवार को राजमहल के चरवाहा मैदान में राजमहल विधानसभा क्षेत्र के बूथ कार्यकर्त्ता सम्मेलन होना हैं। इस बूथ कार्यकर्त्ता सम्मेलन में मुख्यअतिथि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शामिल होंगे। बूथ सम्मलेन को लेकर तैयारी जोरो पर हैं। बूथ सम्मेलन सुबह 11 बजे से शुरू होगा। बैठक में सभी भाजपा पदाधिकारी को बूथ कार्यकर्त्ता सम्मलेन को सफल बनाने की जिम्मेदारी सौपी गयी। हजारों कार्यकर्त्ता इस बूथ सम्मलेन में शामिल होंगे। राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने कहा कि राजमहल लोकसभा में कमल खिलाने को लेकर लगातार भाजपा कार्यकर्त्ता जनसम्पर्क के माध्यम से लोगो तक पहुंच रहे हैं राजमहल लोकसभा की जनता ने इस बार कमल खिलाने को लेकर उत्साहित है। प्रधानमंत्री मोदी ने अबकी बार चार सौ पार को जो संकल्प दिया हैं उसे पूरा करने के लिए भाजपा के एक एक कार्यकर्त्ता कृतसंकल्पित हैं। राजमहल लोकसभा में मोदी जी के नेतृत्व में साहेबगंज मनिहारी गंगा पुल, मिर्जाचौकी से फरक्का तक फोरेलन का काम चल रहा हैं, साहिबगंज में नया केंद्रीय भवन का निर्माण हो रहा हैं, नवोदय विद्यालय का निर्माण हुआ। साहेबगंज में बन्दरगाह का निर्माण हुआ। इस अवसर पर रहे पूर्व जिला अध्यक्ष रामदरश यादव, जिला उपाध्यक्ष संजीव डे, महामंत्री कार्तिक शाह, सागर मंडल, सनातन मंडल, अजय चौधरी, राजेश मंडल, प्रताप राय, बिरेन शाह, सोनेलाल ठाकुर, धर्मवीर पासवान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# डीवीसी, बीटीपीएस में स्वच्छता पखवाड़ा 2024 का शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो स्थित दामोदर घाटी निगम, बोकारो ताप विद्युत केन्द्र में शुक्रवार को शपथ ग्रहण समारोह के साथ स्वच्छता पखवाड़ा 2024 का शुभांरभ किया गया। इस अवसर पर बोताविके स्थित तकनीकी भवन समीप वरीय महाप्रबंधक (एफजीडी) एसएन प्रसाद ने हिंदी में एवं महाप्रबंधक (ओएवंएम) एस भट्टाचार्य ने अग्रेजीं में सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ-पत्र पढ़कर शपथ ग्रहण कराया। इस मौके पर परियोजना के उपमहाप्रबंधक (प्रशा.) बी जी होलकर ने स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के अवसर पर होने वाले सभी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होनें ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़े के मौके पर कई स्थानों पर सफाई अभियान चलायें जायेगें साथ ही साथ लोगों को जागरूक करने के लिये स्कूली बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा प्रभात फेरी, बच्चों के लिये चित्रकला प्रतियोगिता इत्यादि का भी आयोजन किया जायेगा। शपथ ग्रहण समारोह में उपमहाप्रबंधक अजय कुमार केश, नरेश मुरास्कर, महापात्रा, वरीय प्रबंधक (वित्त) सुशील कुमार, प्रबंधक (वित्त) एम के चौधरी, प्रबंधक (सर्तकता) तारीक सईद, सहा. प्रबंधक (मा.सं.) एस. अशरफ, संरक्षा अधिकारी अशोक कुमार चौबे, धमेन्द्र कुमार, रवि कुमार सिन्हा, संजय कुमार, सूरज तिवारी, शाहिद इकराम सहित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

## बोकारो में 10 सेंटरों पर शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हुई सीयूईटी की परीक्षा

बोकारो। एनटीए द्वारा आयोजित सीयूईटी यूजी ऑफलाइन मोड में चलने वाली परीक्षा बोकारो में 10 सेंटरों पर शुरू हुई। एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने बताया कि सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में आरंभ हुई। इसमें जिला प्रशासन का भी काफी महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बताया कि कुल चार पालियों में बुधवार को शिफ्ट 1ए में रसायन-शास्त्र शिफ्ट 1बी में जीव-विज्ञान शिफ्ट 2ए में अंग्रेजी और शिफ्ट 2बी में जनरल टेस्ट विषयों की परीक्षा ली गई। दूसरे दिन निर्धारित पालियों में अर्थशास्त्र हिंदी भौतिकी एवं गणित की परीक्षा हुई।


**Format C-1**

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: **ANNPURNA DEVI, VILL KARIYABAR, P.O KARMA, P.S KODERMA, DIST. KODERMA, JHARKHAND -825409**

Name of political party: **BHARATIYA JANATA PARTY**

Name of Election: **ELECTION TO THE HOUSE OF THE PEOPLE-2024**

Name of Constituency: **05- KODARMA PARLIAMENTRY CONSTITUENCY**

I **ANNPURNA DEVI,** a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | CHIEF JUDICIAL MAGISTRATE DHANBAD | CASE NO. 454/2021 DATED 30.10.2021 DHANBAD POLICE STATION DHANBAD | CHARGE HAS NOT BEEN FRAMED | SECTIONS 269, 270, 34 OF I.P.C. NEGLIGENTLY DOING AN ACT WHICH MAY LIKELY SPREAD THE INFECTION OF ANY DISEASE DANGEROUS TO LIFE. |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence (s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 1 | JUDICIAL MAGISTRATE 1ST CLASS CUM SPECIAL JUDGE MP/MLA COURT HAZARIBAGH DATE OF ORDER 28-04-2023 | CASTING VOTE AT THE POLLING STATION, WEARING SCARF WITH PARTY SYMBOL. PUNISHMENT IMPOSED Rs. 200/- | Rs. 200/- |


# भाजपा का दांव पड़ेगा उल्टा : प्रदीप यादव

### मंत्री आलमगीर आलम की गिरफ्तारी पर बोले विधायक



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** संथाल परगना के तीन लोकसभा सीटों पर एक जून को मतदान होना है। चुनाव की तारीखे जैसे-जैसे करीब आ रही है। वहीं आरोप-प्रत्यारोप से संथाल परगना की राजनीतिक तपिश भी बढ़ती जा रही है। अब गोड्डा लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी एवं पोडैयाहाट विधायक प्रदीप यादव ने भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद डॉ निशिकांत दुबे पर नामांकन में जानकारी छुपाने का आरोप लगाया है। प्रदीप यादव ने मामले में चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग करते हुए निशिकांत दुबे का नामांकन रद्द करने की मांग की है। इस मामले में प्रदीप यादव ने गोड्डा के जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त से शिकायत की है। वहीं मनी लोंड्रिग मामले में इडी द्वारा गिरफ्तार राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के मामले में प्रदीप यादव ने कहा कि देश में जितनी गिरफ्तारियां हो रही है। सब गिरफ्तारी का एक ही पार्ट है कि देश में एक ऐसा माहौल बनाया जाए कि लगे कि गठबंधन पूरी तरह से भ्रष्टाचार में संलिप्त है और भाजपा पूरी तरह दूध की धुली हुई है। प्रदीप यादव ने कहा कि यह सब दांव उल्टा पड़ेगा। उक्त बातें दुमका के एमपी एमएलए की विशेष कोर्ट में गुरुवार को एक मामले में पेशी के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रदीप यादव ने कहा। उन्होनें कहा कि निशिकांत दुबे ने क्रिमिनल केस से जुड़ी दो मामलों का अपने नामांकन में जिक्र नहीं किया है। साथ ही नामांकन के दौरान निशिकांत दुबे ने अपने दिए गए आय एवं संपत्ति से जुड़े हलफनामे में अभिषेक आनंद झा से एक करोड़ 20 लाख रुपए कर्ज लेने का जिक्र किया है। लेकिन अभिषेक आनंद झा ने अपने हलफनामे में इसका जिक्र नहीं किया है। कहा कि कहीं ना कहीं पूरी संशय वाली स्थिति है। मैंने इसका विरोध करते हुए निवार्ची पदाधिकारी से शिकायत की है। प्रदीप यादव ने कहा कि निशिकांत दुबे ने पिछले 15 सालों में क्षेत्र में भ्रमण नहीं किया। आमलोगों से रिश्ता-नाता नहीं रखा और ना ही गांववालो की समस्याओं पर गौर किया। यही वजह है कि जिन गांवो में निशिकांत दुबे की पत्नी और बेटा जा रहे है। उन्हें वहां तिरस्कार मिल रहा है और बैरंग लौटना पड़ रहा है। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता श्यामलाल किशोर सिंह, जिलाध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी सहित अन्य मौजूद थे।

### दुष्कर्म के प्रयास समेत दो मामले में कोर्ट में हुई पेशी

विधायक प्रदीप यादव की छेड़खानी समेत अन्य दो मामले में गुरुवार को पेशी हुई। विधायक की पेशी दो अलग-अलग मामले में तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह एमपी एमएलए के विशेष न्यायाधीश राजेश सिन्हा के न्यायालय में हुई। दोनों मामले गवाही के लिए निर्धारित था। लेकिन न्यायालय में एक भी केस में कोई गवाह अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत नही किया गया। अगली तिथि 11 जून को निर्धारित हुई।

## स्पीड न्यूज

### अक्षिता पाठक का डॉक्टर बनकर मानवता की सेवा करना है लक्ष्य



बोकारो। डीपीएस बोकारो की छात्रा अक्षिता पाठक ने सीबीएसई की 12वीं की बोर्ड परीक्षा 2024 में 94 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय के टॉप 10 में स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता दर्ज की है। अक्षिता भविष्य में डॉक्टर बनकर मानवता की सेवा करना चाहती है। अक्षिता ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन व अपने परिवार के लोगों खासकर दादाजी कमल कांत पाठक दादी स्व सागरि पाठक माता जयंती पाठक पिता अरुण पाठक चाचा अवधेश पाठक बुआ डॉ अंजू झा व भाई विवेक पाठक की प्रेरणा को दिया है। विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों व खेल-कूद स्पधाओं में भी वह हिस्सा लेती रही है और कई बार पुरस्कृत भी हो चुकी है। इसके अलावे वर्ष 2021 में राष्ट्रीय कवि संगम द्वारा आयोजित राष्ट्रीय श्रीराम काव्यपाठ प्रतियोगिता में देशभर से शामिल 21 हजार प्रतिभागियों में बिहार-झारखंड से अकेले फाइनल के लिए अक्षिता पाठक चयनित हुईं और दिल्ली में आयोजित इस प्रतियोगिता के फाइनल में काव्यपाठ का अवसर प्राप्त किया। अक्षिता के पिता अरुण कुमार पाठक डीपीएस बोकारो के प्रशासनिक विभाग में कार्यरत हैं और मां जयंती पाठक गृहणी हैं।

### गोड्डा : आठ उम्मीदवारों का नामांकन रद्द

गोड्डा। गोड्डा लोकसभा चुनाव को लेकर उम्मीदवारों के नामांकन प्रपत्र की संवीक्षा बुधवार को निवार्ची पदाधिकारी गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सह उपायुक्त गोड्डा जिशान कमर की अध्यक्षता में किया गया। गोड्डा संसदीय क्षेत्र से कुल 29 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया था। इस संबंध में निवार्ची पदाधिकारी गोड्डा जिशान कमर ने बताया कि कुल 29 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र दाखिला किया था। संवीक्षा में कुल कुल 21 उम्मीदवारों के नामांकन प्रपत्र सही पाए गए।

### गोड्डा : 4 चोर गिरफ्तार

गोड्डा। गुरुवार को एसडीपओ गोड्डा जे पी एन चौधरी ने चोरी की घटना से पर्दा हटाया और चोर मोट दोनो को हाजिर करते हुए आरोपियों को जेल भेजा। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार की रात्रि शास्त्री नगर गोड्डा के खुशबू ड्रेसेज की दुकान में चोरी हुई।

# चक्रधरपुर के बॉबी हत्याकांड के आरोपी पिता-पुत्र को उम्रकैद





खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के चर्चित निर्मला स्कूल के मालिक अमिताभ चटर्जी उर्फ बॉबी हत्याकांड के आरोपी पिता-पुत्र को न्यायालय ने उम्रकैद की सजा सुनाई है।

द्वितीय अपर जिला सत्र न्यायाधीश सूर्य भूषण ओझा की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 10-10 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। सजा पाने वालों में चक्रधरपुर के प्रमाण चटर्जी और उसके पिता प्रवीर चटर्जी शामिल है। दोनों के खिलाफ 27 अप्रैल 2018 को मृतक की मां स्निग्धा चटर्जी के बयान पर हत्या का मामला दर्ज किया गया था। दर्ज मामले में बताया गया था कि स्कूल के बंटवारे को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा था।

उसी को लेकर चक्रधरपुर के भलियाकुदर निर्मला स्कूल निवासी प्रवीर चटर्जी और उसके बेटे प्रमाण चटर्जी ने मिलकर स्निग्धा चटर्जी के बेटे अमिताभ चटर्जी की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। अदालत को दोनों के खिलाफ साक्ष्य मिल जाने से आजीवन कारवास की सजा सुनाई। मालूम हो कि दोनों आरोपी मृतक के भाई और भतीजे है।

# दुमका : वज्रपात की चपेट में आने से दो किशोर की हुई मौत, मातम



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** आसमानी कहर वज्रपात से दो किशोर की मौत हो गई। दर्दनाक घटना सदर प्रखंड के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चिरूडीह गांव में दोपहर को घटी। मृतक किशोर मिस्वाह अंसारी (12), इब्राहिम अंसारी एवं इनायत हुसैन (8), ताज हुसैन है। जानकारी के अनुसार दोपहर में तेज हवा के झोंके के साथ बारिश शुरू हुई। बच्चे पास के आम बगान में आम चुनने गये थे। तेज बारिश होता देख बच्चे घर की ओर भागे। लेकिन दोनों किशोर वज्रपात की चपेट में आ गए। सिर में गंभीर घात हुई। गंभीर अवस्था में परिजनों ने झुलसे मिस्वाह अंसारी और इनायत हुसैन को इलाज के लिए फूलो झानो



मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इनायत मूल रूप से शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के मंझलाडीह गांव निवासी है। वह सदर प्रखंड के चिरूडीह में अपने मामा के घर रह पढ़ाई करता था। दोनों के पिता पेशे से राजमिस्त्री का काम करते है। किशोर की मौत से गांव में मातम का महौल छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बोकारो : ईएसएल स्टील के कर्मचारियों ने विश्व परिवार दिवस पर किया वृद्धाश्रम का दौरा

**चास स्थित बाबा बैद्यनाथ जन सेवा समिति के वृद्धाश्रम में वहां के निवासियों के साथ समय बिताने और मुस्कुराहट फैलाने के लिए गए, यह पहल 'वी फॉर सोसायटी' के तत्वावधान में की गयी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** वेदांता समूह की कंपनी ईएसएल स्टील लिमिटेड के कर्मचारीगण विश्व परिवार दिवस पर चास स्थित बाबा बैद्यनाथ जन सेवा समिति के वृद्धाश्रम में वहां के निवासियों के साथ समय बिताने और मुस्कुराहट फैलाने के लिए गए। यह पहल 'वी फॉर सोसायटी' के तत्वावधान में की गई जो ईएसएल के सीएसआर विभाग की एक कर्मचारी स्वयंसेवी पहल है। ईएसएल स्टील लिमिटेड अपने कर्मचारियों को मजबूत पारिवारिक मूल्यों और इस महान देश के सदैव अनुकूल सांस्कृतिक लोकाचार को विकसित करने और पोषित करने के लिए प्रेरित करता है। एनजीओ बाबा बैद्यनाथ जन सेवा समिति आश्रम का मिशन उन लोगों को मदद पहुंचाना है जो जरूरतमंद निराश्रित बीमार अपने परिवारों द्वारा त्याग दिए गए हैं या आपदाओं से उखड़ गए हैं। ईएसएल कर्मचारियों ने बुजुर्गों के साथ कुछ मजेदार गेम खेले और कुछ को ओल्ड एज होम के सदस्यों के साथ दिल खोलकर बातचीत करते देखा गया। कर्मचारियों ने उनके साथ जरूरत की विभिन्न वस्तुएं साझा की जिसमें अनाज स्वास्थ्य संबंधी उत्पाद खाने की वस्तुएं कपड़े और बिस्तर स्नान सामग्री आदि बुजुर्गों के लिए कुछ महीनों से अधिक उपयोगार्थ आवश्यक अन्य उत्पाद शामिल हैं। एनजीओ के अध्यक्ष अंजनी कुमार रूपक पीएन लाल चंदन जायसवाल दिवाकर सिंह शशि शेखर मनीष दीपाली रणजीत और रेखा के द्वारा उक्त सामग्री वितरित किया गया। मौके पर ईएसएल स्टील के सीएसआर ईआर और पीआर प्रमुख आशीष रंजन ने कहा कि वेदांता ईएसएल अंतर पीढ़ीगत बंधन और सामुदायिक एकजुटता को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। सामाजिक विकास हेतु निरंतर हमारा हर क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है।

# बेरमो : कोयला चोरों के विरुद्ध सुरक्षाबलों का छापेमारी अभियान

**4 मोटरसाइकिल, 8 साइकिल के अलावे ढाई टन अवैध कोयला जब्त**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/कथारा।** बुधवार को अहले सुबह लगभग 5:15 बजे महाप्रबंधक कथारा के आदेशानुसार क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में क्षेत्रीय गस्ती दल एवम स्वांग कोलियरी गस्ती दल मिलकर स्वांग कोलियरी तथा कथारा वाशरी में कोयला चोरों के विरुद्ध औचक छापा मारा अभियान चलाया। छापेमारी के 5 गस्ती दल को देख कोयला चोर मोटरसाइकल /साइकिल छोड़ कर भाग खड़े हुए, तत्पश्चात अवैध कोयला से लदा 04(चार) मोटरसाइकिल एवं आठ साइकिल को मौके पर ही क्षतिग्रस्त कर दिया गया। तथा 35 से 40 अवैध कोयला से भरा बोरा को पूर्ण रूप से फाड़ दिया गया और साथ ही बरामद कोयला को स्वांग कोलियरी कोयला स्टॉक में गिरा दिया गया,जिसका वजन लगभग 2 से 2.5 टन बताई जाती है। अभियान में इबरार हुसैन (क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी कथारा क्षेत्र) एवं अन्य जवान नुरुर्ला होदा (स्वांग कोलियरी सुरक्षा प्रभारी) व अन्य जवान मौजूद थे।


## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
## (पोस्टल बैलेट-सह-मतपत्र कोषांग हजारीबाग)

**-:आदेश:-**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्र संख्या 52/2023/SDR/Vol.IV दिनांक 31.10.23 के द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश तथा अधोहस्ताक्षरी के पत्र संख्या 185 दिनांक 04.05.2024 के द्वारा लोक सभा आम चुनाव-2024 के तहत 14-हजारीबाग संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत प्रतिनियुक्त सेक्टर दण्डाधिकारी, मतदान पदाधिकारी, माईक्रो ऑब्जर्वर एवं अन्य मतदान कर्मियों का पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराये जाने हेतु प्रमंडलीय पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र जबरा, संत कोलम्बस कॉलेज फुटबॉल मैदान (ड्राईवर, खलासी एंव अन्य सफाई कर्मियों के लिए,) समाहरणालय भवन में स्थित पुलिस कार्यालय, दुसरा तल्ला (पुलिस कर्मियों के मतदान के लिए), समाहरणालय भवन भूतल में स्थित स्तनपान कक्ष में Special Facilitation Centre एवं समाहरणालय भवन स्थित प्रथम तल्ला में स्तनपान कक्ष में Postal Voting Centre में Facilitation Centre का निर्माण किया गया है तथा उन केन्द्रों पर दिनांक 10.05.2024 से मतदान कार्य किया जा रहा है **जो दिनांक 18.05.2024 तक समय 9.00 बजे से 5.00 बजे तक** पोस्टल बैलेट से मतदान कार्य करवाने का कार्य सम्पादित करता रहेगा।

उल्लेखनीय है कि वैसे मतदान कर्मी जो उक्त तिथियों को Facilitation Centre में किसी कारणवश मतदान का कार्य नही कर पाये है, उन छुटे हुए मतदाताओं के लिए Dispatch Centre जो दिनांक 19.05.2024 को किया जाना है, में Facilitation Centre निम्नरूपेण कार्य करेगा:-

| चयनित स्थल का नाम | मतदान किये जाने की तिथि एवं समय | सम्बद्ध विधानसभा क्षेत्र एवं संख्या | आवंटित कार्य दायित्व | पदाधिकारी / कर्मी का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिनोबा भावे विश्वविधालय, हजारीबाग के बहुददेशीय भवन, केन्द्र संख्या 01 | 19.05.24 8:00 AM TO 3:00 PM | 20-BARKTHA 21-BARHI | NODAL OFFICER | RAKESH KUMAR | BEEO | CHOUPARAN | 8789270105 |
| | | | POLLING OFFICER 1 | BASUDEO PRASAD | PARA TEACHER | MIDDLE SCHOOL SILWAR KHURD, HAZARIBAGH, 412-27 | 6207052170 |
| | | | POLLING OFFICER 2 | SANJAY KUMAR | PARA TEACHER | UPG M.S. CHURCHU, HAZARIBAGH, 412-16 | 7368023022 |
| | | | POLLING OFFICER 3 | DHIRENDRA KUMAR | PARA TEACHER | UPG HIGH SCHOOL HUPAD, HAZARIBAGH, 412-56 | 8825281787 |
| | | | RESERVE | AKHILESH NARAYAN | PARA TEACHER | UPG M.S. DUMAR, HAZARIBAGH, 412-34 | 7903140276 |
| बिनोबा भावे विश्वविधालय, हजारीबाग के बहुउददशीय भवन, केन्द्र संख्या 2 | 19.05.24 8:00 AM TO 3:00 PM | 22-BARKAGAON 24-MANDU | NODAL OFFICER | ANIL KUMAR RANJAN | LABOUR SUPRIDTENT | HAZARIBAG | 8083315703 |
| | | | POLLING OFFICER 1 | JALESHWAR RANA | PARA TEACHER | UPG M.S. DUMAR, HAZARIBAGH, 412-34 | 6299713387 |
| | | | POLLING OFFICER 2 | AWADHESH KR.MEHTA | PARA TEACHER | UPG M.S. DUMAR, HAZARIBAGH, 412-34 | 9431976712 |
| | | | POLLING OFFICER 3 | AVINASH KR. SINGH | PARA TEACHER | UPG M.S. BANAHAPPA, HAZARIBAGH, 412-32 | 9931118138 |
| | | | RESERVE | PURENDRA KUMAR | PARA TEACHER | MIDDLE SCHOOL NAGWAN, HAZARIBAGH, 412-15 | 7739345779 |
| बिनोबा भावे विश्वविधालय, हजारीबाग के बहुउददशीय भवन, केन्द्र संख्या 3 | 19.05.24 8:00 AM TO 3:00 PM | 25 HAZARIBAG OTHER DISTRICT | NODAL OFFICER | JAYANT TIWARI | PRO. EX MAGISTRATE | DC OFFICE HAZARIBAG | 8210284215 |
| | | | POLLING OFFICER 1 | PRAKASH SHARMA | PARA TEACHER | UPG HIGH SCHOOL SARAUNI, HAZARIBAGH, 412-64 | 8294056172 |
| | | | POLLING OFFICER 2 | MAHESH PRASAD | PARA TEACHER | UPG HIGH SCHOOL SARAUNI, HAZARIBAGH, 412-64 | 6299085697 |
| | | | POLLING OFFICER 3 | SACHIT KUMAR | PARA TEACHER | UPG.HIGH SCHOOL MORANGI, HAZARIBAGH, 412-58 | 9973283109 |
| | | | RESERVE | KUNJLAL GOPE | PARA TEACHER | PRIMARY SCHOOL MATWARI (HINDI), HZB 412-69 | 9123149875 |
| संत कोलम्बस महाविधालय के व्यावसायिक भवन एवं इग्नु सेंटर, केन्द्र संख्या 01 | 19.05.24 8:00 AM TO 3:00 PM | 20-BARKTHA 21-BARHI | NODAL OFFICER | RAMA PATHAK | BEEO KATKAMDAG | BEEO KATKAMDAG | 72579429189 |
| | | | POLLING OFFICER 1 | UMESH KUMAR MEHTA | PARA TEACHER | PRIMARY SCHOOL SEKHA, HAZARIBAGH, 412-22 | 9507559723 |
| | | | POLLING OFFICER 2 | SHIV KUMAR SINGH | PARA TEACHER | PRIMARY SCHOOL HUTPA, HAZARIBAGH, 412-33 | 9934125186 |
| | | | POLLING OFFICER 3 | RAKESH KUMAR | PARA TEACHER | PRIMARY SCHOOL HUTPA, HAZARIBAGH, 412-33 | 8084361449 |
| | | | RESERVE | DILIP RAM | PARA TEACHER | PRIMARY SCHOOL GURHET, HAZARIBAGH, 412-37 | 9931568611 |
| संत कोलम्बस महाविधालय के व्यावसायिक भवन एवं इग्नु सेंटर, केन्द्र संख्या 02 | 19.05.24 8:00 AM TO 3:00 PM | 22-BARKAGAON 24-MANDU | NODAL OFFICER | SHAIL BALA | CDPO SADAR | CDPO SADAR RULAR | 9470931576 |
| | | | POLLING OFFICER 1 | SANTOSH KUMAR RAVIDAS | PARA TEACHER | GIRLS PRIMARY SCHOOL LAKHE, HAZARIBAGH, 412-10 | 7635080905 |
| | | | POLLING OFFICER 2 | MANOJ KUMAR | PARA TEACHER | UPG P.S. MANDAIKHURD BHUIYATOLI, HZB 412 - 14 | 9304142327 |
| | | | POLLING OFFICER 3 | SHANKAR KUMAR RAM | PARA TEACHER | UPG P.S. GURWA, HAZARIBAGH, 412-42 | 9939507276 |
| | | | RESERVE | JITENDRA KUMAR RAM | PARA TEACHER | UPG P.S. CHAYA, HAZARIBAGH, 412-31 | 8538925242 |
| संत कोलम्बस महाविधालय के व्यावसायिक भवन एवं इग्नु सेंटर, केन्द्र संख्या 03 | 19.05.24 8:00 AM TO 3:00 PM | 25 HAZARIBAG OTHER DISTRICT | NODAL OFFICER | REKAH RANI | CDPO SADAR | CDPO SADAR URBAN, HAZARIBAG | 9934203884 |
| | | | POLLING OFFICER 1 | SATENDRA KUMAR | PARA TEACHER | UPG P.S. CHANO-II, HAZARIBAGH, 412-06 | 6201473129 |
| | | | POLLING OFFICER 2 | ARVIND KR.SINGH | PARA TEACHER | UPG P.S. MARIAMTOLA, HAZARIBAGH, 412-77 | 8709635485 |
| | | | POLLING OFFICER 3 | PRADEEP KUMAR RANA | PARA TEACHER | UPG P.S. CHUTIARO, HAZARIBAGH, 412-35 | 9955008590 |
| | | | RESERVE | RAVINDRA RAM | PARA TEACHER | UPG P.S. BHELWATAR, HAZARIBAGH, 412-20 | 6202622112 |

उक्त केन्द्रों पर पोस्टल बैलेट से मतदान कराये जाने हेतु अधोहस्ताक्षरी के आदेश ज्ञापांक 185 दिनांक 04.05.2024 द्वारा Facilitation Centre Incharge को प्रतिनियुक्त किया गया है साथ ही कार्मिक कोषांग के पत्र संख्या 190 दिनांक 07.05.2024 द्वारा निम्नांकित तीन पदाधिकारियों को पोस्टल बैलेट-सह-मतपत्र कोशांग में भी प्रतिनियुक्त किया गया है। इन पदाधिकारियों को दिनांक 19.05.2024 को निम्नवत क्पेचंजबी बमदजतम पर प्रतिनियुक्त किया जाता है तथा निदेश दिया जाता है कि अपने आवंटित Facilitation Centre पर उपस्थित होकर संबंधित Facilitation Centre Incharge को आवश्यक सहयोग प्रदान करते हुए Annexure 13 A को सत्यापित करने का कार्य करेंगें।

| क0 | पदाधिकारी का नाम | पदनाम | संबंधित कार्यालय का नाम | क्पेचंजबी बमदजतम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती विजया लक्ष्मी | अवर विधालय निरीक्षक। | अवर विधालय निरीक्षक, नगरपालिका, हजारीबाग | बिनोबा भावे विश्वविधालय, हजारीबाग। |
| 2 | श्री राजेश प्रसाद शाह | सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, हजारीबाग | सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ, हजारीबाग। | संत कोलम्बस कॉलेज, हजारीबाग। |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, हजारीबाग

PR 324864 Election(24-25)#D

# लू से सर्वाधिक मौत


दुनिया भर में प्रति वर्ष करीब 1.53 लाख लोगों की मौत भीषण गर्मी या लू के कारण होती है। इनमें से सबसे ज्यादा 20 फीसदी मौतें भारत में होती हैं। एक अध्ययन से यह जानकारी मिली। पिछले 30 वर्षों से अधिक के आंकड़ों के आधार पर यह अध्ययन किया गया। भारत के बाद चीन और रूस का स्थान है, जिनमें से प्रत्येक में क्रमशः लगभग 14 फीसदी और 8 फीसदी मौतें भीषण गर्मी से जुड़ी होती हैं।
मोनाश विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में पाया गया कि लू से जुड़ी मौतें गर्मी से संबंधित सभी मौतों का लगभग एक तिहाई और वैश्विक स्तर पर कुल मौतों का एक प्रतिशत है। शोधकताओं ने यह भी पाया है कि हर साल गर्मियों में होने वाली कुल 1.53 लाख अतिरिक्त मौतों में से लगभग आधी एशिया में और 30 प्रतिशत से अधिक यूरोप में होती हैं। इसके अलावा, सबसे बड़ी अनुमानित मृत्यु दर (जनसंख्या के अनुपात में मृत्यु) शुष्क जलवायु और निम्न-मध्यम आय वाले क्षेत्रों में देखी गई। अध्ययन में 2019 तक के दशक की तुलना 1999 तक के दशक से करने पर, दुनिया भर में हर साल भीषण गर्मी की अवधि औसतन 13.4 से 13.7 दिनों तक बढ़ी हुई पाई गई। इसमें हर दशक में वातावरण का औसत तापमान 0.35 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया। भारत में गर्मी की अवधि भी अधिक है लेकिन मई और जून की तपिश जानलेवा होती है। अधिकतम तापमान देश के पश्चिमी हिस्से में 50 डिग्री को पार कर जाता है। विशेषकर उत्तर भारत में लू और गर्मी जनित रोगों के कारण अधिकाधिक मौत होती है। अब देश का दक्षिणी हिस्सा भी गर्मी के चपेट में आ गया है। चैन्नई का तापमान जहा 40 डिग्री को पार कर रहा है वहीं बंगलूरू में भी गर्मी लोगों को परेशान कर रहा है।

# मतदान में कमी

मतदान में कमी को राजनेताओं के प्रति घटते विश्वास के रूप में भी देखा जाना चाहिए। दरअसल, कथनी-करनी के फर्क से जनता राजनेताओं से इतनी खिन्न हो चुकी है कि वह नेताओं के वायदों-इरादों पर विश्वास करने से गुरेज करती है। बार-बार छलने से उसका राजनेताओं से मोहभंग होता जा रहा है। दरअसल, सत्ता केंद्रित राजनीति के चलते सत्ता के दंभ से लेकर दल-बदल और सरकारें बनाने-गिराने के खेल से देश का जनमानस व्यथित है। आये दिन लगने वाले आरोप-प्रत्यारोप व नकारात्मक राजनीतिक हथकंडों ने बार-बार जनता का मोह भंग ही किया है। उसे लगता है कि क्या मेरे मतदान कुछ बदलेगा भी? एक राजनेता एक बार किसी दल से चुनाव लड़ता है और फिर पाला बदलकर दूसरे दल में चला जाता है, उससे क्या लोकतंत्र का भला होगा? ऐसे ही कई सवाल मतदाता को आये दिन हैरान-परेशान करते रहते हैं। जिसका असर कालांतर मतदान प्रतिशत पर भी पड़ता है। बहरहाल, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद हुए पहले मतदान में प्रतिशत का अधिक रहना सुखद ही है। बहरहाल, पूरे देश में चुनाव प्रतिशत में कमी के रुझान पर चुनाव आयोग को भी गंभीर मंथन करना चाहिए कि मतदान बढ़ाने के लिये देशव्यापी अभियान चलाने के बावजूद वोटिंग अपेक्षाओं के अनुरूप क्यों नहीं हो पायी। वहीं राजनीतिक दलों को भी आत्ममंथन करना चाहिए कि मतदाता के मोहभंग की वास्तविक वजह क्या है। कुल मिलाकर देश में राजनीतिक धारा को लेकर जनता में जो अविश्वास गहरा हो रहा है, उसे यदि समय रहते दूर करने का प्रयास न किया गया तो आने वाले समय में उसके नकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं। बड़ी संख्या में विस्थापितो के मतदान की व्यवस्था भी किया जाना आवश्यक है।

# यूपी में मिशन 80 का लक्ष्य साधती 'मोदी-योगी' की टीम





- आरके सिन्हा

> योगी ने दिखा दिया है कि गर्वनेंस क्या होता है। कानून व्यवस्था क्या होती है। विकास क्या होता है और इसलिए योगी के नेतृत्व में इस बार रिकॉर्ड टूटेगा। इस बार 2014 और 2019 का रिकॉर्ड टूटेगा और यूपी इतिहास रचेगा। यूपी के चुनावी सफर में 2014 का लोकसभा चुनाव मील का पत्थर साबित हुआ ।यूपी की अर्थव्यवस्था में गुणात्मक सुधार हुए। वर्ष 2016-17 के मुकाबले राज्य का सकल घरेलू उत्पाद(जीएसडीपी) दोगुनी होकर 25 लाख करोड़ तक पहुंच गया।

जिस पार्टी के पास यूपी में सबसे अधिक सीटें होंगी, प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने का उसका रास्ता उतना ही आसान होगा। यही वजह है कि यूपी की 80 सीटों पर जीत हासिल करने के लिए राजनीतिक दल 2024 लोकसभा चुनावों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे।

अलबत्ता सियासी पैंतरेबाजी से उलट राजनीतिक विश्लेषक यही मान रहे हैं कि इस बार यूपी में लोकसभा चुनाव के परिणाम अप्रत्याशित नहीं होंगे। भाजपा 2019 लोकसभा चुनावों का प्रदर्शन बखूबी दोहराएगी। मोदी और योगी की जोड़ी एक बार फिर करिश्माई प्रदर्शन करेगी। दरअसल, मोदी-योगी की जोड़ी जीत की गारंटी बन चुकी है, जिसके आगे विपक्षी तेवर भी ढीले नजर आते हैं। विपक्ष के पास इस जोड़ी की कोई काट नहीं।

भाजपा अगर यूपी में लोकसभा की सभी 80 सीटों पर जीत के लक्ष्य के साथ चुनावी मैदान में ताल ठोंक रही है, तो उसके पीछे भी इसी जोड़ी का भरोसा है। प्रधानमंत्री कई बार सार्वजनिक मंचों से योगी के विकास मॉडल की तारीफ कर चुके हैं। प्रधानमंत्री इसी मॉडल के जरिए यूपी की सभी सीटों पर जीत का दावा भी कर रहे हैं। जैसा कि अमरोहा की अपनी चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री ने कहा भी कि ह्यलिखकर ले लीजिए। सात साल से यूपी में योगी की सरकार है। 2019 लोकसभा चुनाव के समय उन्हें दो ही साल काम करने का मौका मिला था। अब तो सात साल हो गए हैं। योगी ने दिखा दिया है कि गर्वनेंस क्या होता है। कानून व्यवस्था क्या होती है। विकास क्या होता है और इसलिए योगी के नेतृत्व में इस बार रिकॉर्ड टूटेगा। इस बार 2014 और 2019 का रिकॉर्ड टूटेगा और यूपी इतिहास रचेगा।

यूपी के चुनावी सफर में 2014 का लोकसभा चुनाव मील का पत्थर साबित हुआ। इसी साल यूपी में भाजपा का सियासी वनवास पूरा हुआ। उस समय भाजपा के सामने कोई गठबंधन नहीं था। भाजपा ने करीब 43 फीसदी वोट हासिल करते हुए 80 में से 71 सीटों पर जीत दर्ज की थी। समाजवादी पार्टी ने पांच सीटें जीती। जबकि, कांग्रेस मात्र 2 सीटों पर ही सिमटकर रह गई थी। बसपा का तो खाता भी नहीं खुला था।

2019 लोकसभा चुनाव में मोदी लहर और योगी के कार्यों के दम पर बीजेपी ने चुनावी दंगल में पुनः ताल ठोंकी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो साल का कार्यकाल पूरा कर चुके थे। नरेंद्र मोदी को रोकने के लिए समाजवादी पार्टी और बसपा साथ आए। रालोद ने भी साथ दिया। हालांकि चुनाव परिणाम पुनः भाजपा के पक्ष में ही रहा। भाजपा ने करीब 50 फीसदी वोट शेयर के साथ 61 सीट जीती। बसपा 10 सीट, सपा 5 सीट और कांग्रेस के खाते में महज एक सीट आई।

योगी ने 2019 के बाद एक मजबूत और कड़े फैसले लेने वाले मुख्यमंत्री की छवि बनाई और जिसकी परिणिति उत्तरप्रदेश में बुलडोजर के रूप में सामने आई। जो कहीं न कहीं 2022 विधानसभा चुनाव में भाजपा का चुनावी सिंबल सा बन गया। मुख्यमंत्री ने राज्य में कानून व्यवस्था के मोर्चे पर अपने प्रदर्शन के चलते चुनाव को आभासी जनमत संग्रह बना दिया था। भाजपा ने चुनावों में ऐतिहासिक वापसी की और तीन दशकों से चल रहा समाजवादी पार्टी की साइकिल का पहिया पूरी तरह रुक गया। यूपी में भाजपा का वोट प्रतिशत भी 2014 के बाद से लगातार 40 फीसद के ऊपर ही बना हुआ है। विगत दो लोकसभा चुनावों के मुकाबले 2024 चुनाव में स्थिति बिल्कुल अलग है। सपा ने इस बार कांग्रेस से हाथ मिला लिया है जबकि बसपा अकेले ताल ठोंक रही है। रालोद भी इस बार भाजपा के साथ है। एनडीए ने जातीय समीकरण बैठाने के लिए अपना दल (एस), निषाद पार्टी और सुभासपा जैसे क्षेत्रीय दलों के साथ भी गठबंधन किया है।

भाजपा इस लोकसभा चुनाव में यूपी में बेहतर स्थिति में है तो इसमें केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों के साथ योगी मॉडल का अहम योगदान है। केंद्र में जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतारा। जिस तरह गरीब, युवा, महिला और किसानों के जीवन में खुशहाली लेकर आए उसी तरह योगी ने यूपी में सुशासन का राज कायम काम किया। योगी के सुशासन को अगर आंकड़ों के पैरामीटर पर देखें तो यह जानकर संतुष्टि होती है कि सात साल के कार्यकाल में एक भी दंगे नहीं हुए। जबकि पहले के मुख्यमंत्रियों के समय औसतन हर तीसरे-चौथे दिन एक दंगा होता था। यह किसी से छिपा नहीं है कि पहले पेशेवर माफिया और अपराधी सत्ता के संरक्षण में दहशत फैलाते थे।

योगी राज में माफियाओं पर लगाम लगी। यूपी में जनता अब भयमुक्त है, अपराधियों के मन में कानून का खौफ है। पुलिस अपराधियों, माफियों और दंगाइयों पर कहर बनकर टूटी है। उत्तर प्रदेश अपराध मुक्त, भयमुक्त एवं दंगामुक्त हुआ है। प्रदेश में पुलिस के डर से बड़े-बड़े अपराधी और माफिया प्रदेश छोड़कर या तो भाग गए या उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिए हैं।

यूपी में विकास योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में केंद्र सरकार ने भी भरपूर साथ दिया। यही वजह है कि केंद्र की योजनाओं यूपी में खूब फलीभूत हुई। जिस कारण यूपी की अर्थव्यवस्था में गुणात्मक सुधार हुए। वर्ष 2016-17 के मुकाबले राज्य का सकल घरेलू उत्पाद(जीएसडीपी) दोगुनी होकर 25 लाख करोड़ तक पहुंच गया। राज्य सरकार ने 2027 तक प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश का बजट 2016-17 में जहां 3.46 लाख करोड़ रुपये का था वहीं 2024-25 में यह दोगुने से भी अधिक 7.36 लाख करोड़ रुपये का हो गया। विकास के इन्हीं आंकड़ों की बदौलत भाजपा यूपी में मिशन 80 का लक्ष्य हासिल करने का दावा कर रही है। लोकसभा चुनावों में कौन बाजी मारेगा यह तो भविष्य के गर्भ में है लेकिन इतना तय है कि मोदी-योगी की जोड़ी पर यूपी की जनता का विश्वास बना हुआ दिख रहा है।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

## खास बात

### स्टार्ट अप और आइटी में जॉब

**अभिषेक कुमार**

**भारत** पहले ही उपभोक्ताओं के डिजिटलीकरण की तेज गति के साथ दुनिया को अपनी क्षमता दिखा चुका है। मैकिंजी ग्लोबल इंस्टीट्यूट ने इसका उल्लेख सबसे बड़े और तेज बढ? वालों में किया। प्रति मोबाइल उपभोक्ता औसत डेटा खपत भी चीन से अधिक और कोरिया के समान है। यह जियो जैसी कंपनियों के कारण संभव हुआ क्योंकि उन्होंने सस्ता डेटा दिया। इसके अलावा कम लागत पर तत्काल भुगतान का बुनियादी ढांचा तैयार हुआ और देश में खुदरा डिजिटल भुगतान सालाना 50 प्रतिशत की दर से बढ़ा। वस्तु एवं सेवा कर व्यवस्था में जहां एक मंच पर एक करोड़ से अधिक उद्यम मौजूद हैं, उसे तकनीकी क्षमता मुहैया कराई गई। 1.2 अरब लोगों के पंजीयन के साथ डिजिटल पहचान व्यवस्था कायम की गई। सरकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ दिलाने के लिए सॉफ्टवेयर पैकेज तैयार किया गया। इन मंचों का इस्तेमाल करके कई कारोबार खड़े किए गए। देश में बड़ी तादाद में यूनिकॉर्न (स्टार्टअप जिनका कारोबार 100 करोड़ डॉलर से अधिक हो) होने की यह भी एक वजह है। मूल्यांकन में उछाल अभी शुरू ही हुआ है क्योंकि निवेशक पैसा लगा रहे हैं। औद्योगिक संगठन नैसकॉम का कहना है कि डिजिटल अर्थव्यवस्था 10 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच सकती है। उसका कहना है कि हर पांचवीं स्टार्टअप वैज्ञानिक या अभियांत्रिकी संबंधी चुनौतियों के हल पर केंद्रित है और यह सबसे तेज विकसित होने वाला हिस्सा है।

बड़े उद्यमों को डेटा विश्लेषण मुहैया कराया जा रहा है और पहली स्टार्ट अप विदेशी बाजारों में प्रवेश कर चुकी है। उत्पादकता में व्यापक सुधार हो सकता है। यदि समुचित विपणन नीतियां तैयार की गईं तो कृषि क्षेत्र की आय में भी सुधार हो सकता है। बिचौलियों की कीमत पर उत्पादक का मूल्यवर्धन करके ऐसा किया जा सकता है।

इस मॉडल पर बनी अर्थव्यवस्था में कुशल-अकुशल कर्मियों की तुलना में पेशेवर कामगार बढ़ेंगे। इससे कम शिक्षित तबके को नुकसान होगा क्योंकि उसका जीवन अनिश्चित होगा।

# सन 100 की बात

## विचार-प्रवाह

**सुभाष काक**

**इसी** तरह सबसे ऊपर की तीन स्थितियां हैं, असुर, मानव और देव। वहां ऐसे उत्सव होते, जिसमें यक्षों का आह्वान किया जाता। अवंतिपुर और मार्तंड के खंडहर हमें इस बारे में बताते हैं, फिर भी हमने इसे ठीक से नहीं समझा।

वैदिक देवता कश्मीर के रास्ते चीन और जापान गए। चौथी महान परिषद भी कुषाण शासक कनिष्क के संरक्षण में सन 100 में वहां हुई। सर्वास्तिवादिन स्कूल के भिक्षुओं ने नए सिद्धांत संकलित किए। यही महायान का आधार बना। वैदिक देवता इस समझ का एक हिस्सा थे, जैसे कि ईश्वर की साधना के परम लक्ष्य के साथ ध्यान एक हिस्सा था वैदिक परंपरा का। श्रीनगर के पास कंकुना स्तूप के परिहसापुरा स्मारक पामीर पर्वत से जापान तक पूरे एशिया में एक मॉडल की तरह हैं। वैदिक देवों की कश्मीरी तस्वीर भी बहुत हद तक नकल की गई। कला इतिहासकार सुसान हंटिंगटन हमें याद दिलाते हैं कि चीन में युनांग गुफाएं, एशिया की कई जगहों पर दीवारों पर हुई पेंटिंग और जापान की कुछ पांडुलिपियों का मूल्यांकन इस बात को ध्यान में रखते हुए होना चाहिए कि इनका स्रोत कश्मीर हो सकता है।वैदिक विचारों को भी दक्षिण भारत और दक्षिण पूर्व एशिया से समुद्री मार्ग के जरिए जापान ले जाया गया। इससे पता चलता है कि तमिल स्वर विज्ञान के माध्यम से संस्कृत के कुछ शब्द जापानी में कैसे बदले। उदाहरण के लिए, संस्कृत का होम शब्द जापानी में गोम हो गया। जापान में संस्कृत मंत्रों को दक्षिण भारत की सिद्धम लिपि में लिखा जाता है। आइए मिलते हैं उन वैदिक देवताओं से जो आज के जापान में लोकप्रिय हैं। शुरू करते हैं वैदिक अग्नि और अभिषेक समारोह से।

**जब** कोई काम नही कर रहे हो तो घड़ी की तरफ देखो ,
और
जब कोई काम कर रहे हो तो घड़ी की तरफ मत देखो ..!!
**-अमिताभ बच्चन**

## आपके X ट्वीट



जमशेदपुर में बंगभाषियों की संस्था बंग बंधु द्वारा कवि गुरु रबीन्द्रनाथ टैगोर जी एवं काजी नजरुल इस्लाम जी के जयंती समारोह में शामिल हुआ।जिस साहित्य को इन महान विभूतियों ने सौ साल पहले लिखा, वह आज भी अतुलनीय है।**- चंपई सोरेन सीएम**



अंतःकरण में सत्य,प्रेम-करुणा और परमात्मा की पारमार्थिक वृत्तियों का प्रस्फुटन ही बुद्धत्व का अवतरण है पूर्वक यौगिक क्रियाओं के अनुशीलन व ईश अनुग्रह से स्वबोध अर्थात बुद्धत्व की उपलब्धि संभव है।
**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**

# गणतंत्र को ग्राम पंचायत तक पहुंचाने वाले प्रधानमंत्री राजीव गांधी

**सुधांशु कुमार**

## चर्चा

गौर करें कि संसदीय गणतंत्र, एक छतरी की तरह हो गया है। समय-समय पर आने वाली बरखा रूपी जनाकांक्षा की बूंदें, जिसके धारक प्रतिनिधियों को स्पर्श करती भी हों, तो भिगो नहीं रही। सिर्फ इतना नहीं, बल्कि धारक प्रतिनिधि इस बात के लिए ज्यादा सतर्क रहने लगे हैं कि वे किसी भी तरह भीगने न पाएं। हम, भारत विविध भूगोल, संस्कृति व जीवन शैलियों का देश हैं। एकसमान योजना-परियोजना-तौर-तरीका-तकनीक को सभी पर लागू करना; सभी के लिए हितकरी सिद्ध हो; भारत में यह जरूरी नहीं। अतः भारत को एक ऐसे विशाल हृदया निर्मल तालाब की प्रकृति का गणतंत्र होने की जरूरत हो; जिसमें दूर-दूर से आये जल रूपी विविध विचार और समृद्धि प्रयास समा सकें; कई रंग के कमल, मछलियां और अन्य जीव-जन्तु न सिर्फ आवास पा सकें, बल्कि उसकी सुन्दरता व गतिविधियों में योगदान दें।

संभवतः इसीलिए राष्ट्रपिता गांधी ने भारत को संवैधानिक तौर पर संसदीय की बजाय, पंचायती गणतंत्र बनाने का दस्तावेज संविधान सभा को सौंपा था। पंचायतीराज विधेयक को संसद में पेश करते वक्त तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भारत के लोगों को अधिकतम लोकतंत्र, अधिकतम सत्ता सुपुर्द कर, सत्ता के दलालों का खात्मा करने की मंशा इभी इसीलिए जाहिर की थी।

उन्होने याद दिलाया था - "जब हम पंचायतों को वही दर्जा देंगे, जो संसद और विधानसभाओं को प्राप्त है; तो हम लोकतांत्रिक भागीदारी के लिए दरवाजे. खोल देंगे।... सत्ता के दलालों ने इस तंत्र पर कब्जा कर लिया है। सत्ता के दलालों के हित में इस तंत्र का संचालन हो रहा है।...सत्ता के दलालों के नाशपाश को तोड़ने का एक ही तरीका है और वह यह है जो जगह उन्होने घेर रखी है, उसे लोकतंत्र की प्रक्रियाओं द्वारा भरा जाए।... सत्ता के गलियारों से सत्ता के दलालों को निकाल कर, पंचायतें जनता को सौंपकर, हम जनता के प्रतिनिधियों पर और जिम्मेदारी डाल रहे हैं कि वे सबसे पहले उन लोगों की तरफ ध्यान दें, जो सबसे करीब हैं; सबसे वंचित हैं; सबसे जरूरतमंद हैं।.... हमें जनता में भरोसा है। जनता को ही अपनी किस्मत तय करनी है।" 73वें-74वें संविधान संशोधन ने पारित होकर दर्जा भी दिया और जिम्मेदारी भी डाली। मोदी सरकार द्वारा शुरू 'ग्राम पंचायत विकास योजना' ने भी एक खिड़की खोली है। संसदीय मतलब आसमानी, पंचायती मतलब जमीनी गणतंत्र; किंतु हम, भारत के नागरिक आज भी यह फर्क हासिल करने को प्रेरित नहीं दिखाई दे रहे। हम, आज भी आसमानी गणतांत्रिक व्यवस्था की ओर ही ताक रहे हैं।

हमें हर जरूरत की पूर्ति के लिए सरकार के समक्ष मांग का कटोरा लेकर ताकने की आदत जो डाल दी गई है। पंचायती गणतंत्र के सपने को जमीन पर उतारने से हिचकिचाहट, आज भी राज्यों के पंचायतीराज अधिनियम में साफ दिखाई दे रही है। एक ओर तारीख-पे-तारीख के खेल में खिंचते मुकदमों से हैरान-परेशान अवाम; दूसरी ओर अनेक ने न्याय पंचायती व्यवस्था को लागू नहीं किया; एक प्रदेश की विधायिका ने लागू को ही मिटा दिया! सत्ता पाकर गांव का प्रधान, पंच और ग्रामसभा में बंट जाना। इस सत्ता-चरित्र से उबरे बगैर पंचायती गणतंत्रता की ओर बढ़ना असंभव है और आर्थिक साम्राज्यवाद के खतरों से अंतिम जन को बचाना भी। आखिर सत्ता का विकेन्द्रीकरण से क्यों भाग रही है राजनीतिक पार्टियां। क्या इससे बचकर एक बेहतर देश का निर्माण संभव है?

एक विवश, बेवश ग्रामीण को लूटते तंत्र को बचाता गणतंत्र।

## कार्टून वर्ल्ड




# भारत सहित एशियाई देश देंगे इस वर्ष विश्व अर्थव्यवस्था में 60 प्रतिशत का योगदान

**प्रहलाद सबनानी**

## आर्थिक

वैश्विक स्तर पर आर्थिक क्षेत्र का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। अभी तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में विकसित देशों का दबदबा बना रहता आया है। परंतु, अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2024 में भारत सहित एशियाई देशों के वैश्विक अर्थव्यवस्था में 60 प्रतिशत का योगदान होने की प्रबल सम्भावना है। एशियाई देशों में चीन एवं भारत मुख्य भूमिकाएं निभाते नजर आ रहे हैं। प्राचीन काल में वैश्विक अर्थव्यस्था में भारत का योगदान लगभग 32 प्रतिशत से भी अधिक रहता आया है।

वर्ष 1947 में जब भारत ने राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त की थी उस समय वैश्विक अर्थव्यस्था में भारत का योगदान लगभग 3 प्रतिशत तक नीचे पहुंच गया था क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था को पहिले अरब से आए आक्राताओं एवं बाद में अंग्रेजों ने बहुत नुक्सान पहुंचाया था एवं भारत को जमकर लूटा था। वर्ष 1947 के बाद के लगभग 70 वर्षों में भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारतीय अर्थव्यवस्था के योगदान में कुछ बहुत अधिक परिवर्तन नहीं आ पाया था। परंतु, पिछले 10 वर्षों के दौरान देश में लगातार मजबूत होते लोकतंत्र के चलते एवं आर्थिक क्षेत्र में लिए गए कई पारदर्शी निर्णयों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था को तो जैसे पंख लग गए हैं। आज भारत इस स्थिति में पहुंच गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में वर्ष 2024 में अपने योगदान को लगभग 18 प्रतिशत के आसपास एवं एशिया के अन्य देशों यथा चीन, जापान एवं अन्य देशों के साथ मिलकर वैश्विक अर्थव्यवस्था में एशियाई देशों के योगदान को 60 प्रतिशत तक ले जाने में सफल होता दिखाई दे रहा है।

भारत आज अमेरिका, चीन, जर्मनी एवं जापान के बाद विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। साथ ही, भारत आज पूरे विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में तो भारत की आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत से अधिक रहने की प्रबल सम्भावना बन रही है क्योंकि वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तीन तिमाहियों में भारत की आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत से अधिक रही है, अक्टूबर-दिसम्बर 2023 को समाप्त तिमाही में तो आर्थिक विकास दर 8.4 प्रतिशत की रही है। इस विकास दर के साथ भारत के वर्ष 2025 तक जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने की प्रबल सम्भावना बनती दिखाई दे रही है। केवल 10 वर्ष पूर्व ही भारत विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था और वर्ष 2013 में मोर्गन स्टैनली द्वारा किए गए एक सर्वे के अनुसार भारत विश्व के उन 5 बड़े देशों (दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, इंडोनेशिया, टर्की एवं भारत) में शामिल था जिनकी अर्थव्यवस्थाएं नाजुक हालत में मानी जाती थीं।

आज भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.7 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है। साथ ही, वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण में लगातार तेज वृद्धि आंकी जा रही है, जिससे भारत के वित्तीय संसाधनों पर दबाव कम हो रहा है और भारत पूंजीगत खर्चों के साथ ही गरीब वर्ग के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के लिए वित्त की व्यवस्था आसानी से कर पा रहा है। दूसरे, अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपये की कीमत लगातार स्थिर बनी हुई है, जिससे विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास भी बढ़ रहा है और भारत में विदेशी निवेश भी लगातार बढ़ता जा रहा है। तीसरे, भारत में मुद्रा स्फीति पर भी तुलनात्मक रूप से नियंत्रण पाने में सफलता मिली है। अन्य देश अभी भी मुद्रा स्फीति की समस्या से जूझ रहे हैं। आर्थिक क्षेत्र में उक्त कारकों के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 8 प्रतिशत से अधिक बने रहने की प्रबल सम्भावनाएं बनी रहेंगी। इसके ठीक विपरीत, जापान एवं जर्मनी की आर्थिक विकास दर या तो मंदी के दौर से गुजर रहीं हैं अथवा विकास दर बहुत कम अर्थात एक-दो प्रतिशत से भी कम बनी हुई है।

भारत के स्टील उद्योग, सिमेंट उद्योग एवं ऑटोमोबाइल निर्माण के क्षेत्र ने 10 प्रतिशत से अधिक की विकास दर हासिल कर ली है। डिजिटल आधारभूत ढांचे के निर्माण के क्षेत्र में तो भारत विश्व गुरु बन गया है और इससे आज भारत में 13400 करोड़ से अधिक के डिजिटल व्यवहार हो रहे हैं ।

## लेटर टू एडिटर

### महापुरुषों की राह

**चुनावी** उम्मीदवार महापुरुषों का अनुसरण मात्र वोट बैंक भुनाने के लिए करते हैं। चुनाव जीतने के बाद वादे, जनता का विश्वास धराशायी हो जाता है। उनकी करनी और कथनी में काफी अंतर दिखाई पड़ता है। जनहित राजनेताओं की आंखों से ओझल हो जाता है। स्वच्छ राजनीति महापुरुषों के आचरण के अनुसरण से ही संभव है।

**-अनिल कौशिक, रांची**

### वक्त की मांग

**ऑनलाइन** बाजार में होम डिलीवरी के बढ़ते क्षेत्र को देखकर लगता है कि अब सरकारें भी इस कार्यक्षेत्र को अपनाने वाली हैं। इसके चलते अब जनता को घर-घर राशन पहुंचाया जायेगा ताकि किसी को भी राशन के लिए परेशान न होना पड़े। आंध्र प्रदेश सरकार 1 फरवरी से यह ऐतिहासिक कदम उठाने जा रही है। जनता को घरों से बाहर निकलने की जरूरत नहीं पड़ती। **- नवज्योत, जमशेदपुर**

## स्पीड न्यूज

### चुलाई शराब व जावा महुआ बरामद



**रामगढ़।** निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देशानुसार गुरुवार को सहायक आयुक्त उत्पाद अजय कुमार गोंड के नेतृत्व में कई क्षेत्रों में अवैध शराब के विरुद्ध चलाया गया। रामगढ थाना अंतर्गत राजगढ़ एवं रजरप्पा थाना अंतर्गत धुटूआ में अवैध शराब भट्ठियों में छापामारी कर कुल 35 लीटर चुलाई शराब एवं 300 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया । छापामारी अभियान में धुटूआ निवासी तिलचंद उर्फ सूरज करमाली एवं राजगढ़ निवासी अशोक भुईयां के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। छापेमारी मेंउत्पाद अवर निरीक्षक कांग्रेश कुमार, अवर निरीक्षक दिलीप कुमार शर्मा, सहायक अवर निरीक्षक अमित मड़की, सशस्त्र गृहरक्षक के जवान विनय सिंह, कमलेश कुमार आदि शामिल थे।

### श्रमिक संघ ने मनीष को दिया समर्थन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बरका-सयाल क्षेत्रीय कार्यालय सयाल में गुरूवार को अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ क्षेत्रीय कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव राम व सचिव संचालन संजय मिश्रा ने किया। केंद्रीय उपाध्यक्ष मुन्ना श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र के एनडीए सरकार में ही मजदूरों का ग्रेच्युटी का पैसा 20 लाख किया गया। 11वां वेज बोर्ड में कोयला कर्मियों का वेतन बढ़ोतरी किया गया है। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल को हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से एजेकेएसएस के कार्यकर्ता भरी मतों से विजय बनायेंगे। मौके पर केंद्रीय सदस्य संतोष ठाकुर, क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव राम, सचिव संजय मिश्रा, विकास कांत सिन्हा, रामश्रृष्ठ, रोबिन मुखर्जी, बिनोद कुमार, बिनोद कुमार सिंह, शिवनंदन दास, अंजन दास, बिनोद सिंह, जशिम अंसारी, रंजीत कुमार, गोकुल प्रसाद, भारत कुमार, लखी उरांव, प्रेम कुमार राय, आमोद सिन्हा, बबलू हेंब्रम, अदीप कुमार, दिनेश विश्वकर्मा, सनी कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### जुमरा में झामुमो की बैठक




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल की लोकसभा चुनाव में जीत को लेकर सांकी पंचायत के जुमरा में गुरूवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक हुई। बैठक में झामुमो के पतरातू प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया व प्रखंड सह सचिव नरेश बड़ाईक मौजूद थे। बैठक में जेपी भाई पटेल को भारी मतों से विजयी बनाने की रणनीति बनायी गई और जनसंपर्क अभियान चलाने की बात कही गई। बेदिया ने कहा कि भाजपा को हजारीबाग ही नहीं पूरे देश से उखाड़ फेंकना होगा, तभी यहां के आदिवासी व मूलवासियों और सभी समुदाय के लोगों का विकास संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के रहते आदिवासी, मूल निवासी और गरीबो का शोषण होते रहेगा। बेदिया ने कहा कि मोदी सरकार पूंजीपतियों की सरकार है इसमें किसान-मजदूरों का भला नहीं हो सकेगा। मौके पर देव बेदिया, सहजनाथ बेदिया, किशोर प्रजापति, विश बेदिया सहित दर्जनों महिला-पुरुष मौजूद थे।

### पीवीयूएनएल में स्वच्छता पखवाड़ा शुरू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीवीयूएनएल पतरातु में गुरूवार को स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम शुरू हुआ। इसका शुभारंभ सीईओ आरके सिंह एवं जीएम (ओएंडएम) देवदीप बोस ने प्रोजेक्ट ऑफिस में सभी कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाकर किया। स्वच्छता रैली प्रोजेक्ट ऑफिस से शुरू होकर क्लिम्स गेट के बाहर तक गया। इस पखवाड़ा के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कहा गया कि अपने घर सहित आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखना हमसबों का दायित्व है। 16 मई से शुरू हुआ यह कार्यक्रम 31 मई तक चलेगा। इस दौरान स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। कर्मचारियों, उनके परिजनों एवं बच्चों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी जागरूकता फैलाना जायेगा। मौके पर बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिकारी, यूनियन व एशोसिएशन के प्रतिनिधि तथा कर्मचारियों ने सम्मिलित होकर स्वच्छता का सामुहिक शपथ लिया। इधर मतदाता जागरूकता फैलाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के प्रमुख कार्यक्रम स्वीप के तहत पीवीयूएनएल पतरातु ने मतदाता जागरूकता पर एक वीडियो अभियान चलाया। कहा गया कि 20 मई को लोकसभा चुनाव के लिए पीवीयूएनएल परिवार की तरफ से एक पहल है। जिसमे लोगो को वोट डालने की अपील करते हुए उन्हें मतदान डालने जाने की बात कही गई है। मौके पर सीईओ आरके सिंह ने मतदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए भारी से भारी संख्या में मतदान करने की अपील की।

### अवैध कोयला मुहानों पर डोजरिंग



**कुजू।** कुजू पुलिस व सीसीएल सुरक्षा विभाग क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं में बने अवैध मुहानों को बंद करने में लगी है। इसी के तहत गुरूवार को सारुबेडा परियोजना के बूटबेडा में 02 अवैध कोयला उत्खनन मुहानों को जेसीबी मशीन से मिट्टी व पत्थर डालकर बंद किया । परियोजना क्षेत्र में स्थानीय लोगों द्वारा अवैध मुहाना बनाकर अवैध तरीके से कोयला निकालकर कोयला तस्करों तक पहुंचाते है। जिसके बाद कोयला तस्कर उसे बाहर के मंडियों में बेचकर मालामाल होते है। जिसकी भनक पुलिस को लगते ही सीसीएल सुरक्षा विभाग के साथ मिलकर ऐसे अवैध मुहानों को बंद कर अवैध कोयला ढुलाई पर रोक लगा रही है। अभियान में हेमंत कुमार सिंह, अजय कुमार, मुकेश कुमार, बिट्टू सिंह, रॉकेट मुर्मू, चंद्रप्रकाश मुर्मू के अलावे सुरक्षा प्रभारी ब्रजेश सिंह आदि शामिल थे।

बरही में भाजपा की जनसभा में उमड़ा जनसैलाब, मप्र के सीएम मोहन यादव बोले

# सीएम और मंत्री भ्रष्ट होंगे तो राज्य का विकास कैसे होगा

- मोहन यादव ने बरही के जनता से मनीष जायसवाल को वोट देने की अपील
- भाजपा प्रत्याशी जायसवाल बोले, राममंदिर का सपना हुआ पूरा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग/बरही ।** लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में बरही के पंचमाधव आश्रम फुटबॉल मैदान में जनसभा में उमड़ा जनसैलाब। जनसभा में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शामिल हुए। श्री यादव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर आकर उन्हें बहुत गौरवान्वित महसूस हो रहा है। श्री यादव ने राज्य सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि झारखंड की जनता ने बड़े अरमानों से अपना एक एक मत देकर जिसकी सरकार बनाई, आज उसके मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सलाखों के पीछे है। उन्होंने कहा कि जब राज्य का सीएम और उसके मंत्री भ्रष्ट होंगे तो राज्य का विकास कैसे होगा।

श्री यादव ने कहा कि आज पूरा देश धर्म के मार्ग पर चल रहा है, अयोध्या में जब रामलल्ला को स्थापित किया गया, तब कांग्रेस पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की, दर्ज याचिका में उन्होंने कहा कि उन्हें पता नहीं कि भगवान श्रीराम का जन्म कहां हुआ था, ऐसे लोगों को अपना मत देने का क्या औचित्य है। राज्यसभा सांसद खीरु महतो ने जायसवाल के समर्थन में वोट की अपील की। श्री महतो ने कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल पर दल बदल का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी मनीष जायसवाल को जीत दिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूती प्रदान करें।

जायसवाल ने कहा कि 2019 में जनता ने 300 पार किया, जिसके बाद केंद्र सरकार ने अमेरिका को झुकाया। पाकिस्तान को भिखारी बनाया, चीन की बोलती बंद की और विपक्ष को सत्ता से दूर रखा। भारत राम राज्य की ओर जा रहा है और आतंकियों का सपना टूट रहा है। 75 करोड़ हिन्दू जाग चुका है। राममंदिर और कश्मीर से 370 धारा को समाप्त कर भारतीय जनता पार्टी ने अभूतपूर्व कार्य किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारों को जनजन तक पहुंचाने के लिए 400 पार करने की जरूरत है।

पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि महाकाल का लाल डॉ मोहन यादव का स्वागत करते हुए कहा कि मोदी जी के मन की बात को भारत के लोग सुनते है, लेकिन मोदी जी ने हजारीबाग लोकसभा की आवाज को सुनते हुए जनजन के नेता मनीष जायसवाल को टिकट देने का काम किया है। कहा कि पिछले दस वर्षों में नरेंद्र मोदी ने अभूतपूर्व कार्य किया है, जिसकी प्रशंसा चहुंओर हो रही है। मंच पर लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल, राज्यसभा सांसद खीरु महतो, बरही विधानसभा संयोजक सह पूर्व विधायक मनोज यादव, लोकसभा प्रभारी शशिभूषण भगत, लोकसभा संयोजक टुन्नू गोप, भाजपा नेता शिवलाल महतो, जिला प्रभारी अभय सिंह, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव मौजूद थे। जनसभा की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह व संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने किया। मनोज यादव ने बरही विधानसभा जनता की ओर से मुख्यमंत्री मोहन यादव को भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा सौंपा। जिसके बाद मनीष जायसवाल व पूर्व विधायक मनोज यादव ने उन्हें बुके व शॉल देकर स्वागत किया।

मौके पर विधानसभा सह संयोजक अर्जुन साव, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, उपाध्यक्ष किशुन यादव, जिला महामंत्री सुनील साहू, रंजीत चंद्रवंशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, लक्ष्मण यादव, गुरुदेव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अमित साहू, बंधन यादव, द्वारिका रजक, मुकेश सिन्हा, सुरेश साव, बाबूलाल मेहता, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेंद्र रजक, विजय यादव, जितेंद्र यादव, राजदेव यादव, मोतीलाल चौधरी, पप्पू चंद्रवंशी, आकाश जसवाल, मुन्ना यादव, मनोज साहू, नागेश्वर रजक, खिरोधर यादव समेत हजारों लोग शामिल थे।

# हिन्दू-मुस्लिम के नाम पर लोगों को लड़ाती है भाजपा : संजीव बेदिया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर क्षेत्र अंतर्गत लपंगा पंचायत के महुआटोला सरना स्थल में गुरूवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मुखिया आनंद दुबे और संचालन सीताराम बेदिया ने किया। बैठक में झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया बेदिया उपस्थित थे। बैठक में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को हजारीबाग लोकसभा चुनाव में जीत दिलाने को लेकर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि जेपी पटेल की जीत हुई तो निश्चित रूप से सभी अधूरे कार्यों को पूरा किया जायेगा। संजीव बेदिया ने कहा कि भाजपा मुद्दों से भटकर हिन्दू-मुस्लिम व मंदिर-मस्जिद के नाम पर लोगों को लड़ाती है। मोदी सरकार पूंजीपतियों की सरकार है, इसमें गरीब-मजदूर-किसानों का कोई भला नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि भाजपा को हजारीबाग ही नहीं पूरे देश से उखाड़ फेंकने की जरूरत है, तभी यहां के आदिवासी, मूलवासी और सभी समुदाय के लोगों का विकास हो सकेगा। श्री बेदिया ने केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा आम जनता से किये गये झूठे वायदों को याद दिलाते हुए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जेपी पटेल के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान कर भ्रष्ट भाजपा सरकार को उखाड़ फेकने की बात कही। उन्होंने जेपी पटेल की जीत सुनिश्चित करने के लिए लोगों से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की। बैठक में प्रखंड सचिव उदय अग्रवाल, मुकेश राउत, आजाद अंसारी, बिरेंद्र बेदिया, शंभु बेदिया, रईस आलम, रामशरण गिरी, अर्जुन बेदिया, परमेश्वर बेदिया, गीता बेदिया, तारिणी बेदिया, गुड़िया देवी, राजेंद्र बेदिया, विजय बेदिया सहित दर्जनों महिला-पुरूष मौजूद थे।

### रजरप्पा : सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**रजरप्पा।** एनएच-23 रामगढ़ बोकारो मार्ग स्थित बारलोंग चौक के समीप अनियंत्रित हाईवा वाहन ने खड़े ट्रेक्टर को पीछे से जोरदार टक्कर मारते हुए राशन दुकान में घुंसी, ट्रेक्टर चालक कारू महतो (उम्र 25) एवं राशन दुकानदार महेश महतो (उम्र 55) बुरी तरह से फंस गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से ट्रेक्टर चालक कारू को अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं मकान मालिक को काफी देर बाद उनका शव निकाला गया। क्योंकि उनका मौत घटना स्थल पर ही हो गई थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

घटना को लेकर परिजनों एवं ग्रामीणों ने करीब 5 घंटे सड़क जाम किया, जिससे कई गाड़ियां जाम में फंसी रही।

जिला प्रशासन ने मृतक के परिजनों को तत्काल 10-10 हजार रुपया दिया। जो मुआवजा मिलना है उसे चुनाव के बाद देने के आशवासन के बाद ग्रामीण सड़क जाम हटाया गया।

## आदिवासी कुड़मी समाज ने पटेल को किया समर्थन

**रजरप्पा ।** चितरपुर प्रखंड के सांडी गांव निवासी सह आदिवासी कुड़मी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष जगेश्वर महतो नागवंशी के नेतृत्व में आदिवासी कुड़मि समाज, झारखंड कुड़मि महासभा और बाइसि कुटुम्ब ने हजारीबाग लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को जिताने का संकल्प लिया। केंद्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि अपने समाज के हक अधिकार को पाने के खातिर इंडिया गठबंधन के जेपी भाई पटेल का समर्थन करते हैं। पटेल की पत्नी ललिता देवी ने कहा कि हमारा परिवार झारखंड आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है और कुड़मियों के हक अधिकार को दिलाने में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा और समाज ने जो भरोसा दिया है उसको हमारा परिवार सदा ऋणी रखेगा। मौके पर आदिवासी कुड़मी समाज के केंद्रीय उपाध्यक्ष छोटेलाल मूतरुआर, संगठन सचिव माथुर महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण महतो, जगरन्नाथ महतो,सोहनलाल महतो, सुशांत भारती, गंगाराम महतो, कोलेश्वर महतो, सूरज महतो, सुधीर कुमार मंगलेश, खिरू महतो, लुकेश्वर चौधरी, विजय कुमार, ठाकुरदास महतो, समुद्र महतो, पारसनाथ महतो, राजेंद्र महतो जय नंदन महतो, लालचंद महतो व प्रभु महतो उपस्थित थे।




जेपी पटेल की पत्नी के साथ कुड़मी के समाज के लोग।

# रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा ने मनाया स्थापना दिवस

- 2024-25 के लिए प्रवीण शर्मा अध्यक्ष व रंजीत गुप्ता बने सचिव





**खबर मन्त्र संवाददाता**




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा डी स्थित क्लब घर में बुधवार रात रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा का 22वां स्थापना दिवस धूमधाम मनाया गया।

क्लब के संस्थापक अध्यक्ष परमजीत सिंह धामी, संस्थापक सचिव धनंजय अग्रवाल, क्लब के अध्यक्ष अशोक शर्मा, सचिव सुनील प्रसाद ने केक काटकर रोटरी क्लब का 22वां स्थापना दिवस मनाया। क्लब के सदस्य रोटेरियन समरेंद्र साह के जन्मदिन को लेकर भी केक काटकर बधाई दी । इस अवसर पर लोगों के बीच केक व मिठाई का भी वितरण किया गया। परमजीत सिंह धामी ने कहा कि विगत 22 वर्षों से क्लब इस क्षेत्र में सेवा भावना से कार्य करता आया है, जो आगे भी जारी रहेगा।

उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2024 से नया सत्र शुरू होगा। सत्र 2024-25 के लिए रोटेरियन प्रवीण शर्मा अध्यक्ष व रोटेरियन रंजीत गुप्ता सचिव होंगे। समारोह में रोटेरियन अशोक मनकसिया, अजय गोयल, मुख्तार सिंह, नरेंद्र सिन्हा, विजय कुमार, चन्द्रशेखर अग्रवाल, श्रीकान्त गुप्ता, किशोर प्रसाद आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### पटेल के लिए विधायक अकेला ने मांगा वोट



बरही। इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के समर्थन में बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने गौरियाकरमा, केदारुत पंचायत में जनसम्पर्क अभियान चलाया। इस अवसर पर कार्यकताओं के साथ मिलकर विधायक श्री अकेला ने दौरा कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जेपी भाई पटेल के पक्ष में वोट करने की अपील की। जनसम्पर्क अभियान के दौरान विधायक श्री अकेला ने जनता से रूबरू होते हुए कहा कि देश की जनता को पिछले दस वर्षों के मोदी सरकार के कार्यकाल में सिर्फ निराशा और नकारात्मकता मिली है। महंगाई, बेरोजगारी किसी से छुपी नहीं है, दस साल से तानाशाही शक्तियों और गलत नीतियों वाली मोदी सरकार से देश की आम जनता परेशान है। इस बार जनता जाग चुकी है और वोट की चोट देने जा रही है। इंडिया गठबंधन की सरकार दिल्ली? में बनने जा रही है। विधायक श्री अकेला ने कहा कि जेपी भाई पटेल राज्य आंदोलनकारी के पुत्र है। वह अपने संघर्ष के बदौलत मांडू विधानसभा क्षेत्र से विधायक बनकर मंत्री भी बन चुके है। विधायक श्री अकेला ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा की जनता इस बार जाति धर्म से ऊपर उठकर मतदान करेंगे। उन्होंने जेपी पटेल के पक्ष में क्रमांक संख्या एक पर वोट देने की अपील की। मौके पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, मो वारिस अंसारी, अशोक सिंह, राजेन्द्र स्वर्णकार, विकास यादव समेत अन्य कांग्रेसी शामिल थे।
१६ है पी २ : अकेला यादव जनसम्पर्क करते

### जेपी वर्मा के कार्यकर्ताओं ने चलाया जनसंपर्क

टाटीझरिया। कोडरमा लोकसभा सांसदीय क्षेत्र में जेपी वर्मा के कार्यकर्ताओ ने बोंगा , बरियठ, कुरहा, चपरख, जलौंध, दरिया, बरका , डूमरौन,इचाक , जलौंध,चंदा,करियातपुर,मंगुरा, मोक्तमा , लुंदरू,बसरिया समेत कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। कार्यकर्ताओं ने जय प्रकाश वर्मा को चुनाव चिन्ह बाल्टी छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से जिताने की अपील की। कार्यकर्ताओं ने जनता से कहा कि वर्मा सभी के हरेक दुख सुख में साथ निभायेंगे और ये नेता नही बल्कि क्षेत्र विकास हित बेटा बनकर कार्य करेंगे। जन संपर्क अभियान के दौरान युवा नेता गौतम कुमार, समाज सेवी टटगांव निवासी सुनील कुमार, खैरा मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश वर्मा, उप प्रमुख प्रतिनिधि विजय कुशवाहा, राजेश कुमार, अशोक कुमार,रवि यादव , केदार गौरव, गौरी शंकर , अजीत कुमार,रोहित कुमार,मनोज महतो, कैलाश महतो, पिंटू प्रसाद ,रामलाल प्रजापति,डब्लू उर्फ देवनारायण प्रसाद, सुजीत मेहता, हरी प्रसाद,उमेश प्रसाद,सरजू ठाकुर,अरुण कुमार,शंकर प्रसाद,अशोक मुर्मू, संदीप गिरी, अनुज मिश्रा , सरजू प्रसाद,रवि कुमार,धानेश्वर रजक, संग अन्य सैकड़ो की संख्या में समर्थक शामिल थे।

### विनोद सिंह के समर्थकों ने मांगा वोट

**टाटीझरिया ।** प्रखंड के भराजो पंचायत अंतर्गत अमनारी बूढ़ी पोखर के समीप इंडिया गंठबंधन कोडरमा लोक सभा माले प्रत्याशी विनोद सिंह के समर्थकों ने डोर टू डोर जन संपर्क चलाया ।जनसंपर्क के दौरान समर्थकों ने क्षेत्रीय जनता से पार्टी के चुनाव चिन्ह झंडा में तीन तारा बटन दबाकर सांसद प्रत्यासी बिनोद सिंह को भारी मतों से जिताने का अपील किया। वही क्षेत्रीय जनता को मतदान में चुनाव चिन्ह झंडे में तीन तारा पर बटन दबाने को लेकर समर्थकों ने प्रचार प्रसार एवं नुकड जनसभा का आयोजन किया गया । वही बिहार से आए बिनोद सिंह के समर्थन में विधायक दल के नेता सतदेव राम ने भाजपा सहित कई राजनैतिक दलों पर निशाना साधते हुए कहा की अब तक जो भी राजनैतिक दल की पार्टियां चुनाव में आता है। वे बड़े पैमाने पर समाज देश क्षेत्र विकास हित वादे करते हैं जब उनकी जीत होती हैं तो वे आम जनता से मुलाकात करना भी मुनासिब नहीं समझते ।उन्होंने कहा की बिनोद सिंह स्थानीय और क्षेत्रीय नेता है इन्हे। मौका दे और तीन तारा पर बटन दबाकर जिताए । ये ही क्षेत्र का विकास करेंगे भावुक होकर आम जनता से बिनोद सिंह के पक्ष में भारी मतों विजय बनाने का अपील किया। शिव सिंह माले जिला उपाध्यक्ष रोहित प्रसाद मेहता, दारू प्रखंड सचिव बीएन सिंह ,भुनेश्वर बेदिया जिला सचिव , सभी ने क्षेत्रीय जनता से सांसद प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन मांगा । भराजो पंचायत सचिव धानेश्वर पासवान , इब्राहिम अंसारी, प्रकाश सिंह , पसंस प्रकाश रवि भराजो, अजीत कुमार, सनोज कुमार आगेरिया,सूर्यकांत प्रजापति, जान मुहमद राज कमिटी सदस्य माले, मो.तैय्यब ,सुरेंद्र रामदीन , अरुण राम ,ज्ञानी राम प्रभु यादव राजेश कुमार दास प्रकाश सिंह बिनोद मालाकार कुलदीप प्रजापति तुलसी राम ईश्वर महतो सोहवा खातून शनिचरी देवी सुशीला रविदास देवांति देवी उर्मिला देवी शीला देवी प्रमिला देवी रीना देवी मंजू देवी लालो देवी बखोरी महतो पवन कुमार प्रकाश तुरी दिलीप राम सूरज दास संदीप कुमार बसीर अंसारी कमसूदीन अंसारी यूसुफ अंसारी सूकरी देवी पप्पू रजक आदि सैकड़ों ग्रामीण संग कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क

**चरही।** भाजपा के हजारीबाग लोकसभा विस्तारक दिनेश वाल्मीकि ने गुरुवार को चुरचू प्रखंड के ओरिया,चुरचू और कमलवा गावं का दौरा किया ।उपरोक्त गावं के मतदाताओं से जनसंपर्क कर गारेंटी कार्ड भी बांटे ।एनडीए गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को कमल के निशान बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत बनाने का आग्रह किया ।मौके पर मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह,पूर्व अध्यक्ष अजीत सिंह,किसान मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री फुलेश्वर महतो,सतीश साहू,ललन शर्मा, आशा राय,रौशनी देवी,राकेश सिंह,सुमित सिंह,मनोज यादव, प्रवील यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बिजली चोरी के खिलाफ सख्त हुआ विभाग

**बरही।** विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ विद्युत विभाग लगातार छापामारी अभियान चलाकर प्राथमिक की दर्ज करने का काम कर रही है। बुधवार को कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक आनंद की टीम ने बरही के विभिन्न प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ छापेमारी किया। इस दौरान धनबाद रोड स्थित पूजा इंटरनेशनल होटल के संचालक सीताराम केसरी, गया रोड स्थित राजू केसरी पिता रामचंद्र केसरी, विजैया के आशीष मोदी पिता भिखलाल मोदी को अवैध रूप से विद्युत चोरी करते पकड़ा गया। कनीय अभियंता ने बताया कि पूजा इंटरनेशनल होटल में 10 केवीए और राजू केसरी के 3 केवीए का कनेक्शन है, जो मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा चोरी कर रहे थे। जिनके ऊपर क्रमशः 2,66,998 रुपए तथा 75, 884 की क्षतिपूर्ति के साथ प्राथमिकी दर्ज कार्रवाई गई है ।एसडीओ (ई) सत्यदेव प्रसाद ने बताया कि विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर विभाग सख्त है। कोई भी उपभोक्ता अवैध रूप से विद्युत उपयोग करते पाए गए तो सख्त कारवाई की जायेगी। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील किया कि किसी भी स्थिति में अवैध विद्युत उपयोग नहीं करें। मीटर लेकर ही बिजली का उपयोग करे। साथ ही बिल का नियमित भुगतान करें।

### कुजू में आज जायसवाल करेंगे जनसंपर्क

**कुजू।** भाजपा कुजू पश्चिम, दक्षिणी, पूर्वी पंचायत बुथ अध्यक्षों की संयुक्त बैठक गुरूवार को चुनाव कार्यालय में हुआ। बैठक में मुख्य रूप से मांडू प्रखंड अध्यक्ष तोकेश सिंह शामिल हुए। बैठक में 17 मई को भाजपा हजारीबाग लोकसभा उम्मीदवार मनीष जयसवाल कुजू आगमन की तैयारी पर चर्चा किया। साथ ही मनीष जायसवाल के स्वागत में अधिक से अधिक संख्या में बुथ अध्यक्षों कोकमेटी के साथ शामिल होने का निर्देश दिया गया।

## स्पीड न्यूज

### हरेक टोला मुहल्लों से मतदाताओं को मतदान करने के लिए करें प्रेरित : उपायुक्त



**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा अभियंत्रण महाविद्यालय बागीटांड़ में सभी छः प्रखंडों के बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मतदान दिवस को लेकर उनकी भुमिका के बारे में सूक्ष्मता और गहनता से जानकारी दी। साथ ही उन्हें भौतिक रूप से पारदर्शी कर बताया कि वे किस प्रकार से मतदान प्रक्रिया को सुगम और सरल बनायेंगे। उन्होंने सभी बीएलओ से हरेक टोला मुहल्ला से मतदाताओं को घर-घर जाकर मतदान के लिए मतदान केंद्रों पर जाने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि बीएलओ अपने अपने क्षेत्र के मतदाताओं से भली-भांति परिचित होती हैं, ऐसे में मतदान प्रतिशत की वृद्धि में उनकी भूमिका अहम रहेगी। उन्होंने सभी बीडीओ को सुदूरवर्ती अवस्थित मतदान केंद्रों को चिन्हित करते हुए वहां के लिए सुगम वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि वैसे मतदाता कतिपय कारणों से अपने मतदान केंद्रों तक पहुंचने पर कठिनाई महसूस कर रहे हैं, उन्हें प्रशासन के द्वारा वाहन की व्यवस्था की गयी है। दिव्यांग, वृद्ध, असमर्थ अथवा सुदूरवर्ती क्षेत्रों के मतदाता ऐसे वाहन का प्रयोग कर मतदान कर सकेंगे। उन्होंने सभी मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। मौके पर एसडीओ रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, डीईओ, सभी बीडीओ, सीओ समेत बीएलओ मौजूद थे।

### ग्रिजली कॉलेज में सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ



**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी, रिसोर्स पर्सन डॉ. सुमित दत्ता एवं प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत सहित महाविद्यालय के सभी सदस्यों द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। वहीं रिसोर्स पर्सन डॉ. सुमित दत्ता को महाविद्यालय द्वारा पौधा भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के आईक्यूएसी. समन्वयक डॉ. मनीष कुमार पासवान द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। वहीं रिसोर्स पर्सन द्वारा प्रथम दिन मानसिक स्वास्थ्य के विविध घटक एवं उनके उपयोगिता एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता एवं योगदानों सहित मानसिक संतुलन पर विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। वहीं उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य से हमारे अंतर्निहित विविध शक्तियां क्रियाशील एवं सृजनशील होती है, हमें सदैव मानसिक स्वास्थ्यता पर विशेष तौर पर ध्यान आकृष्ट करने की आवश्यकता है। वहीं प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत ने मानसिक स्वास्थ्य की महता एवं भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न क्रियाकलापों की जानकारी साझा की। मौके पर खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, मनीष कुमार सिन्हा, सौरभ शर्मा, अनिल दास, सीताराम यादव, डॉ. रविकांत तिवारी, डॉ. पुजा कुमारी, पवन कुमार, गौतम कुमार, अवधेश कुमार यादव, स्वर्ण सिंह, चंद्र प्रकाश आदि मौजूद थे।

### अंतिम चरण का प्रशिक्षण संपन्न

**कोडरमा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वच्छ, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन कटिबद्ध है। चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए और मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए मतदान कर्मियों को अंतिम चरण का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं मतदान कर्मियों को चुनाव के दौरान मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने को लेकर उनके दायित्वों और कर्तव्यों की जानकारी, ईवीएम वीवीपैट की प्रक्रिया का प्रशिक्षण, पोलिंग पार्टी को कंट्रोल यूनिट के संचालन के संबा में जानकारी दिया गया। वहीं पोलिंग पार्टी को मतदान के एक दिन पूर्व, मतदान के दिन का कार्य, वास्तविक मतदान के पूर्व का कार्य, वास्तविक मतदान की प्रक्रिया, सीलिंग का प्रक्रिया, पोस्टल बैलेट की जानकारी समेत अन्य बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। वहीं मास्टर ट्रेनर सुदीप सहाय, अश्विनी कुमार तिवारी, उमेश कुमार सिन्हा, सत्यजीत के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

### अमित साहू ने ग्रामीणों को किया संबोधित



**सिमरिया।** सिमरिया प्रखंड के डारी पंचायत के पत्रा पोखर एवं सबानों पंचायत के ग्राम सबानो में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पथ सभा में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री अमित कुमार साहू ने ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के चतरा लोकसभा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह जी के पक्ष में प्रचंड मतदान करने की अपील की और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर सिमरिया मंडल के भाजपा महामंत्री कृष्णा पांडे, नरेश साहू, दामोदर गोप, अर्जुन पांडे, सिमरिया प्रभारी देवंती देवी, मंडल मंत्री दशरथ महतो, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह, अर्जुन पांडे, रविंद्र ठाकुर, रामु पांडे, मुकेश साहू, अखिलेश साहू, राजू साहू, कल्याणी पांडे, अनीता मिश्रा, रामदेव राणा, प्रमोद राणा, जगदीश राणा, उग्रदेव साहु सहित भाजपा नेता एवम ग्रामीण उपस्थित थे।

## कोडरमा के जयनगर प्रखंड के पिपचो में मध्य प्रदेश के सीएम ने भरी हुंकार

# 56 ईंच सीना वाले ने कमाल कर दिया : डॉ. मोहन यादव

खबर मन्त्र संवाददाता





**कोडरमा।** जिले के जयनगर प्रखंड अंतर्गत पिपचो में मां गंगा पब्लिक स्कूल के मैदान में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को महती सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश ने 56 ईंच के सीने वाला को प्रधानमंत्री बनाया है, ना खाएगा ना खाने देगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता परसाबाद मंडल अध्यक्ष विजय कुमार राणा व संचालन जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने किया। वहीं केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक अमित कुमार यादव, डॉ. नीरा यादव सहित कई लोगों ने अंग वस्त्र, चित्र एवं फूल माला से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत किया। वहीं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गठबंधन पर जमकर निशाना साधा एवं कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के कार्यकाल में देश विकास के पथ पर अग्रसर हो चुका है। आने वाले दिनों में फिर से नरेंद्र मोदी सत्ता में पहुंचेंगे तो देश को सर्वोच्च स्थान तक ले जाएंगे। वहीं उन्होंने कहा कि अब तक सरकार की ओर से धार 370 हटाने के बाद विकास और सामाजिक न्याय के आंकड़ों को खिलाया जा रहा है, मगर अब जिस तरह वोटर बाहर निकले हैं, लोकतंत्र की मजबूती का भी साथ दे दिया है। राम मंदिर आपने दे दिया है, अब कृष्ण मंदिर की बारी है और अबकी बार 400 पार, अबकी बार मोदी सरकार के नारा लगाया। वहीं उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखंड में नौकरियां को बेच देन का काम किया है। यह झारखंड के लिए दुर्भाग्य है कि मुख्यमंत्री जेल में है। उन्होंने कहा कोडरमा की धरती अबरख की धरती के नाम से जाना जाता है, यहां खनिजों का भंडार है फिर भी झारखंड प्रदेश के लोग पलायन करने पर मजबूर हैं। यदि फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश में बनती है और अन्नपूर्णा देवी कोडरमा लोकसभा से चुनाव जीतकर दिल्ली पहुंचती हैं तो प्रत्येक जिले में रोजगार के अवसर खोले जाएंगे। वहीं सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भारत सरकार के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारा है, प्रधानमंत्री देश हित में सोचकर देश के विकास में काम कर रहे हैं, धन को लूटाने का काम नहीं कर रहे हैं। आज चुनाव में पैसे का खेल खेला जा रहा है, लगता है गठबंधन वाले अपना संतुलन खो चुके हैं। वहीं विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार की माला में एक कमल फूल हमारे प्रत्याशी अन्नपूर्णा मैडम का भी रहेगा। वहीं विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि यह है मोदी की गारंटी, आपके एक वोट से भ्रष्टाचार पर हुआ करारा प्रहार। इस बार आपके वोट से जनता को लूटने वाला हर भ्रष्टाचारी पहुंच जाएगा सलाखों के पीछे। इसलिए मैं पुनः आप लोगों से आग्रह करता हूं कि 20 मई को एक-एक वोट भारतीय जनता पार्टी कमल फूल छाप में देकर अन्नपूर्णा देवी को विजय बनाएं। वहीं छत्तीसगढ़ की विधायक गोमती सहाय, अमित यादव, अभिमन्यु प्रसाद, विनय सिंह, केदार यादव, नितेश चंद्रवंशी, रमेश सिंह आदि ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में राजकुमार यादव, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, सुरेश यादव, चंद्रशेखर जोशी, अशोक यादव, रमेश हर्षधर, सच्चिदानंद गांधी, कुमकुम देवी, राजेश सिंह, विजय राणा, बटेश्वर मेहता, रामदेव मोदी, नरेंद्र पाल, कविता देवी, मनोज चौरी, सुधीर सिंह, यमुना यादव, विजय पंडित, अरुण राणा, विजय यादव, धीरज जोशी, प्रदीप पांडेय, बासुदेव यादव, ईश्वर मोदी, हरेंद्र यादव, महेंद्र वर्मा, महावीर यादव, यमुना यादव सहित हजारों समर्थक उपस्थित थे।

## डेंगू के लक्षण दिखाई दे तो चिकित्सकों से संपर्क करें : सिविल सर्जन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** सिविल सर्जन सभागार में सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि डेंगू मच्छर हमेशा दिन के समय काटते हैं, इसलिए पूरे शरीर को ढकनेवाले कपड़े पहनें। जिन क्षेत्रों में मच्छरों का प्रकोप अधिक है, उन क्षेत्रों में जाने से पहले अपनी त्वचा पर मच्छर रोधी क्रीम का प्रयोग करें। मच्छरों से बचाव के लिए घर की खिड़की तथा दरवाजे पर जाली लगवायें। डेंगू बुखार के उपचार के लिए कोई विशेष दवा नहीं है। अगर डेंगू के लक्षण दिखाई दें, तो तुरन्त अपनी नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र अथवा सदर अस्पताल में चिकित्सकों से सम्पर्क करें। वहीं जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार ने बताया कि डेंगू एक जानलेवा बीमारी है और इसका कोई विशेष इलाज नहीं है, डेंगू के लार्वा एवं मच्छर घर में या घर के आसपास जमे हुए साफ पानी जैसे फ्रिज, बंद पड़े कूलर, टूटे-फूटे बर्तन, नारियल के खोपड़े, टायर, फूलों के गमले इत्यादि में पनपते हैं, इसलिए अपने घर के आस-पास या इन सभी चीजों में बरसात का पानी जमा नहीं होने दें। वहीं उन्होंने बाजार में टायर की दुकानों एवं नारियल पानी बेचने वालों से अपील किया कि इन चीजों को यत्र तत्र ना फेंके तथा उसमें बरसात का पानी जमा नहीं होने दें। वहीं डीपीएम महेश कुमार ने बताया गया कि डेंगू के मच्छर से बचाव के लिए लोगों को अकि से अधिक जागरूक करने की आवश्यकता है, साथ ही अपने-अपने संबंधित क्षेत्र में विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम, ग्राम गोष्टी का आयोजन कर लोगों को इससे बचाव से संबंधित विशेष जानकारी दिये जाने की बात कही। मौके पर डॉ शरद कुमार, शंभू कुमार, ललन कुमार राणा, अविनाश आनंद, विवेकानंद शर्मा, शंकर कुमार, सुनील कुमार पंडित, मुकेश राणा, सिद्धांत ओहदार समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## माइक्रो ऑब्जर्वर अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें : सामान्य प्रेक्षक




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** मतदान के दौरान माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका की जानकारी देने को लेकर समाहरणालय सभागार में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में विशेष रूप से सामान्य प्रेक्षक आलोक कुमार सिंह और डीडीसी ऋतुराज उपस्थित थे। वहीं जिले के मास्टर ट्रेनर द्वारा माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया गया। वहीं सामान्य प्रेक्षक आलोक कुमार सिंह ने निर्वाचन प्रक्रिया में माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए बहुत ही संवेदनशीलता एवं गंभीरतापूर्वक अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने को कहा। वहीं उन्होंने कहा कि बिना किसी संशय से अपनी जिम्मेदारियों का गम्भीरता से निर्वहन करें एवं प्रशिक्षण का लाभ लेते हुए अपने शंकाओं का समाधान करें, किसी प्रकार की शंका हो तो अपने आला अधिकारी से जानकारी लेकर समाधान अवश्य करें। वहीं डीडीसी ने कहा कि संबंधित मतदान केन्द्र की संपूर्ण जिम्मेदारी माइक्रो ऑब्जर्वर की होगी। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार का व्यवधान आता हो तो तत्काल जिले के वरीय अधिकारियों को सूचना देंगे। वहीं उन्होंने विभिन्न बिंदुओं में दी जाने वाली फीडबैक रिपोर्ट से अवगत कराया गया। साथ ही विभिन्न प्रपत्रों की उपयोगिता बताकर संधारित करने के संबंध में जानकारी दी। प्रशिक्षण में माइक्रो ऑब्जर्वर को मतदान स्थल पर तैयारी, ईवीएम, बैलेट यूनिट, मतदान दल के पीठासीन पदाधिकारी एवं अन्य मतदान अधिकारियों के कार्य, मतदाता पर्ची, मतपत्र लेखा तथा मॉक पोल, वीवीपैट में कम से कम 50 वोट मॉक पोल कराने की कार्यवाही के पश्चात सीआरसी, सीलिंग की कार्यवाही आदि प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया गया एवं उनके शंकाओं का समाधान भी किया गया। मौके पर उप निर्वाचन अधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर आदि लोग मौजूद थे।

### भाजपा नेता जीतन राम ने चलाया जनसंपर्क



**चतरा।** चतरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के लिए सिमरिया विधानसभा के टंडवा प्रखंड में जनसंपर्क किया गया। इस बार चतरा लोकसभा से 5 लाख से अधिक और मोदी सरकार के लिए 400 से अधिक मतों का लक्ष्य रखा गया है। भाजपा के जितन राम ने लोगों से कालीचरण सिंह को प्रचंड बहुमत से जिताने का आह्वान किया ताकि मोदी के हाथ मजबूत हों। टंडवा प्रखंड के कई गणमान्य लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित थे और सभी ने कालीचरण सिंह को रिकॉर्ड मतों से जिताने का संकल्प लिया।

### कोयला लदा हाईवा ने ली एक की जान एक घायल, रेफर

## 15 घंटे सड़क जाम के बाद हुआ सड़क बहाल

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिमरिया।** थाना क्षेत्र के लिपदा गांव में बीते रात्रि तेज रफ्तार कोयला लदा हाईवा ने एक महिला को अपने चपेट में ले लिया जिससे उक्त महिला की मौत मौके पर हीं हो गई। वहीं एक बच्ची घायल हो गई है। मृतक महिला लिपदा गांव निवासी 50 वर्षीय जितनी देवी, पति स्व लालो साव है। वहीं घायल 17 वर्षीय बच्ची फुलमति कुमारी पिता रामकिशोर साव का नाम शामिल है। घायल फूलमती को आनन फानन में रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुशार बीते देर रात लगभग आठ बजे मृतक जितनी देवी और फूलमती कुमारी शौच के लिए खेत तरफ निकले थे। शौच के बाद लौटते समय सिमरिया की ओर से कोयला लदा तेज रफ्तार हाईवा ने सड़क के बाई ओर घुस कर मृतक जितनी देवी को अपनी चपेट में ले लिया वहीं फूलमती को टक्कर लगने से सड़क के किनारे गिर गई। टक्कर मार हाईवा ने तेजी से फरार हो गया। ग्रामीणों को जानकारी मिलते हीं पुलिस को जानकारी देते हुए उक्त हाईवा को धर पकड़ के लिए शिला में नाकाबंदी की गई। किंतु कोई फायदा नहीं हुआ चुकी जब तक तेजी से शिला पिकेट से भी निकल चुका था। इधर गुस्साए ग्रामीणों ने रात्रि से हीं सिमरिया से हजारीबाग मुख्य सड़क जाम कर दिया। जब तक सिमरिया पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच चुकी थी। ग्रामीणों का कहना था कि थाना के कंट्रोल में नहीं है कोल वाहन दिनदहाड़े कोयला लेकर आवागमन जारी रहता है। इधर सुबह होते हीं जेएमएम के नेता सह सिमरिया विधान सभा के भावी प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने घटना स्थल पहुंच कर कोल कंपनी से मुआवजे की मांग करते रहे। फिर भी कोल कंपनी के कोई भी प्रतिनिधि घटना स्थल पर पहुंचने से परहेज करते रहे। जबकि घटना स्थल पर समझौते एवं जाम हटाने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी विनय कुमार, अंचलाधिकारी धर्मेंद्र दूबे इंस्पेक्टर उमेश राम काफी प्रयास किया किंतु बात नहीं बनी। अंत में 15 घंटे जाम के बाद बड़ी मशक्कत से ग्रामीणों के प्रतिनिधियों के साथ घायल फूलमती को इलाज के लिए 50 हजार नगद और मृतक जितनी देवी के परिजनों को 2 लाख रुपए 27 मई से लेकर 30 मई तक बैठक कर कोल कंपनी से दिलाया जाएगा। यह आश्वासन प्रखंड विकास पदाधिकारी विनय कुमार ने दिया। 15 घंटे जाम रहने के बावजूद जब कोल कंपनी के कोई नहीं पहुंचे तो फैज कोल ट्रेडिंग के संचालक राजू खान उर्फ राजू ने अपने पास से 50 हजार घायल बच्ची को इलाज के लिए दिया। और कहा कि आगे भी सहयोग किया जाएगा।

## एक नजर में

### पायनियर क्लासेस के बच्चों ने सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में लहराया परचम

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया के झंडा चौक स्थित पायनियर क्लासेज के बच्चों ने सीबीएसई के 10वीं बोर्ड की परीक्षा में परचम लहराया है। जिले के सेकंड टॉपर सहित जिले के टॉप 10 में इसी कोचिंग में पढ़ने वाले बच्चों ने अपना दबदबा बनाया है। इस सफलता की खुशी जाहिर करते हुए कोचिंग संस्थान के निदेशक कुंदन सिंह ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं दी। वहीं उन्होंने कहा कि इस सफलता के पीछे हमसे ज्यादा इन बच्चों की लगन व मेहनत शामिल है, साथ ही इन बच्चों के अभिभावक का भी पूरा सहयोग है। वहीं उन्होंने बताया कि पायनियर क्लासेज पिछले कई वर्षों से जिले में टॉपर देते आ रहा है और आगे भी यह प्रयास रहेगा।

### कैंटेनर की चपेट में आने से दो महिला की मौत



**कोडरमा।** चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत मदनगुंडी के समीप गुरुवार की दोपहर कैंटेनर वाहन और ऑटो की जोरदार टक्कर में ऑटो सवार दो महिलाओं की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं ऑटो चालक 45 वर्षीय बैजनाथ यादव बाजपुर कांको निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं मृतक महिला की पहचान 60 वर्षीय पार्वती देवी पति स्व. बैजनाथ पांडेय उरवां निवासी एवं 30 वर्षीय जहीना खातून मदनगुंडी निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार ऑटो तिलैया से सवारी लेकर उरवां जा रही थी, इसी दौरान मदनगुंडी के समीप कैंटेनर ने अपने चपेट में ले लिया, जिसमें उक्त दोनों महिलाओं की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घटना के बाद चंदवारा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल चालक को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### शत-प्रतिशत मतदान करने का दिया गया संदेश



**कोडरमा।** जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और शत-प्रतिशत मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के उद्देश्य से स्वीप कोषांग द्वारा विभिन्न गतिविधियों के मायम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरूवार को स्वीप गतिविधि के तहत जिले के होटलों व रेस्टोरेंट में स्वीट्स के डब्बे/पार्सल पर मतदाता जागरूकता से संबधित स्टीकर लगाकर लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। साथ ही जिले के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों ने आमंत्रण पत्र, बैच मेकिंग, रंगोली, वाद-विवाद समेत अन्य गतिविधियों का आयोजन कर 20 मई को शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त कम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। बूथ लेवल अधिकारी के द्वारा मतदाताओं के बीच मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट का वितरण कर 20 मई 2024 को मताधिकार का प्रयोग कर मतदान कर लोकतंत्र के महा पर्व में सहभागी बनाने की अपील किया गया।

### पेड़ से लटकी मिली युवती की लाश

**चतरा।** जिले के टंडवा थाना क्षेत्र के आम्रपाली परियोजना के पीओ कार्यालय के समीप पेड़ से झूलता हुआ एक युवती का शव देखे जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना सुबह 7 बजे की है जब ग्रामीणों ने शव को पेड़ से लटका हुआ देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है। मृतक युवती की पहचान लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के गोनिया गांव के मुर्गा तरी टोला की रहने वाली के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

# झामुमो और आरजेडी समर्थन प्राप्त उम्मीदवार से चतरा को नहीं मिल सकता सुख-शांति : पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** कोडरमा के पूर्व भाजपा सांसद और पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि चतरा में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ खड़े होने वाले उम्मीदवार राष्ट्रीय जनता दल के साथ मिलकर चतरा के सामाजिक जीवन को भयभीत करने की कोशिश कर रहे हैं। हथियार लहराने वाले ये उम्मीदवार मतदाताओं को डराने-धमकाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा और आरजेडी का समर्थन प्राप्त इन उम्मीदवारों से चतरा लोकसभा को शांति और सुख नहीं मिल सकता है। चतरा की जनता को ऐसे उम्मीदवारों से सावधान रहना चाहिए जो बिना मेहनत की कमाई खाने वाले अपराधिक तत्वों से घिरे हुए हैं। चतरा के लोगों को ऐसा उम्मीदवार चुनना चाहिए जो चतरा के जीवन के साथ अपना जीवन जोड़कर देखता हो और चतरा के लोगों के साथ बचपन से लेकर जवानी तक अपना जीवन बिताता हो। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कालीचरण सिंह ऐसे हैं जो चतरा के लोगों की भावनाओं को समझते हैं और उनके साथ पूरी जिंदगी गुजार चुके हैं। उन्होंने कहा कि चतरा के मतदाताओं की एक बड़ी कमजोरी है कि वे विपत्तियों को जल्दी भूल जाते हैं। चतरा लोकसभा क्षेत्र विभिन्न अपराधिक गिरोहों के चंगुल में फंसा हुआ था और कथित उग्रवादियों के प्रभाव में आ गया था, जिससे सामाजिक और राजनीतिक जीवन दूषित हो गया था।

भाजपा ने एक रणनीति के तहत क्षेत्र के सामाजिक जीवन और ग्रामीण जीवन को उसकी शांति और सुकून लौटाने का संकल्प लिया। भाजपा ने धीरे-धीरे चतरा, लातेहार और पलामू के सामाजिक, ग्रामीण और पारिवारिक जीवन में चैन और शांति लौटा दी।

### भाजपा को आदिवासियों और खैरवार समाज का समर्थन

झारखंड के पहले चरण के चुनाव में भाजपा को आदिवासियों का भरपूर समर्थन मिला है। भगवान बिरसा मुंडा को सम्मान और बिरसा मुंडा वर्ष मनाने की घोषणा से आदिवासियों में स्वाभिमान जागा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में आदिवासियों को उपभोक्ता समाज का दर्जा मिला है और खैरवार समाज भी भाजपा के पक्ष में है। चतरा लोकसभा क्षेत्र में आदिवासियों का विशेष समर्थन भाजपा को मिल रहा है।

## मतदान के दिन रहेंगी पूरी सुविधाएं: रमेश घोलप

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी रमेश घोलप ने जिले के बीडीओ, सीओ और संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर बूथों पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने और जिले में अधिक से अधिक मतदान के लिए लगातार तीन दिनों तक जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन जिनके पास वोटर कार्ड या वोटर स्लिप नहीं है, वे भी पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेंशन दस्तावेज, सेवा पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, आधिकारिक पहचान पत्र, फोटो पासबुक, पासपोर्ट, दिव्यांग यूनिक आईडी, स्मार्ट कार्ड (आरजीआई द्वारा जारी) जैसे फोटोयुक्त दस्तावेजों के साथ मतदान कर सकते हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारियों को क्षेत्र में मतदाता जागरूकता एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए माइक के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को सीएपीएफ स्थल पर बहाल बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण करने, सभी बूथों पर पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी उपलब्ध कराने, दिव्यांग एवं 85+ वृद्ध मतदाताओं के लिए प्रत्येक बूथ पर व्हीलचेयर एवं बिजली की व्यवस्था करने और बिजली की समस्या होने पर वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। वाहन प्रबंधन के संबंध में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी जिला परिवहन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर वाहन संबंधी समस्याओं का समाधान करेंगे। इसके अलावा, उक्त इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए संबंधित एजेंसी को निर्देश भेज दिए गए हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि अधिक से अधिक लोग मतदान में भाग लें।

स्पीड न्यूज

## घाघरा के मजदूर की गोवा में काम करने के दौरान गिरकर हुई मौत


मृतक मजदूर के परिजन।

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के डुको पीपरटोली गांव निवासी मजदूर मनिया लकड़ा की मौत गोवा में बुधवार को काम के दौरान गिरकर हो गयी। इस आशय की जानकारी गुरुवार को मृतक के परिजनों ने देते हुए बताया कि मनिया लकड़ा गोवा में रहकर मजदूरी का काम करता था। बुधवार को काम करने के दौरान छत से नीचे गिरने से उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई रतनवा उरांव ने बताया कि मनिया लगभग सात माह पूर्व गोवा राज्य काम करने के लिए गया था। जहां वह किसी कम्पनी में घर बनाने के कार्य में मजदूरी का काम कर रहा था। बुधवार की शाम लगभग 4 बजे छत के सेट्रिंग में चढ़कर छड़ बांध रहा था। इसी दौरान वह सेटरिंग छत से नीचे गिरकर घायल हो गया। जिसके बाद कंपनी के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। साथ में काम कर रहे लोगों ने घटना की जानकारी मनिया के परिजन को गांव में दूरभाष पर दिया। जिसके बाद कंपनी के द्वारा प्लेन के माध्यम से परिजन को गोवा बुलाया गया है। जहां से मृतक के शव को परिजन के साथ पैतृक गांव भेजा जाएगा। वहीं परिजनों ने बताया की मानिया घर में इकलौता बाहर कमाने जाता था। घर की आर्थिक स्थिति भी दयनीय है।

## लायंस क्लब गुमला में एक्यूप्रेशर के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर आरंभ



**गुमला।** लायंस क्लब गुमला के द्वारा आयोजित पांच दिवसीय निशुल्क एक्यूप्रेशर पद्धति से विभिन्न प्रकार के रोगों का निशुल्क इलाज आरंभ हो गया है। लायंस भवन में डॉक्टर गोपाल मिश्रा और डॉक्टर संध्या मिश्रा के द्वारा रोगियों की जांच की जा रही है। डॉ गोपाल मिश्रा ने कहा कि किसी भी प्रकार के दर्द को चंद मिनट में ठीक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह मूल रूप से भारतीय चिकित्सा पद्धति है और इसमें खर्च भी बहुत कम आता है। बगैर चिरफाड साइड इफेक्ट के इलाज की सुविधा दी जाती है। इसमें हम किसी खास बिंदु पर मैग्नेट, रंग, उपकरण, बीज आदि का उपयोग करके किसी भी बीमारी का सफलतापूर्वक इलाज प्रभावी साली तरीके से किया जाता है। इसमें मरीजों को बहुत ही कम शुल्क पर इंस्ट्रूमेंट उपलब्ध कराया जाता है ताकि अपनी बीमारी के लिए मरीज अपने इंस्ट्रूमेंट से अपने आवास घर पर अपनी बीमारी का इलाज कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस पद्धति के इलाज से किसी प्रकार का कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होती है। 15 से 19 मई तक सुबह 9:00 से 1:00 तथा शाम 4 से 6:00 बजे तक रोगियों का इलाज किया जाएगा। लायंस क्लब के पदाधिकारी ने कहा कि जनता जनार्दन इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं और अपनी बीमारी का सफलतापूर्वक एक्यूप्रेशर के माध्यम से इलाज करायें। एक्युप्रेशर आज भी कुछ बिमारी को जड़ से खत्म करने में मदद करता है। इस पद्धति से गठिया, साइटिका, रक्तचाप, कमर दर्द, सानस, माइग्रेन, मोटापा, हृदय रोग, मधुमेह, स्त्री-पुरुष के विभिन्न रोग का इलाज बहुत ही चमत्कारी ढंग से होता है। इस अवसर पर लायन शंकर लाल जाजोदिया, अशोक कुमार जायसवाल, योगेंद्र कुमार, हेमंत कुमार, महेश प्रसाद गुप्ता, किरण जयसवाल, रिचा गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## घाघरा में टेंपू से गिरकर बच्चा घायल



**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के दोदांग गांव के समीप गुरुवार की दोपहर 4 बजे टेंपो से गिरकर नाबालिक बच्चा घायल हो गया। घायल रूपेश उरांव गुडरीटोली इचा गांव का रहने वाला है। घायल अवस्था में अन्य परिजन उसे उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे बेहतर इलाज हेतु गुमला रेफर कर दिया। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार रूपेश उरांव टेंपो में सवार होकर अन्य परिजन के साथ मेहमानी गुमला की ओर जा रहा था। जहां दोदांग के पास वह टेंपो में साइड सीट पर बैठा था और उसको नींद आ गया जिससे वह गिर गया और वह घायल हो गया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जनरेटर खराब होने से स्वास्थ्यकर्मी और मरीज परेशान

खबर मंत्र संवाददाता



**भंडरा।** भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जेनरेटर खराब होने के कारण स्वास्थ्य कर्मियो, मरीजों एवं उनके परिजनों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार द्वारा केन्द्र में हजारों रुपए खर्च कर जनरेटर की व्यवस्था तो की गई है। लेकिन जनरेटर काफी पुराना होने से आए दिन खराब होते रहता है । कई बार मरम्मत कराई जाती है लेकिन पुराना होने से कुछ दिनों में ही जनरेटर खराब हो जाता है पिछले लंबे समय जनरेटर बंद पड़ा है। ऐसे में बिजली गुल होने पर केन्द्र में भर्ती मरीजों को गर्मी एवं उमस के कारण परेशानी होती है। इसके अलावा पैथोलॉजी लैब में होने वाली जांचें भी नहीं हो पाती है। ऐसे में मरीजों को जांच रिपोर्ट के लिए बिजली सप्लाई शुरू होने का इंतजार करना पड़ता है। बिजली गुल होने से मरीज पसीने में तरबतर होते रहे। वहीं डॉक्टर्स एवं मेडिकल स्टाफ को भी परेशानी झेलनी पड़ती है। केन्द्र की लैब में महिलाओं की खून एवं यूरिन की जांच की जाती है। प्रसूताएं, धात्री महिलाएं सहित अन्य मरीज खून एवं यूरिन की जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। लेकिन बिजली सप्लाई बंद होने पर उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली गुल होने के कारण पैथोलॉजी जांच का काम पूरी तरह से ठप हो जाता है। ऐसे में मरीजों को निजी पैथालॉजी में जांच करानी पड़ती है। साथ ही कई मरीज जो दूरदराज के गावों से आते हैं, उन्हें बिजली सप्लाई शुरू होने का इंतजार करना पड़ता है। इस संदर्भ में प्रभारी डॉ संजय कुमार ने बताया नए जनरेटर को लेकर कई बार जिला प्रशासन से मांग की गई। पर अभी तक जनरेटर नही मिला सका है। जिससे मरीजों के साथ कर्मियो को भी परेशानी हो रही है।

# राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षाविद स्व डॉ राम वल्लभ भारती की मनाई गयी पुण्यतिथि

### शांति आश्रम में हुआ यज्ञ-हवन, विद्यार्थियों के बीच फल का वितरण

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** समाज में शिक्षा के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान देने वाले राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षाविद डॉ राम बल्लभ भारती की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार को सुपुत्री रीमा भारती के सौजन्य से किस्को मोड़ के समीप स्थित शांति आश्रम में विद्यार्थियों के बीच फल व खाद्य सामग्रियों का वितरण किया गया। साथ ही यज्ञ और हवन किया गया। शिक्षाविद् आचार्य शरतचन्द आर्य ने शिक्षा के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान देने, विज्ञान, संस्कृति और संस्कार के ज्ञानी बताते हुए कहा कि डॉ भारती ने अपना सर्वस्व जीवन शिक्षा जगत के लिए न्योछावर कर दिया।

उनकी पुत्री रीमा भारती ने दूरभाष से कहा कि मेरे पिता ने आज ही के दिन 2021 को हम सब को इस संसार में छोड़कर श्रीहरि के चरणों में विलिन हो गए। मैं तृतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने हुए उनकी आत्मा की शांति और स्वर्ग लोक में स्थान के लिए प्रार्थना करती हूं।

## गुमला शहर में दो दिनों से जलापूर्ति बाधित, ड्राई जोन इलाके में मचा हाहाकार

**गुमला।** गुमला शहर में दो दिनों से जलापूर्ति व्यवस्था अचानक ठप पड़ गई है। जलापूर्ति बाधित होने से इस भीषण गर्मी में लोग पेयजल को लेकर परेशान हैं। जलापूर्ति नहीं होने से सुबह से ही लोग जलपात्र लेकर पेयजल की जुगाड़ में जुटे रहे। ज्ञात हो कि गुमला शहर का कई इलाका ड्राई जोन है। जहां के लोग सप्लाई पानी पर ही निर्भर हैं। एक दिन जलापूर्ति नहीं होने से ड्राई जोन वाले क्षेत्रों में पेयजल को लेकर हाहाकार मच जाता है। जिले में पड़ रही भीषण गर्मी में जलापूर्ति नहीं होने से शहरवासी खासा परेशान हैं। गर्मी के मौसम में पानी की खपत भी बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में जलापूर्ति बाधित होने से शहर के लोग चिंतित हैं। इधर गर्मी के कारण शहर के कई क्षेत्रों में लगे चापानल से भी बमुश्किल पानी निकल रहा है। वहीं कुंओं का जलस्तर सुख चुका है। जिनके घरों में बोरिंग है लोग उनसे दो चार बाल्टी पानी मंगकर किसी तरह काम चला रहे हैं। जलापूर्ति नहीं होने से बच्चों को स्कूल भेजने के समय में भी परिवार के सदस्य पानी के जुगाड़ में जुटे रहते हैं।

# लोहरदगा लोकसभा सीट पर चमरा लिंडा के वोट प्रतिशत से होगा हार जीत का फैसला

- चुनाव में कांग्रेस व भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने झोंक दी थी पूरी ताकत
- 12 अन्य उम्मीदवारों के रहने से एक पार्टी के वोट बैंक में हुई अधिक सेंधमारी
- 4 जून को मतगणना के बाद किसी एक उम्मीदवार के सर पर लगेगा विजय तिलक

खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** लोहरदगा लोकसभा चुनाव में मतगणना के बाद प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो चुका है। लोहरदगा लोक सभा क्षेत्र से मैदान में 14 उम्मीदवार थे। लेकिन तीन उम्मीदवारों को छोड़कर बाकि 12 उम्मीदवार वोट कटवा ही बनकर रह गये। उन्हें अपने क्षेत्र के लोगों से ही मत मिलने की ज्यादा उम्मीद लोग जता रहे हैं। लोहरदगा संसदीय सीट में लोग कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत, भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव व निर्दलीय विधायक चमरा लिंडा के बीच त्रिकोणीय संघर्ष मान रहे हैं। लेकिन अबतक जितने भी लोस चुनाव में चमरा लिंडा मैदान में उतरे हैं उनमें केवल वे वोट कटवा की ही भूमिका में अधिक नजर आये हैं। इससे स्पष्ट है कि लोहरदगा संसदीय सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के बीच ही है। कांग्रेस व भाजपा उम्मीदवारों को जीताने के लिए दोनों ही पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में स्वयं प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी सभा की थी। वहीं कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत के पक्ष में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनावी सभा की थी। इन दोनों दिग्गज नेताओं के चुनावी सभा से वोटों का ध्रुवीकरण तेजी से हुआ। क्योंकि दोनों नेताओं की सभा में उम्मीद से अधिक लोगों की भीड़ जुटी थी। वह भीड़ वोट में तब्दील हुई या नहीं यह तो आने वाला समय ही बताएगा। परंतु मतदान के बाद जीत की घंटी इस बात पर आकर लटक गयी कि चमरा लिंडा कितना वोट ला रहे हैं। चमरा लिंडा के वोट प्रतिशत से ही हर जीत का अंक गणित सेट होगा। क्योंकि चमरा लिंडा लोहरदगा संसदीय सीट के निर्णायक वोट पर अपना एकाधिकार जमा हुए हैं। कहा जाता है कि सरना समाज का वोट जिस ओर झुकेगा मैदान में उसी पार्टी के प्रत्याशी की जीत होगी। सरना समाज का वोठ इस बार बंट गया है। कुछ वोट भाजपा को तो कुछ वोट कांग्रेस को मिला है जबकि अधिक वोट चमरा लिंडा के पक्ष में गयी है। अब इस स्थिति में हार जीत का अंक गणित बैठाना भी मुश्किल हो रहा है। इस माथापची में उम्मीदवार व उनके समर्थकों के भी वोट के अंक गणित जुटाने में पसीने छुट रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पार्टी नेंताओं से मिल रहे फीड बेक से कांग्रेस व भाजपा उम्मीदवार के भी पसीने छूट रहे हैं। वहीं बात करे अन्य 12 उम्मीदवारों का तो वे अपने क्षेत्र का ही वोट लेते नजर आ रहे हैं। ऐसे में देखे तो सभी उम्मीदवार आदिवासी वोटों पर ही अधिक निर्भर थे और आदिवासी वोटों को अन्य 12 प्रत्याशियों को ओर जाना भी एक पार्टी के उम्मीदवार के लिए घातक साबित हो सकती है जो स्पष्ट परिलक्षित हो रही है। वहीं दूसरी ओर एक पार्टी का कैडर वोट है जो हवा के झोंके के बाद भी टस से मस नहीं हुई।

अगर कैडर वोट पर सेंधमारी हुई होगी तो उस पार्टी के उम्मीदवार के उम्मीद से विपरित परिणाम आएंगे। क्योंकि यह बात तो तय है कि चुनाव मैदान में किसी एक के सर पर ही विजय तिलक लगेगी और यह विजय तिलक 4 जून को मतगणना के बाद लगना तय है।


# कांग्रेस पुसो मंडल अध्यक्ष के साथ पूछताछ के नाम पर मारपीट

### जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने एसडीपीओ से मुलाकात कर थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

### थाना ले जाकर थाना प्रभारी ने जमकर पीटा, नाजुक अंगों को भी पहुंचाया नुकसान

खबर मंत्र संवाददाता





**गुमला।** कांग्रेस के पुसो मंडल अध्यक्ष जितेंद्र लोहरा के साथ पुसो थाना प्रभारी के द्वारा किये गये अमानवीय कृत को लेकर गुरूवार को कांग्रेस के कई नेता एसडीपीओ सुरेश कुमार यादव से मिले। कांग्रेसियों ने एसडीपीओ से उक्त मामले में कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में जितेंद्र लोहरा ने भी एसपी को ज्ञापन सौंपकर थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जितेंद्र लोहरा ने कहा है कि 14 मई को मेरे भाई अनुज लोहरा के बारे में पूछताछ के लिए पुसो थाना प्रभारी हिमांशु शेखर सिंह व अन्य पुलिस कर्मियों के द्वारा मुझे थाने ले गये। जहां ले जाकर हाजत में बंद कर दिया गया। जितेंद्र ने कहा कि वह विवाह के बाद माता-पिता व भाई से अलग घर बनाकर करीब दस वर्षो से अलग रह रहा है। मेरा भाई किसके साथ घूमता है या कहां जाता है उसकी जानकारी उसको नहीं है। भाई के बारे में कोई जानकारी नहीं होने के बवजूद थाना प्रभारी के द्वारा उसके साथ मारपीट की गई। मेरे शरीर के नाजकु अंगों के साथ छेडछाड़ कर बहुत ही बेरहमी के साथ ठंडे से मारपीट की गई। थाना परिसर में नंगा कर पीटा गया। मेरे साथ अमानवीय हरकत की गई। इस दौरान उसे भोजन तक नहीं दिया गया। वहीं लोहरदगा कोर्ट में तारिख होने की बात कहे जाने पर होमगार्ड की निगरानी में कोर्ट भेजा गया। उसने थाना प्रभारी पर गलत केश में फंसाने की आशंका भी व्यक्त की। इस मामले को लेकर पुलिस उपाधीक्षक सुरेश कुमार यादव से कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात किया। जिसमें कांग्रेस प्रदेश सचिव सह गुमला प्रभारी रमेश कुमार,युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव भगत, सिसई विधानसभा प्रभारी राजनील तिग्गा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी, सिसई प्रखंड अध्यक्ष बैबूल अंसारी, मंगरा उरांव, जय सिंह, रोहित उरांव, सगीर आलम, अहमद अंसारी, मंगलेश्वर उरांव, विष्णु लोहरा आदि उपस्थित थे।

## लोहरदगा : चुनाव में हार जीत को लेकर चर्चा तेज

**लोहरदगा।** लोकसभा चुनाव संपन्न होते ही चौक चौराहा में जीत हार की चर्चा आम हो गई है। लोग तरह-तरह के आंकड़ों से अपने-अपने विचारों की पार्टी को जीत दिलाते हुए नजर आ रहे हैं।शहर के विभिन्न चौक चौराहा में स्थित चाय की दुकान पर चाय की चुस्की के साथ तो पान दुकान में पान के साथ चुनाव में हार जीत की चर्चा शुरू कर देते है। तर्क तो ऐसे ऐसे ऐसे देते है की सामने वाला भी स्वीकार कर लेता है की है फलां प्रत्याशी जीत रहा है। विदित हो कि लोहरदगा लोकसभा सीट का चुनाव विगत 13 मई को संपन्न हुआ। इस चुनाव में कल 15 प्रत्याशी मैदान में थे लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा कांग्रेस और झामुमो के बागी विधायक सह निर्दलीय प्रत्याशी चामरा लिंडा के बीच बताया जा रहा है। हालांकि चुनावी विशेषज्ञ इसे नकारते हुए कहा रहे है की मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस की बीच में ही है क्योंकि जो जानकारी निकल कर आ रही है उसमें लिंडा को इस बार अच्छा प्रदर्शन नहीं करने की बात भी कह रहे हैं। खैर इसका खुलासा तो 4 जून को मतगणना के बाद हो जाएगा की किसको कितना वोट मिला है और जीत का सेहरा किसके सर पर बंधेगा।

## शोकाकुल परिवारों से मिले सुखदेव, बंधाया ढांढ़स


शोकाकुल परिवार से मिलते सुखदेव भगत।

**कैरों।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के महासचिव बक्सी ग्राम निवासी मंगरा उरांव के पुत्र दीपक उरांव का आकस्मिक निधन की जानकारी मिलते ही लोहरदगा लोकसभा इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत कांग्रेसियों के साथ बक्सी ग्राम पहुंचकर शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट किया। साथ ही कहा कि पूरा कांग्रेस शोकाकुल परिवारों के दुख के घड़ी में उनके साथ खड़ा है। मौके पर शोक व्यक्त करने वालों में प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अनीश खान, राजेश रुद्रा,किशोर उरांव, नारायण उरांव, विजय उरांव, बुधराम उरांव, दीपक यादव, सतीश यादव फूलदेव भगत इत्यादि थे।

# विद्या मंदिर में नव नामांकित भैया बहन हुए सम्मानित





### विद्या मंदिर के संस्कारों से समरस हों नव नामांकित भैया बहन : श्याम सुंदर

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में कक्षा षष्ठ से नवम तक में नवीन नामांकित भैया बहनों के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवीन भैया बहनों द्वारा पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख आचार्य श्यामसुंदर कुमार ने कहा कि नवीन भैया बहन विद्यालय के लिए प्रमुख आकर्षण हैं। आप सभी विभिन्न विद्यालयों से आए हुए हैं। विद्या मंदिर द्वारा संचालित व्यवस्थाओं एवं संस्कारों से आप सभी समरस हों, यही अपेक्षा की जाती है। इसके बाद नव नामांकित भैया बहनों में से शशि कला उरांव, सुरभि उरांव, रवि कुमार, लाल अंश नाथ शाहदेव ने अपना अनुभव कथन रखते हुए विद्यालय व्यवस्था को आदर्श एवं प्रेरक बताया। इस अवसर पर बहन समृद्धि सिन्हा, निधि शर्मा एवं सहेलियों ने 'चंदन है इस देश की माटी'यह प्रेरक गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर विद्यालय के विज्ञान आचार्य राजीव कुमार सिंह ने कहा कि नवीन भैया बहनों का सम्मान करना विद्या भारती की परंपरा है। विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या मधुमिता शर्मा ने कहा कि सभी नवीन नामांकित भैया बहनों में कुछ न कुछ विशेष कला अवश्य होती है।

## पदाधिकारियों व कर्मियों ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान



**लोहरदगा।** चुनाव कार्य मे लगे कर्मियों द्वारा गुरुवार को समाहरणालय परिसर लोहरदगा में बने सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया गया। आज भी पोस्टल बैलेट से मतदान होगा। जिसमें चतरा, कोडरमा, हजारीबाग, धनबाद, गिरिडीह, जमशेदपुर और रांची लोकसभा क्षेत्र के मतदाता शामिल होंगे। गुरुवार को भी इन्हीं जिलों के मतदाता शामिल हुए।

# मार्निंग क्रिकेट क्लब के द्वारा लीजेंड कप का आयोजन

### उदघाटन मैच में चेंबर ने गुमला प्रेस की टीम को हराया, दूसरे मैच में घाघरा ने टोटो को किया पराजित

खबर मंत्र संवाददाता


उदघाटन मैच के विजेता चैंबर के खिलाड़ी शील्ड के साथ।

**गुमला।** नशामुक्ति अभियान के तहत मॉर्निंग क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित लीजेंड कप 2024 का उदघाटन मैच गुरूवार को प्रेस के टीम व चेंबर के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में चेंबर की टीम ने 91 रन बनाया। चेंबर के कई खिलाडियों ने अच्छी बल्लेबाजी की। जवाबी पारी खेलने उतरी प्रेस की टीम के बल्लेबाज पीच पर टिक नहीं पाये और एक के बाद एक सभी विकेट प्रेस की टीम ने गंवाकर मैच हार गयी। इससे पूर्व मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि चैंबर के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार व भाजपा नेता मिशिर कुजूर ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर की। मौके पर रमेश कुमार ने कहा कि नशामुक्ति अभियान को लेकर आयोजित यह प्रतियोगिता सराहनीय कदम है। क्योंकि गुमला जिले में नशा के सबसे अधिक शिकार युवा वर्ग हो रहे हैं जो आने वाले समय में समाज के लिए घातक साबित होगा। मिशिर कुजूर ने कहा कि नशे के बढ़ते प्रचलन के कारण युवा वर्ग उसके अपने जद में आ गये हैं। इससे समाज में बुरा प्रभाव पड़ रहा है। चैंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा कि नशापान समाज के विकास में बाधक है। इसको समूल समाप्त करने के लिए हर वर्ग को जागरूक होना पडेगा। वहीं आज का दूसरा मुकाबला घाघरा और टोटो के बीच खेला गया। जिसमें घाघरा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी टोटो की टीम ने 9.2 ओवरों में सभी विकेट होकर 66 रन बनायी। टोटो की तरफ से अंतिम में बल्लेबाजी करने आए असीम ने 16 रन, अंकित ने 13 रन व मंटू ने 11 रन का योगदान दिया। घाघरा की तरफ से शानदार गेंदबाजी करते हुए दिनेश ने तीन ओवरो में 23 रन देखकर 3 विकेट हासिल की। वही रोहित ने तीन ओवर में 12 रन देखकर 2 विकेट हासिल किया। जवाबी पारी खेलने उत्तरी घाघरा की टीम ने 5.4 ओवरों में तीन विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। घाघरा की तरफ से रोहन ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए 13 गेंद में 38 रन की पारी खेली। वहीं विजय ने पांच गेंद पर 15 रन की पारी खेली। टोटो की तरफ से कोई भी गेंदबाज ने उम्दा प्रदर्शन नहीं किया।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता



**भंडरा।** डेंगू दिवस के अवसर पर भंडरा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम राजकीय मध्य विद्यालय भौरो में डेंगू दिवस पर कार्यक्रम किया गया। जिसमे एमटीएस इंचार्ज राम कुमार महतो के द्वारा बताया गया की डेंगू साफ जमे हुए पानी में पनपते है। डेंगू संक्रमित मादा एडीस मच्छर के काटने से होता है। इसकी पहचान अचानक तेज बुखार आना, पहचान खोना, तेज सिर दर्द, आंखों के पिछले हिस्से में दर्द, मसूड़ों से खून आना, भूख न लगना यदि ये लक्षण हो तो निकट के सरकारी अस्पताल या योग्य चिकित्सक से तुरंत संपर्क करना चाहिए। बचाव के उपाय मच्छरों से बचे, घर के आस पास सफाई रखे, पानी के बर्तनों को ढंक कर रखे। सप्ताह में कम से कम एक बार पानी की टंकी, गमलों, कुलर, फ्रिज ट्रे आदि की सफाई कर सुखा लेना चाहिए। हमेशा मच्छरदानी के अंदर सोए, बुखार होने पर पानी ज्यादा मात्रा में पीना चाहिए और खून जांच कराना चाहिए, सभी सरकारी अस्पताल में जांच और उपचार की सुविधा मुफ्त उपलब्ध है, बचाव ईलाज से बेहतर होता है। किसी भी बुखार को हल्का में न ले, यह डेंगू, चिकनगुनिया हो सकता है। इस कार्यक्रम में स्कूली छात्रों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे राजकीय मध्य विद्यालय भौरो से प्रथम पुरस्कार हरी प्रसाद, द्वितीय पुरस्कार किरंती कुमारी, राजकीय मध्य विद्यालय बेदाल से प्रथम पुरस्कार आरती कुमारी, द्वितीय पुरस्कार पंखी कुमारी, राजकीय मध्य विद्यालय जमगाई से प्रथम पुरस्कार अंजना कुमारी, द्वितीय पुरस्कार मनिता असुर, राजकीय उच्च विद्यालय गाराडीह में प्रथम मुस्कान खातून द्वितीय पुरस्कार गुंजन खातून छात्रों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक सरोज उरांव, लक्ष्मी, एमटीएस इंचार्ज राम कुमार महतो, राजेश्वर तिर्की एमपीडब्ल्यू, ताजे उरांव एमपीडब्ल्यू, हीरामणि उरांव, रानीमति और शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित थे।

# सुरक्षा की दृष्टि से चंदवा में 8 बूथों को किया गया रीलोकेट

## विशेष इलाकों के कुछ मतदान केंद्रों में बनाया गया है विशेष पर्दानसी बूथ

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** लोकसभा चुनाव को शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तरह से कमर कस ली है। मतदान कर्मियों व पुलिस कर्मियों की सुरक्षा की दृष्टि से उग्रवाद प्रभावित सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों के 8 बूथों को रीलोकेट (स्थानांतरण कर दिया गया है। रीलोकेट किए गए बूथों में बूथ संख्या 295 उप्रावि तिलैयादामर को बूथ संख्या 292 राउमावि चकला पश्चिमी, बूथ संख्या 322 प्राावि गरदाग को बूथ संख्या 321 उमवि चिरो, बूथ संख्या 323 राप्राावि बोदा को बूथ संख्या 324 उमवि लुकुईया, बूथ संख्या 326 राप्राावि हाका पूर्वी को बूथ संख्या 325 उ. उच्च वि. हुटाप, बूथ संख्या 327 हाका पश्चिमी को बूथ संख्या 325 उ. उच्च वि. हुटाप, बूथ संख्या 353 राप्राावि आरा को बूथ संख्या 348 रा. कृत मवि दूधीमाटी, बूथ संख्या 356 उप्राावि जमुआरी को बूथ संख्या 358 रामवि बेतर नवाटांड व बूथ संख्या 357 राउमवि मड़मा को बूथ संख्या 358 रामवि बेतर नवाटांड रिलोकेट किया गया है। उक्त जानकारी बीडीओ सह निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने दी है।


जानकारी देते बीडीओ

**चंदन कुमार ने बताया कि निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुश्तैद है। झारखंड पुलिस के साथ गृह रक्षक बल एवं अतिरिक्त केंद्रीय सुरक्षा बल की तैनाती की गयी है। चुनाव आयोग के निर्देश पर कुछ विशेष इलाको में विवाद से बचने के लिए विशेष तौर पर पर्दानसी बूथ भी बनाया गया है।**

## सभी अध्यापकगण एक परिवार की तरह है: नागेंद्र

### मृत सहायक अध्यापक के आश्रित को आर्थिक सहयोग


आर्थिक सहयोग करते शिक्षक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय केड़ के दिवंगत सहायक अध्यापक स्व. रविशंकर यादव के आश्रित परिजन को सहायक अध्यापक परिवार प्रखंड कमेटी बरवाडीह की ओर से 76200/- की सहयोग राशि प्रदान की गईं। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि स्व.यादव जी का निधन विगत माह 22 मार्च को ब्रेन हेमरेज होने से रांची में इलाज के दौरान हो गई थी। वह अपने पीछे अपनी पत्नी, एक पुत्र एवं दो पुत्री को छोड़ गए है। कमेटी के प्रखण्ड सचिव बबलू सिंह ने सरकार के उदासीन रवैया के प्रति आक्रोश प्रकट की एवं पीड़ित परिवार के एक परिजन को सरकारी नौकरी एवं 5 लाख रुपए की एकमुस्त राशि की मांग की। प्रखंड अध्यक्ष शकील खान ने सहायक अध्यापकों के सभी समस्या का जल्द निष्पादन करने की मांग एवं मृत सहायक अध्यापक के लिए आवास एवं एक सदस्य के लिए नौकरी की मांग की। मौके पर शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने मृत सहायक अध्यापक के प्रति सहानुभूति प्रकट की एवं आश्रित परिवार को ढाढस बँधाया एवं हर यथासंभव मदद करने की बात कही।

उन्होंने कहा सभी अध्यापकगण एक परिवार की तरह है और उनके हर एक सुख दुख में हम सभी एक साथ खड़े हैं। मौके पर प्रखंड कोषाध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा, कुमार सौरभ, डिलेश कुमार, हरिशंकर, विजय प्रसाद, राकेश कुमार, बिनोद कुमार, अनील यादव, विद्यासागर पाण्डेय आदि कई सहायक अध्यापक गण उपस्थित हुए।

## बाइक और टेम्पो में हुई टक्कर में दो घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के टोटी ग्राम में एक मोटरसाइकिल सवार ने अनियंत्रित होकर सवारी लदे टेम्पो में जाकर टक्कर मार दिया। जिससे मोटरसाइकिल सवार एवं टेंपो में सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नरेश उरांव 28 वर्ष पिता महादेव उराँव ग्राम टोटी थाना बारियातु निवासी बालूमाथ से अपने घर टोटी जा रहा था। इसी दौरान टोटी ग्राम के समीप मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर टेंपो में टक्कर मार दिया और गिरकर घायल हो गया। वही इस टक्कर में टेम्पो में बैठे प्रमोद कुमार साव 32 वर्ष पिता सेवा साव ग्राम पिंडाटोला बारियातू निवासी भी गंभीर रूप से चोटिल हो गया।

## चतरा में बिगड़ सकता है खेल, निर्दलीय प्रत्याशी ने राष्ट्रीय पार्टियों के उम्मीदवारों की बढ़ाई टेंशन

### दिलचस्प हो गई है चतरा लोकसभा सीट की लड़ाई, पूरे दम खम के साथ चुनावी मैदान में है डॉ.अभिषेक कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** चतरा संसदीय क्षेत्र में 2024 लोकसभा चुनाव काफी रोमांचक हो गया है। मतदान का समय जैसे- जैसे नजदीक आ रहा है, प्रत्याशियों की धड़कने बढ़ने लगी है। पार्टी प्रत्याशी चुनाव प्रचार में दिनरात एक कर रहे हैं।

राष्ट्रीय दलों के प्रत्याशाी जहां खुद को साबित करने में जुटे हैं। तो वहीं लोगों का मानना है कि राष्ट्रीय पार्टियों के अलावा यहां पर एक निर्दलीय प्रत्याशी भी फाइट में हैं, जो कड़ी चुनौती देगा। पहले यहां मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच माना जा रहा था लेकिन निर्दलीय प्रत्याशी डॉ.अभिषेक कुमार सिंह की एंट्री ने त्रिकोणात्मक संघर्ष पर ला कर खड़ा कर दिया है। चतरा सीट से इस बार जहां 9 निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे है, पर यहां निर्दलियों के जितने का रिकॉर्ड काफी कम रहा है।

वर्ष 2019 और 2014 के लोकसभा में जीत का परचम किसी निर्दलीय ने तो नहीं लहराया पर 2009 के लोकसभा चुनाव में इंद्र सिंह नामधारी ने निर्दलीय चुनाव लड़ा था और ऐतिहासिक जीत भी हासिल की थी। वहीं इस बार वर्ष 2024 लोकसभा के चुनावी जंग में डॉ.अभिषेक कुमार निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में पूरे दम खम और कई ज्वलंत मुद्दों के साथ चुनावी मैदान में हैं, जो पार्टियों को सीधी टक्कर से निकाल कर त्रिकोणात्मक के रास्ते उतार लाए हैं। सीधे तौर पर कहें तो चतरा लोकसभा चुनाव की लड़ाई एक बार फिर से निर्दलीय की वजह से दिलचस्प हो गई है। संसदीय क्षेत्र में लगातार तीन वर्षो से लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवा मुहैया करा रहे डॉ.अभिषेक कुमार की चर्चा इन दिनों खूब जोरों से है। वह गांव-गांव जाकर लोगों से जनसंपर्क कर रहे हैं।


मतदाताओं से संपर्क करती डॉ.मीनाक्षी सिंह

वहीं उनकी पत्नी डॉ.मीनाक्षी सिंह भी मतदाताओं से सीधे संपर्क कर अपने पति के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रही है, और उन्हें चारों तरफ से समर्थन मिल रहा है। उनके प्रचार-प्रसार में लोगों का हुजूम देखकर राष्ट्रीय पार्टियों के प्रत्याशियों की नींद उड़ गई है। प्रत्येक प्रत्याशी का अपना-अपना गणित है, हालांकि मतदाता अब तक चुप्पी साधे हुए हैं। एक ओर जहां मतदाता कुछ भी कहने से कतरा रहे है। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी डॉ.अभिषेक के मैदान में उतरने से राष्ट्रीय पार्टियों के खेमे में हड़कंप मचा हुआ है।

## बीएलओ द्वारा चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**बारियातू।** बीडीओ, सीओ सह सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी नंद कुमार राम के निर्देश पर अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत मनातू बूथ संख्या 50 के बीएलओ नीलम देवी ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। कहाँ सभी को अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। बीएलओ ने कहा पहले मतदान करें फिर जलपन करेंगे। वहीं शपथ भी दिलाया गया। ज्ञात हो की शत-प्रतिशत मतदान कराने के उदेश्य से सभी बीएलओ अपने अपने पोषक क्षेत्र में जागरूक कर रहे हैं। मौके पर सुमित्रा देवी, गूंगा भुइयाँ, दीपन भुइयाँ, तेतरी देवी, कोयल देवी, मुनिया देवी, रीता देवी, महेश भुइयाँ, बंधु, मनोज, अजय,सुनीता, रीता, किशुन सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## पंचमुखी श्री हनुमान मंदिर परिसर में मंदिर समिति के लोगों की बैठक संपन्न

### वार्षिकोत्सव को लेकर हुई चर्चा


बैठक में शामिल लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** गुरुवार को स्थानीय सरोज नगर स्थित पंचमुखी श्री हनुमान मंदिर परिसर में मंदिर समिति के लोगों की बैठक संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रंजीत गुप्ता ने की। बैठक में सचिव मनोज सिंह, कोषाध्यक्ष जयकिशोर सिंह, उपाध्यक्ष अमोद प्रसाद समेत अन्य लोग मौजूद थे। इसमें मंदिर के वार्षिकोत्सव को लेकर चर्चा की गयी। मंदिर के विकास की योजना पर भी विचार-विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से समिति के आरएन पांडेय को मंदिर समिति से निष्कासित कर दिया गया है। लोगों ने बताया कि आगे मंदिर समिति के किसी भी कार्य पर उनका हस्तक्षेप नहीं रहेगा।

इस संबंध में श्री पांडेय ने कहा कि मंदिर में मैं सिर्फ पूजा-पाठ के लिये ही जाता हूं। शेष अन्य कार्यों से मुझे विशेष लेना-देना नहीं रहता। समिति के लोगों से जानकारी ली जायेगी। मौके पर राजकुमार साहू, नरेंद्र सिंह, सतीश कुमार, अनिल सिंह, विजय कुमार, विवेक गुप्ता, उदय साहू समेत अन्य लोग मौजूद थे।

एक नजर में

## भाजपा के कार्यकर्त्ता लगातार चला रहे हैं जनसम्पर्क अभियान


जनसंपर्क अभियान चलाते कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** भाजपा कार्यकताओं ने प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र के अंबाटोली, गुलगुलिया मुहल्ला, महिलाडिह व यादव टोला में जनसंपर्क अभियान चलाया व सभा कर चतरा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को भारी मतों से जिताने का अपील किया। भाजपा कार्यकताओं ने इस दौरान मोदी सरकार के जन हित मे किए गये कार्य व उपलब्धियो को मतदाताओं के बीच रखा। देश को एक विकसित राष्ट्र व सर्वांगिण विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को भारी मतों से विजयी बनाकर मोदी सरकार के हाथ को मजबुत करने की अपील किए। मौके पर भाजपा कार्यकर्ता अरविंद प्रसाद, बलदेव प्रसाद, रामजीवन प्रसाद, साहदेव प्रजापति, नरेश प्रजापति, शंकर यादव, नकुल प्रजापति तेतर गंझु, बालदेव गंझु महादेव प्रजापति, गीता देवी सहित अनेको लोग शामिल रहे।

## भाजयुमो का सघन जनसम्पर्क अभियान जारी


जनसंपर्क अभियान चलाते कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** भाजयुमो के महुआडांड़ प्रखंड अध्यक्ष दीपेन्द्र नाथ शाह के नेतृत्व में गुरूवार को भाजयुमो के कार्यकर्त्ता महुआडांड़ प्रखण्ड स्थित सोहर व नेतरहाट पंचायत के दर्जनो ग्रामों का दौरा कर लोगों से मिलकर देश के प्रधानमंत्री के उपलब्धियों के बारे में अवगत साथ ही लोगों को आगामी 20 मई को भाजपा के चतरा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को क्रम संख्या 1 पर कमल छाप का बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष रवि कुमार सोनी, मुकेश जायसवाल, अमित जायसवाल, प्रशांत नाथ शाह, चंदन सिंह, निरंजन जायसवाल, छोटू गुप्ता, सोनु कुमार, अनिल कुमार आदि साथ साथ थे।

## भाजपा कार्यकताओं की बैठक संपन्न


बैठक करते भाजपा कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**नेतरहाट।** महुआडांड़ प्रखंड के नेतरहाट में रवि शंकर शर्मा के अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय नेतरहाट में बैठक संपन्न किया गया। बैठक को संपन्न करते हुए भाजपा नेता समीर ने बताया कि आगामी 20 मई को भाजपा के चतरा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को क्रम संख्या 1 पर कमल छाप का बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

मौके पर भाजयुमो जिला मंत्री सर्वेश प्रसाद उर्फ बिट्ठु, शशि वर्मा, रंजीत साहू, अजय प्रसाद, दिल पूजन मिश्रा, संतोष गुप्ता, दीपक शर्मा, रवि बढ़ाइक, राजू बढ़ाइक, बसु किसान, सविता देवी, ममता देवी समेत भाजपा कार्यकर्ता मौजूद है।

## निरंजन राम व बहादुर गंझु भाजपा छोड़ कांग्रेस में गये


शामिल होते कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** भाजपा मंडल महामंत्री सह लम्बे समय से कार्यरत कदावर नेता निरंजन राम व बारियातू प्रखंड के खरवार भोगता विकास संघ अध्यक्ष बहादुर गंझु अपने दर्जनों समाज के लोगों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस में शामिल होते निरंजन राम व बहादुर गंझु को माला से सम्मानित किया गया। आपको बताते चलें की 20 मई को चतरा लोक सभा चुनाव होना है। निरंजन राम भाजपा में काफी लम्बे समय से काम कर रहे थे। उन्होंने बताया की मुझे भाजपा से मान सम्मान नहीं मिला जिसके कारण हम कांग्रेस में शामिल हो गए हैं और कांग्रेस मुझे अच्छा लगा। वहीं बारियातू प्रखंड के खरवार भोगता विकास संघ के प्रखंड अध्यक्ष बहादुर गंझु अपने दर्जनों कार्यकत्ताओं के साथ कांग्रेस में शामिल होकर अपने सभी समाज के लोगों को इंडिया गठबंधन के कांग्रेस पार्टी को सहयोग करने का आग्रह किया है। मौके पर भुइयाँ समाज के वरिष्ठ नेता लाखो भुइयाँ, बीससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, राजद प्रखंड अध्यक्ष लवकुश यादव, कांग्रेस युवा नेता लाल आशीष नाथ शाहदेव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार, उपाध्यक्ष भुनेश्वर यादव, चुनाव प्रभारी रंजन दुबे ने कांग्रेस में शामिल हुए कार्यकत्ताओं को माला और कांग्रेस का पट्टा पहना व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। ठीक इसके पश्चात लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम ने भी सभी शामिल हुए लोगों को स्वागत किया और कहा की अभी क्षेत्र में महागठबंधन के लिए मेहनत के साथ काम करना है। आप सभी कांग्रेस पार्टी की वोट के लिए आम जनमानस को अधिक से अधिक प्रेरित करें। गठबंधन के सभी सिपाहियों को क्षेत्र में लगन के साथ मेहनत करने की अपील की है।

## अज्ञात अपराधियों ने युवक को मारी गोली गंभीर रूप से घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के इचाक ग्राम में बुधवार के रात्रि लगभग 11:30 बजे अज्ञात अपराधी ने गोपाल उराँव 35 वर्ष पिता स्व. गुंजरा उर्फ छोटेलाल उरांव को कनपठी में सटाकर गोली मार दिया। गोली कनपटी से होकर आँख को नुकसान पहुंचाते हुए निकल गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा रात्रि में ही गोपाल उरांव को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सक डॉक्टर ध्रुव कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। बताया जाता है कि गोपाल उरांव अपने पूरे परिवार के साथ घर के छत पर सोया हुआ था। इसी बीच एक अपराधी ने बगल के घर से दीवाल के सहारे छत पर चढ़कर सोए हुए गोपाल उरांव को कनपटी में सटाकर गोली मार दी और छत से कूदकर फरार हो गया। घटना की सूचना रात्रि में ही बालूमाथ पुलिस को मिली। बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन की। परिजनों ने गोली चालान की घटना जमीन विवाद बताया है। गोपाल उरांव पर 15 दिन पूर्व भी अज्ञात अपराधियों ने गोली चलाई थी। जब वह रात्रि में अपने घर के बाहर खड़ा था। जिसमे वह बाल-बाल बच गया था। जिसकी सूचना गोपाल के द्वारा बालूमाथ थाना में लिखित रूप से दिया गया था। इस संबंध में थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने कहा कि प्रथम दृष्टि से यह घटना जमीन विवाद से जुड़ा हुआ मामला प्रतीत होता है। परिजन गोपाल उरांव को लेकर रिम्स चला गया है। इस कारण किसी भी प्रकार का कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। फिर भी पुलिस सारे पहलुओं को एक साथ में रखकर जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले का उद्वेदन शीघ्र ही कर अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। ज्ञात हो कि गोपाल उराँव गांव में रहकर सायकिल रिपेयर का दुकान चलाता है।


जानकारी देते परिजन

## दो हाईवा में आमने-सामने टक्कर, चालक घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बुकरु रेलवे स्टेशन के समीप सावासार ग्राम स्तिथ 27 नम्बर पुल के पास दो हाईवा में आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें एक हाईवा चालक उपेंद्र उरांव 28 वर्ष पिता लहसु उराँव ग्राम बरवाटोली, मरंगलोईया थाना बालूमाथ निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उपेंद्र उरांव मां अंबे कंपनी का हाईवा चलाता है। बुधवार की देर रात वह मगध कोलियरी से कोयला लेकर बालूमाथ साइडिंग खाली करने जा रहा था। इसी दौरान सावासार ग्राम के समीप कोयला के उड़ते धूलकण की वजह से बालूमाथ से मगध कोलियरी जा रहे हाईवा से आमने-सामने टक्कर हो गया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों एवं मां अंबे कंपनी के स्टाफ के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर ध्रुव कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।


घायल चालक

## बाइक आमने सामने टक्कर में युवक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ चंदवा मुख्य मार्ग पर स्थित ब्लॉक के समीप गुरुवार को दो बाइक आमने सामने टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार सरवन कुमार चौहान पिता राजेश चौहान उम्र 32 वर्ष ग्राम मोहन नगर खलारी निवासी बालूमाथ से चंदवा की और जा रहा था जहाँ विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल ने दिवाकर नगर ब्लॉक के पास जोरदार टक्कर मार दिया। डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद द्वारा उसे प्राथमिक उपचार किया गया।

# कन्या विवाह एवं विकास सोसाइटी ने खोला सिलाई सेंटर




उद्घाटन करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** कन्या विवाह एवं विकास सोसाइटी ने प्रखंड के मकरी पंचायत भवन में निःशुल्क सिलाई सेंटर खोला। जिसका उद्घाटन मकरी पंचायत के मुखिया पति धनंजय साह, कन्या विवाह सोसाइटी के सचिव विकास माली एवं पूर्व प्रमुख सह बीडीसी रीता देवी ने फीताकाट कर किया। मौके पर सचिव विकास माली ने कहा कि उक्त संस्था मुख्य रूप से बाल विवाह रोक, हत्या एवं दहेज प्रथा पर रोक लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करती आ रहीं है। साथ ही संस्था प्रतिवर्ष लाचार एवं असहाय कन्याओ का सामूहिक विवाह भी करती है। कहा कि संस्था द्वारा कई और सेंटर दूसरे प्रखंडों में खोला गया है। मुखिया पति धनंजय साह ने कहा कि कन्या विवाह सोसाइटी के सदस्य बधाई के पात्र है जो क्षेत्र में निःशुल्क सिलाई सेंटर खोलकर लड़कियों को आगे बढ़ा रहे हैं। मौके पर उप मुखिया उमेश सिंह, को-ऑर्डिनेटर आकाश दीप भारती, प्रखण्ड प्रभारी अंजु गुप्ता, ट्रेनर सोनी देवी, रवि पाल, सुनिल पासवान, मनोज पाल, मनोज यादव, रमेश साह, सतिश गुप्ता, प्यारे मोहम्मद आदि उपस्थित थे।

# सत्ता की ललक में लालू यादव पिछड़ों की विरोधी कांग्रेस की गोद में बैठ गए : शाह

एजेंसी



**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को लालू यादव पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं कि लालू प्रसाद यादव अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं लेकिन सत्ता की इतनी भी क्या ललक है कि पिछड़ों की विरोधी कांग्रेस की गोद में बैठ गए। बिहार का भला तेल पिलावन लठिया घुमावन से नहीं होगा। उसके लिए केंद्र की मोदी सरकार को मजबूत करें, जिसने बिहार के युवा को लाठी की जगह मोबाइल फोन थमाया है। अमित शाह गुरुवार को बिहार के सीतामढ़ी लोकसभा क्षेत्र से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) उम्मीदवार देवेश चंद्र ठाकुर से पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नरेन्द्र मोदी को देश का पहला प्रधानमंत्री बताया, जो अति पिछड़े वर्ग से आते हैं। आरक्षण को लेकर किए गए उनके कार्यों को भी अमित शाह ने गिनाया। उन्होंने कहा कि सीतामढ़ी को रामायण सर्किट से भी नरेन्द्र मोदी ही जोड़ेंगे। गृह मंत्री ने पीओके के मुद्दे पर सख्त तेवर दिखाए और कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर हमारा था। हमारा है और हमारा ही रहेगा। हम उसे हर हाल में लेकर रहेंगे। अमित शाह ने जदयू उम्मीदवारों को वोट देकर नरेन्द्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। सीतामढ़ी शहर स्थित गोयनका कॉलेज मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने फारूक अब्दुल्ला से लेकर राहुल गांधी और लालू यादव से लेकर उनके बेटे तक को निशाने पर लिया। अमित शाह ने कहा कि फारूक अब्दुल्ला हम लोगों को डराने की कोशिश करते हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है। हम किसी से डरने वाले नहीं बल्कि डराने वाले हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने पीओके कभी नहीं मांगा । पाकिस्तान के एटम बम से राहुल बाबा डरते होंगे, फारूक अब्दुल्ला डरें, मैं नहीं डरता । गृह मंत्री ने इस दौरान कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का जो पीएम का वादा था, उसका भी जिक्र किया और कहा कि जब अनुच्छेद 370 हटाया गया तो उसमें भी लालू यादव ने विरोध किया था। लालू ने कहा था कि 370 हटाने पर कश्मीर में खून की नदियां बहेंगी लेकिन कश्मीर में अब कंकड़ मारने तक की किसी में हिम्मत नहीं है। लालू एंड कंपनी विकास नहीं कर सकती है। ये बिहार को लालटेन युग में धकेलना चाहते हैं लेकिन नरेन्द्र मोदी ने युवाओं के हाथ में लाठी के बजाय सस्ते डेटा के साथ स्मार्टफोन थमाया है। लालू यादव 25 साल तक सत्ता में रहे लेकिन किसी को कभी भारत रत्न नहीं दिलाया लेकिन नरेन्द्र मोदी ने जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देकर बिहार को सम्मान दिया।

# कमांडर-टेलर के टक्कर में चार घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा-रंका मार्ग पर गुरुवार को कमांडर एवं टेलर की टक्कर में कमांडर पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मेराल थाना क्षेत्र के अरंगी गांव निवासी कुंदन कुमार भूईहर, उसकी पत्नी बिंदिया देवी, सरजुग भूहीहर की पत्नी कुंती देवी एवं मोहन भूइहर की पत्नी नारो देवी के नाम शामिल है। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में मोहन कुमार भूईहर ने बताया कि सभी लोग गोदरमाना से एक कमांडर पर आठ लोग सवार होकर गढ़वा आ रहे थे। इसी दौरान अनराज घाटी स्थित खड़े टेलर में कमांडर चालक ने पीछे से धक्का मार दिया। इससे कमांडर पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# बिजली, नाली, गली एवं पीसीसी नहीं रहने के बावजूद वसूला जाता है होल्डिंग टैक्स

खबर मन्त्र संवाददाता




नगर पंचायत कार्यालय।

मझिआंव। नगर पंचायत कार्यालय से महज लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर चार स्थित हरिजन टोला के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। नगर पंचायत बनने के 13 साल बीत जाने के बावजूद भी नगर पंचायत कार्यालय एवं बिजली विभाग के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के उदासीन रवैया के कारण यहां के लोग बिजली, नाली, गली एवं पीसीसी जैसे मूलभूत सुविधाओं से बिल्कुल वंचित है। उसके बावजूद भी नगर पंचायत कार्यालय के पदाधिकारी के द्वारा हिटलर शाही अंदाज में होल्डिंग टैक्स जमा करने के लिए दबाव बनाया जाता है। और लोग मजबूर होकर होल्डिंग टैक्स जमा भी करते हैं। इस मोहल्ले में आज की वर्तमान स्थिति में बरसों से जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़े बिजली पोल के सहारे किसी तरह एक फेज बिजली तार में मक्कड़ जाल की तरह तार का अंकुश लगाकर बिजली जलाने को विवश है। जबकि इस मुहल्ले का सभी घर का बिजली का एग्रीमेंट किया हुआ है और समय समय पर सभी उपभोक्ता बिजली बिल भी जमा करते है। इसकी शिकायत बिजली विभाग के पदाधिकारी के पास दर्जनों बार की जा चुकी है, लेकिन उनके द्वारा हर बार एक ही बात बोलकर टरका दिया जाता है कि बिजली विभाग के पास अभी तार एवं पोल नहीं है, आने के बाद पूरी व्यवस्था कर दी जाएगी। इतना ही नहीं इस मोहल्ले के लोगों को मुख्य सड़क में पहुंचने वाला लगभग तीन फीट का इकलौता मार्ग भी जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़ा है। पूरे बरसात के मौसम में यहां के लोगों कि जिंद्गी नारकीय हो जाती है। नाली से भी वंचित हैं। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने कहा कि उसके लिए रिकग्रिशन भेज दिया गया है। चुनाव को लेकर लगे आचार संहिता के कारण टेंडर नहीं हो पा रहा है। आचार संहिता समाप्त होते हैं उस पर कार्य किया जाएगा। बिजली की समस्या के बारे में उन्होंने कहा कि लोगों द्वारा यदि आवेदन दिया जाएगा, तो मैं बिजली विभाग के अभियंता से बात कर समस्या का समाधान करने के लिए पहला करूंगा।



रंजनी शर्मा।

## शांतिपूर्ण मदतान संपन्न होने पर जिपस रंजनी ने दी बधाई

**गढ़वा।** पलामू लोकसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने गढ़वा एवं पलामू के सभी पदाधिकारियों व मतदान कर्मियों को बधाई दी है। श्रीमती शर्मा ने कहा है कि सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस कर्मियों, मतदान कर्मियों एवं आम जनता के सहयोग से चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। उन्होंने कहा कि मतदाताओ ने काफी उत्साह के साथ मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाया। इसके लिए सभी मतदाता धन्यवाद के पात्र हैं। लोकतंत्र का यह महापर्व सभी के सहयोग एवं तत्परता से ही संपन्न कराना संभव है।

## चंदन जायसवाल ने किया रक्तदान



**गढ़वा।** सोशल वर्कर संस्था के तत्वावधान में शहर के सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में एक यूनिट रक्तदान किया गया। सासंद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल ने सीआरपीफ जवान विजय मेहता की पत्नी कुमुद मौर्य के लिए एक यूनिट रक्तदान किया। जो सदर अस्पताल में इलाजरत हैं। सोशल वर्कर संस्था के संचालक आकाश केशरी ने कहा कि चन्दन जायसवाल ने संस्था के बैनर तले रक्तदान करने की इच्छा जताई थी। उन्होंने बताया कि संस्था समय-समय पर जरूरतमंदो को रक्त उपलब करवा रही है ओर शहर के युवा संस्था से जुड़कर समाजसेवा में कदम से कदम मिला कार्य कर रहे है। मौके पर शुभम केशरी, हर्ष सीटू, पुष्प रंजन, मनीष कमलापुरी, संजय अग्रहरि, अंशु कांस्यकार आदि उपस्थित थे।

**Format C-1**

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25 September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 336 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Va. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate:_BIDYUT BARAN MAHATO, KRISHNAPUR, ADITYAPUR INDUSTRIAL AREA, NIT, SARAIKELA KHARSAWAN, PIN-832109

Name of political Party:__BHARTIYA JANATA PARTY__________________

(Independent candidates should write "Independent" here)

Name of Election :_LOKSABHA 2024______________________

* Name of Constituency:___09, JAMSHEDPUR______________________

I_BIDYUT BARAN MAHATO____________(name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case (s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | CJM, JAMSHEDPUR | SAKCHI PS CASE NO- 03/2022 DATED 06/01/2022 | PENDING POLICE BAIL ON 03/04/2024 | U/S-188/269/270/290/IPC AND 51(B) DISASTER MANAGEMENT ACT-2005 |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences-NIL

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Imposed Punishment |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| | | | |
| | | | |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned din place of name of constituency.

## लाइफ गुड्स स्कॉलरशिप कार्यक्रम का आयोजन



स्कॉलरशिप के साथ छात्र-छात्राएं

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित ऑडिटोरियम हॉल में में गुरुवार को लाइफ गुड्स स्कलरशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि बडी फर स्टडी झारखंड रीजनल को-ऑर्डिनेटर वी बालासुब्रमण्यम ने बाबा अवधूत राम के चित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को स्कलरशिप के बारे में विस्तार से बताया तथा स्कॉलरशिप के पंजीयन में होने वाली परेशानियों को दूर करने का उपाय बताया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.डॉ एमके सिंह ने कहा कि छात्रवृत्ति बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में अहम भूमिका निभाता है। कुलसचिव डॉ ललन कुमार ने कहा कि छात्रवृत्ति प्रत्येक बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाता है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने कार्यक्रम की शुभकामना एवं बधाई दी। मौके पर सभी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बासव राज कलाली, डॉ पीडी तिवारी, डॉ उमाशंकर मिश्रा, डॉ सुनीता गुप्ता, डॉ मनीष दुबे, दिव्या तिरु, डॉ अरविंद सिंह, सुभाष कुमार, राकेश कुमार सिंह, डॉ अमित सिंह, एनके प्रसाद, राजेंद्र विश्वकर्मा, उमाशंकर वैद्य, डॉ आशुतोष मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य कर्मियों ने रैली में लोगों को किया जागरूक



रैली में स्वास्थ्य कर्मी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** डेंगू चिकनगुनिया बीमारी दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मियों ने रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजन दास ने बताया कि देश में डेंगू और चिकनगुनिया बुखार एक गंभीर बीमारी है, जो जानलेवा भी है। इससे बचने के लिए घर के आसपास गंदे पानी या एसी कुलर सही बरसाती पानी के जलजमाव से पैदा होते है। जिनके काटने से दोनो गंभीर बीमारी फैलती है। इसलिए ऐसे जगहों पर साफ सफाई के साथ लोग गंभीर बीमारी से बच सकते है। मौके पर डॉ दिनेश सिंह, एमपी डबलू विद्या नंद प्रजापति, अनूप गुप्ता, अरुण लकड़ा, संजय कुमार, धर्मजीत पासवान आदि कर्मी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

# घर में आग लगने से लाखों रुपये की क्षति



आग बुझाते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** खरौंधी मोड़ के समीप मुख्य पथ स्थित बिगन साह के घर में बुवार की देर शाम आग लगने से लाखों रूपये की आर्थिक क्षति हुई है। घटना की सूचना मिलते ही दमकल वाहन और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। अगलगी की इस घटना में घर में रखे अनाज, फर्नीचर सहित अन्य सामान जल कर खाक हो गया है। अगलगी की जानकारी मिलते ही भवनाथपुर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। पीड़ित बिगन साह ने बताया कि बीते 13 मई की रात्रि घर में एक नकाबपोश चोर घुसा था, जिसे पकड़ने का प्रयास किया गया था, परंतु वह भाग निकला।

फिर वही चोर 15 मई की सुबह में घर के सामने लगे ग्रिल के पास भी आग लगाया गया था, जिसमे कुछ बोड़ा जल गया था, परंतु देर बुधवार की देर घर के दो तले पर अचानक घर वालो ने अगलगी देखा। जिसके बाद लोगों को सूचना के साथ दमकल विभाग को फोन से सूचना दिया था। इस अगलगी की घटना के पीछे गहरी साजिश बताया जा रहा है।

# तीर्थयात्रियों को मुखिया ने अंग वस्त्र देकर किया विदा



तीर्थयात्रियों को अंग वस्त्र देते मुखिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखण्ड क्षेत्र में अमन चैन बने रहने की कामना को लेकर 42 तीर्थ यात्रियों का जत्था अयोध्या के लिए रवाना हुआ। जिसका नेतृत्व प्रवीण कुमार सिंह कर रहे थे। कांडी मुखिया विजय राम और दृष्टि यूथ आर्गेनाइजेशन संस्था के प्रधान सचिव शशांक शेखर ने सभी तीर्थयात्रियों को अंग वस्त्र व पानी का बोतल देकर विदा किया। सभी यात्री वाराणसी, विंध्याचल, प्रयागराज होते अयोध्या दर्शन करते हुए वापस कांडी आएंगे। तीर्थ यात्रा में राजा राम साव, यमुना साव, प्रमोद साव, राम प्रसाद राम, गौरीशंकर पाल, दिलीप कुमार सिंह, दिलेश्वर साव, ईश्वरी मेहता, रामाशंकर दुबे आदि लोग शामिल थे।

# शोणभद्र आदर्श डिग्री कलेज में स्नातक में नामांकन शुरू




शोणभद्र आदर्श डिग्री कॉलेज

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के एकलौते उच्च शिक्षण संस्थान की डिग्री कक्षा में नामांकन प्रारंभ हो गया है। इसकी जानकारी देते हुए शोणभद्र आदर्श डिग्री कॉलेज कांडी के प्रभारी प्राचार्य प्रो. बबन कुमार पांडेय ने कहा कि स्नातक (बीए) कक्षा की कला संकाय के 2024-28 सत्र में नामांकन शुरू हो गया है। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के तमाम बुद्धिजीवियों व अभिभावकों से अपील करते हुए कहा है कि अपने निकटवर्ती एकलौते डिग्री कॉलेज में अपने लड़के लड़कियों का नामांकन कराकर उन्हें उज्जवल भविष्य की गारंटी दें। कॉलेज की विशेषताओं का वर्णन करते हुए कहा कि यहां छात्रवृत्ति, उत्तम व समृद्ध पुस्तकालय, उन्नत कंप्यूटर लैब, छात्र छात्राओं के लिए विशेष स्टडी मैटेरियल, योग्य व अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन, निर्धन विद्यार्थियों के नामांकन में विशेष छूट, योग की कक्षाएं, सभी समेस्टर के लिए निःशुल्क अध्ययन सामग्री, आधुनिक व ऑनलाइन विशेष कक्षा, कांडी प्रखंड में परीक्षा का सेंटर, व्यक्तिगत शिक्षा कार्यक्रम, प्रतियोगिता परीक्षा के लिए विशेष कक्षा तथा स्किल डेवलपमेंट की विशेष कक्षाओं की व्यवस्था उपलब है।

## गांजा तस्करी मामले में 10 वर्षों की कठोर कैद

**पटना।** किशोर न्याय अधिनियम के तहत अधिकृत बिहार में पटना व्यवहार न्यायालय की एक सत्र अदालत ने गांजा तस्करी के मामले में दोषी युवक को आज 10 वर्षों के सश्रम कारावास के साथ ही दो लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (प्रथम) संगम सिंह ने मामले में सुनवाई के बाद एक नवयुवक को मादक औषधि एवं मनोत्तेजक पदार्थ अधिनियम की अलग-अलग धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को एक वर्ष के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी।

## सारण : बम विस्फोट में घायल मौलाना की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के गड़खा थाना क्षेत्र में बुधवार को मदरसा में हुए बम विस्फोट में घायल मौलाना की मौत इलाज के दौरान पटना में हो गई है जबकि घायल छात्र की चिकित्सा की जा रही है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के मोतीराजपुर गांव स्थित एक मदरसा में बुधवार की देर रात बम विस्फोट होने से मदरसा के मौलाना मढ़ौरा थाना क्षेत्र के ओल्हनपुर गांव निवासी मौलाना इमामुद्दीन (50) तथा पड़ोसी जिला मुजफ्फरपुर का छात्र नूर आलम (15) घायल हो गए थे। जिन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा से पटना भेजा गया था।

स्पीड न्यूज

## कान्स के लिए बेटी संग रवाना हुईं ऐश्वर्या



**मुंबई।** मां-बेटी की जोड़ी को एयरपोर्ट पर देखा गया। ऐश्वर्या के दाएं हाथ में आर्म स्लिंग बंधी हुई थी। चोटिल होने के बावजूद भी वह कान फेस्टिवल में शामिल होने गईं। एक्ट्रेस ने ब्लैक पैंट के साथ नेवी ब्लू ट्रेंच कोट पहना हुआ था। वहीं आराध्या ने वाइट स्वेटशर्ट और जॉगर्स के साथ कैजुअल लुक चुना। ऐश्वर्या का रेड कार्पेट लुक अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल होता रहता है। वह एक दशक से अधिक समय से कान फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा रही हैं। ऐश्वर्या पहली बार 2002 में कान के रेड कार्पेट पर शाहरुख खान स्टारर संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास के प्रीमियर के लिए नीता लुल्ला की डिजाइन की हुई साड़ी पहनकर गई थीं। फेस्टिवल में शामिल होने वाली अन्य हस्तियों में अदिति राव हैदरी, शोबिता धूलिपाला और कियारा आडवाणी शामिल हैं।

## पद्मश्री वयोवृद्ध लेखिका मालती जोशी का निधन



**नयी दिल्ली।** पद्म श्री से सम्मानित वयोवृद्ध लेखिका मालती जोशी का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जोशी पिछले कुछ समय से आइसोफेगस के कैंसर से पीड़ित थीं। उनका निधन बुधवार को दिल्ली में उनके पुत्र सच्चिदानंद जोशी के आवास पर हुआ। अंतिम समय में उनके दोनों पुत्र ऋषिकेश और सच्चिदानंद तथा पुत्रवधुएं अर्चना और मालविका उनके पास थे। पचास से अधिक हिन्दी और मराठी कथा संग्रहों की लेखिका मालती जोशी शिवानी के बाद हिन्दी की सबसे लोकप्रिय कथाकार मानी जाती हैं। मालती जोशी की अनूठी कहानी कहने की शैली साहित्यिक दुनिया में एक विशेष स्थान रखती है। जोशी को साहित्य में महत्वपूर्ण योगदान के लिए 2018 में प्रतिष्ठित पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## इंदौर में ट्रक से टकराई कार, 8 लोगों की मौत

इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के बेटमा थाना क्षेत्र में चंदन नगर ब्रिज के पास बुधवार रात इंदौर-अहमदाबाद नेशनल हाई-वे पर एक कार टायर फटने के बाद अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में कार सवार नौ लोगों में से आठ की मौके पर मौत हो गई। मृतकों में एक महिला भी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

## मालदा में वज्रपात से 11 लोगों की मौत

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में अलग-अलग स्थानों पर आकाशीय बिजली की चपेट में आने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गयी। दो अन्य लोग झुलस गए। गुरुवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों में मणिचक थाना क्षेत्र निवासी दो नाबालिग और माला थाना क्षेत्र के साहापुर निवासी तीन लोग शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, वहीं दो अन्य लोग गजोल थाना क्षेत्र के अदीना और रतुआ थाना क्षेत्र के बालूपुर के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि हरीशचंद्रपुर के एक खेत में काम कर रहे दंपति की भी बिजली गिरने से मौत हो गई।

# विपक्ष का फार्मूला, हर साल नया पीएम

## देश चलाना सोने की चम्मच लेकर पैदा होने वाले बच्चों के बस की बात नहीं : मोदी

- शाहजादे को रायबरेली की जनता खटाखट भेजेगी घर
- लखनऊ व दिल्ली वाले गर्मी की छुट्टियों में जायेंगे विदेश

एजेंसी

**प्रतापगढ़ (उप्र)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रतापगढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि (इंडी अलायंस) सरकार चलाने का फॉर्मूला है- हर साल एक नया पीएम। ये चाहते हैं कि भानुमति का कुनबा जोड़ने वालों को लूट का बराबर मौका मिले। ये आपको मंजूर है क्या? रायबरेली की जनता भी खटाखट खटाखट भेजेगी घर : प्रधानमंत्री ने कहा कि देश चलाना सोने की चम्मच लेकर पैदा होने वाले बच्चों के बस की बात नहीं है। रायबरेली की जनता भी खटाखट भेजेगी घर। अमेठी से गए और अब ये रायबरेली से भी जाएंगे। मोदी ने कहा कि शहजादे चाहे लखनऊ वाले हों या दिल्ली वाले, गर्मी की छुट्टियों में विदेश निकल जाएंगे- खटाखट खटाखट। और मैं गारंटी देता हूं कि आपकी सेवा के लिए दिन-रात एक करके काम करूंगा।मेरा पल-पल आपके नाम, मेरे शरीर का कण-कण आपके नाम। इन शहजादों को न मेहनत की आदत है और न ही नतीजे लाने की। इसलिए ये कहते हैं देश का विकास अपने आप होगा देश का विकास खटाखट होगा। ये सोचते हैं कि भारत आत्मनिर्भर अपने आप बन जाएगा और पूछो तो कहते हैं- खटाखट-खटाखट। ये कहते हैं कि भारत की गरीबी हम दूर कर देंगे- खटाखट-खटाखट। मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन में वहीं लोग हैं जो सेना के शौर्य पर सवाल उठाते हैं। आपको सपा-कांग्रेस से सावधान रहने की जरूरत है। 04 जून को



सभी रिकॉर्ड टूट जायेंगे देश में भाजपा सरकार बनेगी। हम विकसित व आत्मनिर्भर भारत बनायेंगे। तीसरे कार्यकाल में हम हिन्दुस्तान को दुनिया में तीसरे नंबर की ताकत बनाकर रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सपा-कांग्रेस देश के विकास का मजाक उड़ाती है। इनकी नजर देश के खजाने पर है। इन लोगों ने 2014 से पहले देश को बर्बाद कर दिया था। हर क्षेत्र में लूट मची थी। देश निराशा के गर्त में डूबा था। हम देश की अर्थव्यवस्था को दुनिया में पांच नम्बर पर ले आये हैं। आज भारत जी-20 जैसे बड़े आयोजन बड़ी सफलता और गर्व के साथ करवाता है। भारत अपने तिरंगे की छाप चंद्रमा पर छोड़ता है। 10 साल पहले ऐसी सफलता की कल्पना भी कर सकते थे क्या? तब हजारों करोड़ के घोटाले के अलावा कोई खबर आई थी क्या? जो पहले असंभव था, आज वह संभव हो पाया है। यह बदलाव, यह सफलता मोदी के कारण नहीं बल्कि आपके एक वोट के कारण मिली है, यह आपके वोट की ताकत है। इसलिए आज पूरा देश कह रहा है- इस सरकार का तीसरा कार्यकाल होगा और दमदार। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रतापगढ़ के नाम में ही प्रताप है। ये वीरों और बलिदानियों की भूमि है और आज हमारे भारत का प्रताप पूरी दुनिया देख रही है, आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है।यूपी का विकास, देश का भविष्य आपके एक वोट से तय होगा। लोकसभा प्रत्याशी को जिताने की अपील करते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आप संगमलाल को भारी बहुमत से जिताएं। आपका एक-एक वोट मोदी की ताकत बढ़ाएगा। ज्यादा से ज्यादा मतदान करिए और पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दीजिए।

## कोई माई का लाल खत्म नहीं कर सकता सीएए : प्रधानमंत्री

पीएम मोदी ने आजमगढ़ में कहा कि कोई माई का लाल सीएए को खत्म नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि सपा बसपा कांग्रेस ने सीएए के नाम पर झूठ फैलाया। पूरे देश को दंगों की आग में झोंकने का प्रयास किया। इंडी गठबंधन वाले कहते हैं जिस दिन मोदी जायेगा यह सीएए भी जायेगा। देश का हर नागरिक जान गया है कि वोट बैंक की राजनीति कर हिन्दू मुसलमान को लड़ाकर सेक्युलरिज्म का चोला पहनरखा था। आपकी सच्चाई बाहर नहीं आ रही थी लेकिन मोदी ने आपकी सच्चाई उजागर कर दी है। आपने देश को 7 दशक तक साम्प्रदायिकता की आग में जूझने के लिए मजबूर कर दिया था। मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन तुष्टिकरण के दलदल में पूरी तरह फंस चुकी है। समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेता राम मंदिर को लेकर आए दिन घटिया बातें कर रहे हैं। कांग्रेस के शहजादे ने तो राम मंदिर को गालियां देने का मिशन ही चला रखा है। वोटबैंक के लिए यह लोग हमारी आस्था पर चोट कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि भारत के लोगों को मोदी की गारंटी पर कितना भरोसा है। इसका उदाहरण सीएए कानून है। इसके तहत शरणार्थियों को बुधवार को नागरिकता दी गई। यह वे लोग हैं जो भारत के बंटवारें में बाहर चले गये थे।

# पूरी तरह से इंडी गठबंधन का हिस्सा हूं : ममता बनर्जी

- बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का माकपा और कांग्रेस के साथ गठबंधन में नहीं है : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन को लेकर गुरुवार को घोषणा की है। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा विरोधी गठबंधन का हिस्सा हैं और आगे भी रहेंगी। हालांकि एक दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि वह सत्ता में आने के बाद विपक्षी मोर्चे को बाहर से समर्थन देंगी। तमलुक में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ममता ने साफ किया कि तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल में माकपा और कांग्रेस के साथ गठबंधन में नहीं है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय स्तर पर कुछ लोगों ने कल मेरे बयान को गलत समझा है। मैं पूरी तरह से इंडी गठबंधन का हिस्सा हूं। यह गठबंधन मेरे दिमाग की उपज थी। हम राष्ट्रीय स्तर पर साथ हैं और आगे भी साथ रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि माकपा और कांग्रेस दोनों की पश्चिम बंगाल इकाइयां, जो गठबंधन का हिस्सा हैं, ने हाथ मिलाया है और राज्य में भाजपा की मदद की है। उन्होंने कहा कि बंगाल में माकपा और कांग्रेस पर भरोसा मत करो। वे हमारे साथ नहीं हैं, वे यहां भाजपा के साथ हैं। मैं दिल्ली में उस (इंडिया ब्लॉक) के बारे में बात कर रही हूं। ममता ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी केंद्र में सरकार बनाने के लिए विपक्षी इंडी गुट को बाहर से समर्थन देगी। लोकसभा चुनाव में 400 सीटें हासिल करने के भाजपा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य पर संदेह व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि लोग उन्हें खारिज कर देंगे। ममता ने कहा कि भाजपा के बारे में पूरा देश समझ रहा है। हम (तृणमूल) केंद्र में सरकार बनाने के लिए इंडी ब्लॉक को बाहर से समर्थन देंगे। हम अपना समर्थन देंगे ताकि बंगाल में हमारी माताओं और बहनों को कभी समस्या न हो... और जो लोग 100 दिन की नौकरी योजना में काम करते हैं, उन्हें भी समस्या न हो।



## मोदी ने एक दशक में इतना अधिक झूठ बोला, उसे गिनना मुश्किल है : दिग्विजय



**प्रयागराज।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भाजपा पर नफरत करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह लोगों के बीच नफरत पैदा कर अपनी राजनीति की रोटी सेंकती है। श्री सिंह गुरूवार को कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के सिविल लाइंस आवास पर पार्टी नेताओं से मुलाकात करने के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि भाजपा लोगों के बीच प्रेम की जगह अलगाववाद की राजनीति कर रही है। भाजपा हमेशा से नफरत की राजनीति की है। लोगों को मुख्य मुद्दों से भटका रही है। भाजपा दबाव की नीति अपना रही है। यह सरकार लोगों को अपनी आवाज उठाने नहीं देना चाहती। संविधान हमें अभिव्यक्ति का अधिकार देता है और सरकार उस अधिकार को दबा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को झूठ बोलने वाला बताया। उन्होंने एक दशक में इतना अधिक झूठ बोला है कि उसे गिन पाना मुश्किल है। इस झूठ के खिलाफ जन आक्रोश पनप चुका है। बिहार और उत्तर प्रदेश में क्रांति की चिंगारी फूट चुकी है। जो लोग कल तक चुप बैठते थे, अब मुखर हो रहे हैं। इस बार बदलाव तय है।पूर्व मुख्यमंत्री ने ईवीएम और चुनाव आयोग को लेकर कहा भी सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि इतने जन आक्रोश के बाद भी अगर भाजपा जीतती है तो यह निश्चित रूप से ईवीएम मशीन में खेल करने से संभव है।

## 15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर बहाली शुरू करेंगे : राहुल

- कहा-एक जुलाई से गरीब महिलाओं के खाते में 8500 रुपए हर महीने खटाखट पहुंचाएगा, आपका एक वोट

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अन्याय को मिटाने के लिए एक एक वोट को जरूरी बताते हुए कहा है कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो 15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर भर्ती शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में न्याय नहीं हो रहा है। जल, जमीन और जंगल से आदिवासियों के हकों को छीना जा रहा है और सबके साथ अन्याय हो रहा है इसलिए न्याय के लिए हर एक वोट जरूरी है। श्री गांधी ने कहा कि अपने एक वोट की ताकत समझिए। देश भर में हो रहे भयंकर भेदभाव और अन्याय को मिटाएगा - आपका एक वोट,15 अगस्त तक 30 लाख सरकारी पदों की भर्ती का काम शुरू करवाएगा - आपका एक वोट। एक जुलाई से गरीब महिलाओं के खाते में 8,500 रुपए हर माह खटाखट पहुंचाएगा - आपका एक वोट। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को मिला आपका एक वोट युवाओं को 1 लाख रुपए वर्ष की पहली नौकरी दिलवाएगा,आपको अधिकार देने वाले संविधान की रक्षा करेगा, अपनी सरकार चुनने का अधिकार सुरक्षित कर लोकतंत्र बचाएगा और वंचितों के हक, भागीदारी तथा आरक्षण की रक्षा करने के साथ ही जल, जंगल, जमीन पर आदिवासियों का अधिकार कायम रखेगा।



## फिर दिल्ली वालों को खांसने के लिए मजबूर कर देंगे केजरीवाल : योगी

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की बुद्धि जेल जाने के बाद फिर गई है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के जेल में होने से दिल्लीवासी खुश थे कि कम से कम उनकी खांसी बंद थी, अब ये फिर से दिल्ली वालों को खांसने के लिए मजबूर कर देंगे। तिंदवारी में हमीरपुर-महोबा लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि अन्ना हजारे के सपनों पर पानी फेरने वाले केजरीवाल अब मेरा नाम लेकर बातें कर रहे हैं। अन्ना ने जिस कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन किया था, केजरीवाल ने उसे ही अपने गले का हार बना लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेल जाकर केजरीवाल को पता चल गया है कि अब वह कभी जेल के बाहर नहीं आने वाले हैं। उन्होंने अन्ना हजारे के सपनों पर पानी फेरने का काम किया है। इस पाप के लिए अन्ना हजारे उन्हें कभी माफ नहीं कर सकते। आम आदमी पार्टी ने सत्ता में पहुंचकर अपने ईद-गिर्द भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा लगा दिया है। अन्ना दुखी होते होंगे कि मेरे आंदोलन की उपज किस प्रकार की राजनीति करते हैं।



## जिनपिंग और पुतिन ने लिये कई अहम फैसले

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच गुरुवार को यहां बीजिंग ग्रेट हॉल ऑफ द पीपुल में एकांत में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नाटो के रुख को विनाशकारी करार देने के साथ ही पूर्वोत्तर एशिया में शक्ति संतुलन को बदल कर अमेरिकी आधिपत्य स्थापित करने के प्रयासों की निंदा की। पांचवे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण करने के बाद पुतिन पहली विदेश यात्रा पर दो दिन की चीन की राजकीय यात्रा पर बीजिंग आये हैं। चीनी राष्ट्रपति ने गुरुवार को यहां अपने पुराने मित्र रूसी राष्ट्रपति का पारंपरिक ढंग से भव्य स्वागत किया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय एवं महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर गहन विचार विमर्श किया।

## केजरीवाल को दो जून को करना होगा समर्पण : सुप्रीम कोर्ट

- दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने सभा में कहा था, लोगों ने झाड़ू को वोट दिया तो मुझे वापस जेल नहीं जाना पड़ेगा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले के मामले में गिरफ्तारी के बाद एक जून तक अंतरिम जमानत पर 10 मई को तिहाड़ जेल से रिहा हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के चुनावी सभा के एक कथित बयान '...अगर लोगों ने झाड़ू को वोट दिया तो मुझे वापस जेल नहीं जाना पड़ेगा पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आपत्ति पर गुरुवार को कहा उसका (शीर्ष अदालत) आदेश बिल्कुल स्पष्ट है कि उन्हें (केजरीवाल) दो जून को आत्मसमर्पण करना होगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने स्पष्ट किया कि उसने केजरीवाल के मामले को अपवाद नहीं बनाया है। उन्हें अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाना उचित है।पीठ ने आगे कहा कि हमारा आदेश बहुत स्पष्ट है। हमने एक समय सीमा तय की है कि अमुक तारीख के दौरान को वह जमानत पर हैं और जिस तारीख को उन्हें आत्मसमर्पण करना है (दो जून को, केजरीवाल को आत्मसमर्पण करना होगा)। यह शीर्ष अदालत का आदेश है। शीर्ष अदालत के समक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने श्री केजरीवाल की ओर से कथित तौर पर दिए गए उक्त बयान पर आपत्ति जताई थी। श्री मेहता ने पीठ के समक्ष श्री केजरीवाल के कथित बयान के संदर्भ में दावा करते हुए कहा कि यह (बयान) संस्था (शीर्ष अदालत) के मुंह पर एक तमाचा है। मैं इस पर आपत्ति जताता हूं। सॉलिसिटर जनरल ने श्री केजरीवाल का हवाला देते हुए कहा, 'आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक ने अपने सार्वजनिक भाषण में कहा-वे (लोग) कहते हैं कि मुझे 20 दिनों में वापस जेल जाना होगा। अगर आप हमारी पार्टी के चुनाव चिह्न झाड़ू (आप का चुनाव चिह्न) को वोट देंगे तो मुझे जेल नहीं जाना पड़ता। शीर्ष अदालत के समक्ष श्री मेहता ने पूछा कि ऐसा कैसे हो सकता है कि अगर आप (लोग) मुझे वोट देंगे तो मुझे दो जून को वापस जेल नहीं जाना पड़ेगा।₹ इस पर पीठ ने फिर स्पष्ट किया कि यह उनकी धारणा है। हमारा आदेश स्पष्ट है। वरिष्ठ वकील ए एम सिंघवी ने श्री केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान का उल्लेख करते हुए कहा, 'मैंने नहीं सोचा था कि वह ऐसा कहेंगे। मैं हलफनामा दायर करूंगा और वह (केजरीवाल) सरकार के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण आरोप लगा रहे थे...मैं इस (केंद्र) सरकार के शीर्ष मंत्री के बारे में हलफनामा दाखिल करूंगा।' इस पर पीठ ने कहा कि जहां तक फैसले के आलोचनात्मक विश्लेषण या यहां तक कि आलोचना का सवाल है, आपके अलग-अलग दृष्टिकोण हो सकते हैं। हमें इससे कोई परेशानी नहीं है। हमारा आदेश बहुत स्पष्ट है।



## माधवी राजे सिंधिया का राजसी परंपरा से हुआ अंतिम संस्कार

### बेटे ज्योतिरादित्य ने दी मुखाग्नि, हजारों लोगों ने नम आंखों से दी राजमाता को विदाई

- राजमाता विजयाराजे सिंधिया और माधव राव सिंधिया की समाधि के पास ही उनका किया गया अंतिम संस्कार

एजेंसी

**ग्वालियर।** ग्वालियर के सिंधिया राजघराने की महारानी और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे का ग्वालियर में गुरुवार शाम को राजसी परंपरा के अनुसार अंतिम संस्कार किया गया। बेटे ज्योतिरादित्य ने मां माधवी राजे को मुखाग्नि दी। इससे पहले मंत्रोच्चार के बीच धार्मिक कर्मकांड संपन्न कराए गए। ग्वालियर में सिंधिया छत्री पर महारानी माधवी राजे को अंतिम विदाई देने के लिए कई वीवीआईपी और आम लोग भी पहुंचे। अंतिम संस्कार में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित कई बड़े नेता शामिल रहे। माधवी राजे सिंधिया का बुधवार सुबह दिल्ली के एम्स में उपचार के दौरान निधन हो गया था। 75 वर्षीय माधवी राजे लंबे समय से बीमार थीं। बीते दो माह से वह दिल्ली के एम्स में ही भर्ती थीं। उनकी पार्थिव देह गुरुवार दोपहर में ग्वालियर पहुंची। यहां रानी महल में उनकी पार्थिव देह को अंतिम दर्शनों के लिए रखी गई थी। यहां रानी महल में लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए। पक्ष और विपक्ष के कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की इसके बाद शाम को रानी महल से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई, जिसमें जनसैलाब उमड़ पड़ा। कटोराताल स्थित थीम रोड स्थित अम्मा महाराज की छतरी में राजमाता विजयाराजे सिंधिया व स्व. माधव राव सिंधिया की समाधि के पास ही शाम को उनका अंतिम संस्कार किया गया। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मां माधवी राजे के अंतिम संस्कार की तमाम रस्में निभाई। उन्होंने मां को मुखाग्नि देकर अंतिम विदाई दी। अंतिम संस्कार में सीएम डॉ. मोहन यादव, मंत्री प्रहलाद पटेल, कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा, पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा, समेत कई नेता शामिल हुए।




VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !